सुप्रभात

रांची, शुक्रवार
17.01.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 187



कल्याण विभाग कार्यालय में पूजा अर्चना करते चमरा लिंडा

## न्यूज डायरी

### नीट यूजी परीक्षा एक ही पाली में पेपर मोड में होगी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने गुरुवार को घोषणा की है कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी 2025 एक ही दिन और एक ही पाली में पेन और पेपर मोड (ओएमआर) में आयोजित की जायेगी। यह पिछले वर्षों की तुलना में एक महत्वपूर्ण बदलाव है, जहां परीक्षा कंप्यूटर आधारित मोड में आयोजित की जाती थी। एनटीए की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा लिये गये निर्णय के मुताबिक नीट (यूजी)-2025 एक दिन और एक ही पाली में पेन और पेपर मोड (ओएमआर आधारित) में आयोजित की जाएगी।

### प्रेम-प्रसंग में भागी थी दोनों बहनें, पांच गिरफ्तार

**रांची।** हिंदपीढ़ी की रहने वाली दो सगी बहनों के रहस्यमय तरीके से गायब होने के मामले का रांची पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में हिंदपीढ़ी निवासी मो. इस्माइल, जुनैद आलम, मजहर आलम, इमरान खान और काशिद फिरोज शामिल हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। रांची पुलिस की स्पेशल टीम ने कर्नाटक पुलिस की सहायता से दोनों बहनों को कर्नाटक केरल बॉर्डर के पास से बरामद कर लिया।

### 21 तक तापमान में बदलाव के आसार नहीं

**रांची।** झारखंड में ठंड का कहर जारी है। 21 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। गुरुवार को राजधानी रांची में सुबह में कोहरा और धुंध के बीच बादलों की लुका छिपी बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार 21 तक सुबह में कोहरा और आंशिक रूप से बादल छाये रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा और कहीं-कहीं हल्का कोहरा भी देखा गया।

### सर्जरी के बाद सैफ अली खान अब स्वस्थ

**मुंबई।** बुधवार की रात हमले के बाद फिल्म स्टार सैफ अली खान अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। लीलावती अस्पताल में सर्जरी के बाद अब वह खतरे से बाहर हैं। हमलावर को लेकर सैफ अली खान की मेड ने पुलिस के सामने बयान दर्ज करवाये। उसने साफ कहा कि हमलावर ने सैफ और उसके बच्चों को बंधक नहीं बनाया था, बल्कि उसे बनाया था। मेड ने कहा कि हमलावर ने मुझे बंधक बनाया और मेरे से 1 करोड़ की फिरौती मांगी थी। सैफ और उनके परिवारवालों से फिरौती नहीं मांगी गयी थी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 72600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 96000 रु./प्रति किलो |




## इसरो की स्वर्णिम सफलता से भारत बना दुनिया का चौथा देश

# अंतरिक्ष में दो उपग्रहों का कराया महामिलन

### स्पेडेक्स मिशन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में मील का पत्थर

**एजेंसी**

**बेंगलुरु ।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की सफल डॉकिंग (मिलन) की। इसरो ने इस उपलब्धि की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा करते हुए कहा, भारत ने अंतरिक्ष इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। इसरो के स्पेडेक्स मिशन ने डॉकिंग में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इसरो ने घोषणा की कि डॉकिंग के बाद, एक वस्तु के रूप में दो उपग्रहों पर नियंत्रण स्थापित करने की प्रक्रिया भी सफल रही। इस क्षण का गवाह बनकर गर्व महसूस हो रहा है। इसके साथ ही यह सफलता हासिल करनेवाला भारत दुनिया का चौथा देश बन गया। इससे पहले यह उपलब्धि अमेरिका, रूस और चीन ने हासिल की थी। इसरो की इस ऐतिहासिक सफलता पर पीएम मोदी ने सभी वैज्ञानिकों और पूरी अंतरिक्ष बिरादरी को बधाइ दी। साथ ही कहा, यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। **अंतरिक्ष में भारत की**



**बढ़ती क्षमता :** इस मिशन के माध्यम से, भारत अंतरिक्ष डॉकिंग प्रौद्योगिकी रखने वाला दुनिया का चौथा देश बनने की ओर अग्रसर है। स्पेडेक्स मिशन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। डॉकिंग प्रक्रिया में दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में जोड़ने का यह प्रयास पूरी तरह सफल रहा, जो न केवल तकनीकी विशेषज्ञता बल्कि भारत की अंतरिक्ष में बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। इससे पहले 12 जनवरी को इसरो ने उपग्रहों को डॉक करने के परीक्षण के तहत दो अंतरिक्ष यान को तीन मीटर की दूरी पर लाकर और फिर सुरक्षित दूरी पर वापस भेजा था। (शेष पेज 11 पर)

### क्या है उद्देश्य

इस मिशन का उद्देश्य भविष्य में मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियानों और अंतरिक्ष स्टेशन निर्माण के लिए आवश्यक तकनीकों का परीक्षण करना है। यह उपलब्धि भारत को अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक में विशेषज्ञता हासिल करने वाले कुछ गिने-चुने देशों की श्रेणी में खड़ा करती है। यह प्रौद्योगिकी भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं जैसे चंद्रमा पर भारतीय मिशन, चंद्रमा से नमूने वापस लाना, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का निर्माण और संचालन आदि के लिए आवश्यक है।

# केंद्र सरकार ने 8वां वेतन आयोग बनाने की दी मंजूरी

### केंद्रीय कर्मियों को बड़ा तोहफा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। मोदी कैबिनेट ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा, यह निर्णय सरकारी कर्मचारियों के लिए लाभ सुनिश्चित करने के मद्देनजर लिया गया है। आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द ही की जायेगी। सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें 2016 में लागू की गयी थीं, जिसका कार्यकाल 2026 में समाप्त हो रहा है।

**आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें :** सातवें वेतन आयोग का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही प्राप्त होने की उम्मीद है। इसके लिए 2025 तक पर्याप्त समय दिया गया है। आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें 2026 तक लागू होने की उम्मीद है। केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद से देशभर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारियों को लाभ मिलेगा। कर्मचारी संगठन लंबे समय से आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग कर रहे थे। आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन और उसकी सिफारिशें स्वीकार होने पर लगभग 49 लाख सरकारी कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनभोगियों के वेतन पर इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा और उन्हें इसका लाभ मिलेगा।



### तीसरे उपग्रह लांच पैड को भी मंजूरी

गुरुवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र में 3985 करोड़ रुपये की लागत से तीसरे लॉन्च पैड की स्थापना को मंजूरी दे दी। तीसरी लॉन्च पैड परियोजना में इसरो की अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यानों के लिए श्रीहरिकोटा में प्रक्षेपण संबंधी बुनियादी ढांचे की स्थापना और श्रीहरिकोटा में दूसरे लॉन्च पैड के लिए स्टैंडबाय लॉन्च पैड के रूप में सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की गयी है। इससे भविष्य के भारतीय मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशनों के लिए प्रक्षेपण क्षमता में भी वृद्धि होगी। इस लांच पैड को 48 महीने या 4 साल की अवधि में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना पर 3984.86 करोड़ रुपये की लागत आयेगी और इसमें लॉन्च पैड तथा संबंधित सुविधाओं की स्थापना शामिल है।

## नगर निकाय चुनाव पर झारखंड हाइकोर्ट का आदेश

# चार महीने के अंदर शुरू करें चुनाव की प्रक्रिया

▸ सीएस और नगर विकास सचिव कोर्ट में हाजिर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को चार माह के अंदर चुनाव कराने का निर्देश दिया है. आज 16 जनवरी को इस मामले की झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, इस दौरान कोर्ट के आदेश पर राज्य के मुख्य सचिव भी सुनवाई के दौरान मौजूद रहे। गुरुवार को जस्टिस आनंद सेन की अदालत में सुनवाई के दौरान एक बार फिर सरकार की ओर से नगर निकाय चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों की जानकारी दी गयी। सरकार ने कोर्ट को ओबीसी आरक्षण को लेकर चल रहे ट्रिपल टेस्ट की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। प्रार्थी रोशनी खलखो व अन्य की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सख्त निर्देश देते हुए चार माह के अंदर प्रक्रिया शुरू करने को कहा है।



**अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद :** कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को निकाय चुनाव के मद्देनजर अपडेटेड वोटर लिस्ट राज्य निर्वाचन आयोग को देने को कहा है। साथ ही मुख्य सचिव को अगली सुनवाई में उपस्थित से छूट प्रदान की। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पैरवी की। अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। कोर्ट ने एकल पीठ के तीन सप्ताह में चुनाव कराने के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर सवाल भी उठाये।

### जहां होने हैं चुनाव

**नगर निगम(09) :** रांची, हजारीबाग, मेदनीनगर, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, चास, आदित्यपुर और मानगो।

**नगर परिषद (21):** गढ़वा, विश्रामपुर, चाईबासा, झुमरी तिलैया, चक्रधरपुर, चतरा, चिरकुंडा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, गुमला, जुगसलाई, कपाली, लोहरदगा, सिमडेगा, मधुपुर, रामगढ़, साहिबगंज, फुसरो और मिहिजाम।

**नगर पंचायत (19) :** बंशीधर नगर, मझिआंव, हुसैनाबाद, हरिहरगंज, छतरपुर, लातेहार, कोडरमा, डोमचांच, बड़की सरैया, धनवार, महगामा, राजमहल, बरहरवा, बासुकीनाथ, जामताड़ा, बुंडू, खूंटी, सरायकेला और चाकुलिया

(शेष पेज 11 पर)

# छत्तीसगढ़ : सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया

## बीजापुर-सुकमा बॉर्डर पर मुठभेड़

**एजेंसी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गये। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ सुबह करीब 9 बजे दक्षिणी बीजापुर के जंगल में हुई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।

देर शाम तक दोनों तरफ से रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है। अधिकारी ने बताया कि इस अभियान में राज्य पुलिस के तीन जिलों के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), कोबरा (सीआरपीएफ की एक विशिष्ट जंगल युद्ध इकाई- कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन) की पांच बटालियन और सीआरपीएफ की 229वीं बटालियन के जवान शामिल थे।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ सुबह करीब 9 बजे दक्षिणी बीजापुर के जंगल में हुई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। देर शाम तक दोनों तरफ से रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। (शेष पेज 11 पर)

महेंद्र सिंह के शहादत दिवस पर संकल्प सभा

# देश का संविधान गलत हाथों में : दीपांकर भट्टाचार्य

**गिरिडीह।** भाकपा माले के महासचिव कामरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि देश का संविधान गलत हाथों में है। संविधान के 75 साल पूरे होने के अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान निमार्ता बाबा साहेब के खिलाफ बेतुका बयान देकर यह साबित कर दिया है। संविधान ऐसे लोगों के हाथ में है, जिनका देश की आजादी के आंदोलन से कोई लेना-देना नहीं था। दीपंकर भट्टाचार्य शहीद विधायक महेंद्र सिंह के 21वें शहादत दिवस पर बगोदर पहुंचे, जहां उन्होंने भाकपा माले द्वारा आयोजित जन संकल्प सभा को संबोधित किया। इससे पहले शहादत दिवस कार्यक्रम की शुरुआत शहीद विधायक महेंद्र सिंह के पैतृक गांव खाम्ब्रा से हुई। दीपंकर भट्टाचार्य ने सबसे पहले यहां उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह, राजकुमार यादव, समेत मनोज भक्त,उप प्रमुख हरेंद्र सिंह, प्शहीद विधायक महेंद्र सिंह के परिजन प्रीति सिखा, नीलू सिंह, नीतू सिंह, विभा सिंह आदि ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# बेहतर इलाज को कड़िया मुंडा एम्स रेफर

### एयर एंबुलेंस से दिल्ली भेजे गये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वरिष्ठ भाजपा नेता पद्म भूषण कड़िया मुंडा को बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से दिल्ली एम्स भेजा गया। पिछले 10 दिनों से रांची मेडिका अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। स्वास्थ्य में धीमी सुधार को देखते हुए गुरुवार को उन्हें दिल्ली एम्स भेजने का निर्णय लिया गया। केंद्रीय जनजाति मंत्री जुएल ओरांव ने मकर संक्रांति के दिन अस्पताल में कड़िया मुंडा से मुलाकात की थी और हाल-चाल जाना था। केंद्रीय मंत्री श्री ओरांव द्वारा सारी व्यवस्थाएं देखने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए एम्स में भेजा गया। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने पार्टी की ओर से समुचित व्यवस्था करते हुए उन्हें रांची एयरपोर्ट तक लाया और दिल्ली के लिए एयर एम्बुलेंस से रवाना किया। शिवशंकर उरांव ने कहा कि यह जिम्मेदारी हमारे नेता जुएल उरांव ने हमें दी थी। हमें उम्मीद है कि दिल्ली एम्स में बेहतर इलाज कराने के बाद वे जल्द लौटेंगे और उनका मार्गदर्शन हमें और पार्टी को मिलता रहेगा।



कड़िया मुंडा के स्वास्थ्य को लेकर पीएम मोदी से लेकर भाजपा के कई बड़े नेता चिंता जाहिर कर चुके हैं। रांची में इलाज के दौरान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई बड़े नेता उनको देखने पहुंचे थे। कड़िया मुंडा खूंटी लोकसभा सीट से आठ बार सांसद रहे हैं। जनसंघ से लेकर भाजपा को स्थापित करने में उनकी अहम भूमिका है। कड़िया मुंडा सबसे पहले 1971 में पहली बार चुनाव लड़ा था। 1977 के चुनाव में उन्हें पहली बार जीत मिली थी और संसद पहुंचे थे।

## विदेशी प्रतिनिधियों ने लगायी संगम में डुबकी, कहा

# महाकुंभ दे रहा दुनिया को एकता का संदेश

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में गुरुवार को 10 देशों के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आस्था की डुबकी लगायी। पवित्र स्नान के बाद विदेशी प्रतिनिधि दल ने समूचे महाकुंभ क्षेत्र का दौरा किया। उन्हें इस विशाल धार्मिक आयोजन की व्यापकता देखने को मिली।

विदेशी मेहमानों ने संगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न अखाड़ों का दौरा किया। इस यात्रा में उन्होंने न केवल महाकुंभ के धार्मिक महत्व को समझा बल्कि भारतीय संस्कृति के अद्भुत पहलुओं को भी अनुभव किया। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने दुनिया के इस सबसे बड़े आयोजन के भव्य इंतजाम के लिए योगी सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। भारतीय संस्कृति को देखने और समझने के लिए सभी देशों के लोगों को यहां महाकुंभ नगर जरूर आना चाहिए।



### सामाजिक-सांस्कृतिक एकता का प्रतीक

मेहमानों ने कहा, महाकुंभ का आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ में भी एकता का प्रतीक है। 21 प्रतिनिधियों ने इस आयोजन की भव्यता और उसकी वैश्विक पहचान को नजदीक से महसूस किया। साथ ही कहा कि महाकुंभ ने दुनिया को यह संदेश दिया कि दुनिया के विभिन्न कोनों से लोग एकत्रित हो सकते हैं, भले ही उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि अलग-अलग क्यों न हो।

**दुनिया सबसे बड़ा आयोजन :** विदेशी मेहमानों ने कुंभ को दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन करार दिया। (शेष पेज 11 पर)

# गिरिडीह दो वाहनों की टक्कर में तीन की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के डुमरी पथ पर चैनपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी। एक अज्ञात वाहन ने एक वैन को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें वैन में सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। मरने वाले तीनों लोग मधुबन मेला से आइसक्रीम बेच कर लौट रहे थे।

हादसे में मारे गये लोगों में निमियाघाट थाना इलाके के लक्ष्मणटुंडा देवचंद साव (53), केंदुआडीह निवासी थानू कुमार(16) तथा रंगामाटी निवासी घनश्याम साव(38) शामिल हैं। तीनों शव का पोस्टमार्टम गुरुवार की दोपहर में कराया गया।

बुधवार की रात आइसक्रीम बेचने के बाद तीनों एक वैन में सवार होकर घर जा रहे थे। अज्ञात वाहन के धक्के से वैन परखच्चे उड़ गये। घटना की जानकारी पर मधुबन थाना पुलिस ने तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इधर घटना के बाद से परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल बना हुआ है। लोगों ने प्रशासन से इस मामले में धक्का मारने वाले वाहन और उसके चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# राहुल गांधी का बयान देश के लिये विभाजनकारी : बाबूलाल

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता बाहरी ताकतों के प्रभाव में कर रहे कार्य**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा निशाना साधा है। श्री मरांडी ने कहा कि राहुल गांधी का हालिया बयान, जिसमें उन्होंने कांग्रेस की लड़ाई केवल आरएसएस और भाजपा के खिलाफ नहीं, बल्कि भारत के खिलाफ भी बताया है, बेहद चिंताजनक और विभाजनकारी है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेता बाहरी शक्तियों, जैसे जॉर्ज सोरोस और उनके समर्थकों के प्रभाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बयान भारतीय राजनीति में एक खतरनाक मोड़ है। जो यह दर्शाता है कि कुछ नेता देश के हितों से अधिक अपनी राजनीति और बाहरी ताकतों के दबाव को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अपील करते हुये कहा कि वे इस प्रकार की देशविरोधी और विभाजनकारी बयानबाजी पर सख्त कदम उठायें। यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि भविष्य में इस तरह के बयान न दिये जायें। उन्होंने कहा कि अगर आज ही इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह एक खतरनाक प्रवृत्ति का रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ किसी भी प्रकार की बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिये।

## हजारीबाग ढेंगा गोलीकांड : हाईकोर्ट ने सिविल कोर्ट को आदेश देने पर लगायी रोक

**रांची।** झारखंड राज्य के हजारीबाग के बड़कागांव में हुए चर्चित ढेंगा गोलीकांड मामले में नया मोड़ सामने आ गया है। हाईकोर्ट के जस्टिस अनिल चौधरी की कोर्ट ने रांची सिविल कोर्ट के विशाल श्रीवास्तव के कोर्ट में चल रहे ट्रायल पर अगले आदेश तक किसी प्रकार का आदेश जारी करने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

इससे पूर्व ढेंगा गोलीकांड में पुलिस के अनुसंधान और चार्जशीट पर सवाल खड़ा करते हुए मंटु सोनी द्वारा याचिका दायर किया गया था। जिसपर जुलाई 2022 में झारखंड हाईकोर्ट ने सीआईडी जांच का आदेश दिया था। दरअसल इस मामले में नया ट्विस्ट तब आया, जब हाईकोर्ट के आदेश के बाद एक तरफ सीआईडी अब तक उस मामले पर अनुसंधान पूरा नही कर रही है और वहीं पूर्व चार्जशीट जिसके खिलाफ हाईकोर्ट ने सीआईडी जांच का आदेश दिया था, उसी के आधार पर मामले का ट्रायल रांची सिविल कोर्ट के विशाल श्रीवास्तव के कोर्ट में चलाया जा रहा है। ऐसी स्थिती में एक बार फिर यह मामला झारखंड हाईकोर्ट पहुंच गया है। प्रार्थी मंटु सोनी ने अपने अधिवक्ता हेमंत सिकरवार के माध्यम से कोर्ट में याचिका दायर कहा है कि सीआईडी मामले की जांच पूरा नही कर रही है और रांची सिविल कोर्ट के विशाल श्रीवास्तव द्वारा सुप्रीम कोर्ट के नत्थी लाल बनाम यूपी सरकार के आदेश का उल्लंघन कर पूर्व की चार्जशीट पर ट्रायल भी चला रहा है।


## Announcement

Brahmananda Narayana Hospital, Jamshedpur is discarding the medical records on 5th February 2025. These records are of those patients who were admitted till December 2018. If patient's want to retrieve their medical records can collect the same till 1st February 2025. Beyond the mentioned date the data shall not be available to retrieve.

**By Order of Management**

Brahmananda Narayana Hospital, Jamshedpur


# अब घर बैठे कटाएं रसीद, राज्यवासियों को मिलेगी बार कोड की सुविधा : बिरूआ

## भू-राजस्व मंत्री ने राजस्व संग्रहण पर वर्चुअल बैठक में अधिकारियों को दिये जरूरी निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि जमीन संबंधित मुद्दों पर आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजस्व संग्रहण किया जाये। म्यूटेशन समेत अन्य जमीन संबंधित कार्यों को राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में लायें। यह बातें उन्होंने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में सभी प्रमंडलीय आयुक्त और विभागीय सचिव के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक में कही। मंत्री ने कहा कि अधिकारी ऐसे कार्यों को ससमय पूरा कराने की दिशा में काम करें, ताकि आमजनों को बेहतर सुविधा मिल सके। साथ ही सरकार का राजस्व संग्रह बढ़े।

**नहीं लगाने पड़ेंगे ऑफिस के चक्कर**

उन्होंने कहा कि अपनी जमीन की भी रसीद कटवाने के लिए लोगों को कचहरी और कर्मचारियों के कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं, इसलिए अब राज्यवासियों को बार कोड की सुविधा मिलेगी। इसके माध्यम से लोग मोबाइल से ही अपनी जमीन की रसीद काट सकेंगे। विभाग इस पर आगे की कार्यवाही करें। बार कोड के जरिये रसीद कटने पर लोगों को रसीद कटवाने के लिए यहां-वहां जाने की जरूरत नहीं होगी।

**दो हजार करोड़ बकाया की वसूली का प्रस्ताव**

बैठक में कोल्हान आयुक्त ने जमशेदपुर जिले की कंपनियों से बकाया दो हजार करोड़ की राशि की वसूली करने का प्रस्ताव रखा। जिसपर मंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उस पर आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामले हैं, जहां से रेवेन्यू वसूली होने पर राज्य की राजस्व में बढ़ोतरी होगी। इसपर काम करने की जरूरत है।



### हरमू नदी के अतिक्रमण पर बनेगी रणनीति

मंत्री ने सरकारी जमीन के कब्जे मामले में भी सख्ती दिखाते हुए निर्देश दिया कि सरकारी जमीन पर जमाबंदी कायम है या नहीं, इसपर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि हरमू नदी के किनारे अनावश्यक रूप से कब्जा कर नदी को समाप्ति के कगार पर छोड़ा जा रहा है। इसपर उन्होंने विभागीय स्तर पर चर्चा कर आगे की कार्रवाई करने की रणनीति तय करने का निर्देश दिया।

### बैठक में इन मसलों पर भी हुई चर्चा

बैठक में लंबित म्यूटेशन की कठिनाईयों को दूर कर जमीन संबंधित राजस्व संग्रहण को सहूलियत बनाने, खासमहल जमीन के रिन्यूअल कराने के सुझाव पर अमल किये जाने, सैरात की वसूली को सुविधाजनक बनाने, नीलाम पत्र वाद के निष्पादन पर खास निर्देश देने, लंबित कोर्ट केस की नियमित समीक्षा कर वरीय पदाधिकारियों द्वारा उसके अविलंब निष्पादन किये जाने पर भी चर्चा हुई। उन्होंने अंचल कार्यालयों में निरीक्षण करने समेत राजस्व बढ़ाने जैसे अन्य महत्वपूर्ण मामलों में कई दिशा निर्देश दिये। वर्चुअल बैठक में मंत्री ने रांची प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी मिश्रा, हजारीबाग प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार, पलामू प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा, दुमका प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल, चाईबासा प्रमंडलीय आयुक्त हरिप्रसाद केसरी के आए सुझाव पर अमल करने के निर्देश दिए। मौके पर विभाग के प्रधान सचिव चंद्रशेखर, विशेष सचिव शशिप्रकाश झा समेत अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

# सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग प्रथम सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले में सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट पर अदालत ने गुरुवार को संज्ञान ले लिया है। इससे आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मामले में सुनवाई पश्चात संज्ञान लिया। सीबीआई ने जांच पूरी करते हुये 12 साल बाद बीते 4 मई को जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ दिलीप प्रसाद समेत 37 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। लेकिन, दाखिल चार्जशीट में अभियोजन स्वीकृति आदेश नहीं रहने के कारण अदालत ने संज्ञान नहीं ले सकी थी। संज्ञान लेने के बाद अदालत ने आरोपियों के खिलाफ उपस्थिति को लेकर समन जारी किया है। इसके लिये अदालत ने 15 फरवरी की तारीख निर्धारित की है।

**चार्जशीट इन आरोपियों के खिलाफ :** सीबीआई ने जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ दिलीप प्रसाद, वरीय सदस्य गोपाल प्रसाद, सदस्य राधा गोविंद नागेश, सदस्य शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी सिंह, कॉपी की जांच करनेवाले परीक्षक में डॉ अरविंद कुमार, डॉ विजय बहादुर सिंह, डॉ परमानंद सिंह, डॉ चंद्रशेखर प्रसाद सिंह, डॉ सिकरादास तिर्की, डॉ समरीता कुमारी, डॉ विजय प्रसाद सिंह, डॉ हरेंद्र कुमार सिंह, डॉ सत्यव्रत सिंह, डॉ अशोक कुमार झा एवं डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह के अलावा अपर समाहर्ता रैंक के अधिकारी सीमा सिंह, सुषमा नीलम सोरेन, कुंवर सिंह पाहन, ज्योति कुमारी झा, अलका कुमारी, मोहनलाल मरांडी, राम नारायण सिंह, सुदर्शन मुर्मू, जेम्स सुरीन, जितेंद्र मुंडा, पूनम कच्छप, राजीव कुमार, संजीव कुमार, अनंत कुमार, परमेश्वर मुंडा, संतोष कुमार गर्ग, कमलेश्वर नारायण एवं विजय वर्मा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

## प्री-लिटिगेशन वादों के निस्तारण में सहायता करता है डालसा - कविता खाती

**रांची।** सोनाहातू प्रखण्ड के ठुंगरूडीह गांव में जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन गुरूवार को को किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा के एलएडीसी अधिवक्ता कविता खाती ने लोगों को फ्री लिगल एड निशुल्क विधिक सहायात के बारे में बताया। किसे विधिक सेवा मिलती है, विधिक सेवा के हकदार कौन है एवं महिलाओं व बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से किस प्रकार का सहायता मुहैया कराया जाता है, इसकी जानकारी दी। उन्होंने मोटर वाहन दुर्घटना में मुआवजा प्राप्त करने की भी जानकारी साझा की। बाल विवाह, बाल मजदूरी, शिक्षा के अधिकार और इसके प्रोविजन के बारे में विस्तार से बताया। दुष्कर्म पीड़िता को प्राप्त होनेवाले मुआवजा के बारे में जानकारी दी गयी व मुआवजा प्राप्त करने के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में पीएलवी कपिलदेव प्रसाद, रामेश्वर चौधरी, कुमारी इंदू देवी, अखीराज महतो एवं राजा उपस्थित थे।

## कोड़ा के सहयोगी ने ईडी कोर्ट में किया सरेंडर

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के सहयोगी शौभिक चप्तोपाध्याय को बड़ी राहत मिली है। गुरुवार को उसने प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इसके बाद अदालत ने उसे सशर्त बेल दे दी है। कोर्ट ने उसे पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। शौभिक चप्तोपाध्याय के खिलाफ ईडी ने वर्ष 2019 में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग

**भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–92/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 29.01.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 30.01.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 30.01.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Nurses Quarter in the Campus of APHC Patrahatu Silli, Ranchi | 2813000 | 56300 | 5000 | Three Months |
| 2 | Renovation work of first floor of the office building of Regional Director, Animal Husbandry Department, South Chhotanagpur, Kanke, Ranchi | 2434500 | 48700 | 5000 | Two Months |
| 3 | Renovation work of the meeting room building located in the office premises of Regional Director, Animal Husbandry Department, South Chotanagpur Region, Kanke, Ranchi | 1994950 | 39900 | 5000 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 344370 Building(24-25)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या 27/2024–25

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 28.01.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि दिनांक 30.01.2025 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 30.01.2025 को 3.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य मद :– DMFT मद
9. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– भीतर सेरका, पंचायत– सेरका, में बासुदेव के घर से नदी तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 17,98,600.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– सेरका, पंचायत– सेरका, में आर०सी०सी० पुलिया से पहाड़ पेन्द्री तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 24,89,700.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– हिसीर, पंचायत– सेरका, में बीस रूपयाही से अम्बाटॉड़ तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 24,94,500.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 4 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– सेरका, पंचायत– सेरका, में खेमराज तुरी के घर से आर०सी० सी० पुलिया तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 24,93,500.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 5 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– हिसीर, पंचायत– सेरका, में अम्बाटॉड़ से अम्तीअम्बा (आंगनबाड़ी) तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 24,84,300.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 6 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– डोंढ़टोली, पंचायत– नरमा, में आँगनबाड़ी से उराँव के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 24,63,800.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 7 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– डोंढ़टोली, पंचायत– नरमा, में नरमा टॉड़ अखड़ा से नदी तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 24,94,800.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 8 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– मरवाई, पंचायत– नरमा, में कालीकरण रोड से मरवाई मीडिल स्कूल तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 24,93,000.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 9 | विषुनपुर | गुमला जिला अंतर्गत विषुनपुर प्रखण्ड के ग्राम– मरवाई, पंचायत– नरमा, में मरवाई मीडिल स्कूल से कालीकरण रोड तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 22,64,500.00 | 45,300.00 | 5000.00 | 03 माह |

निविदा की शर्तें:– 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक हीं इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।
2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
जो निम्न है:– 1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।
3 निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 344387 Rural Development (24-25)_D


## प्रोजेक्ट भवन में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में बजट पूर्व संगोष्ठी (2025-26) आयोजित

# कृषि, सिंचाई, वन समेत कई क्षेत्रों पर रहेगा फोकस : वित्त मंत्री

**बजट पूर्व गोष्ठी का उद्देश्य राज्य के हर तबके के लोगों , झारखंड के जंगलों ,दूर दराज में रहने वाले गरीब लोगों, किसानों के चेहरे पर खुशहाली लाने वाले सुझावों को प्राप्त करना**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आगामी 2025-26 के बजट को अबुआ बजट का नाम दिया है। इस बजट में झारखंड के जंगलों ,दूर दराज में रहने वाले गरीब लोगों, किसानों, राज्य के हर तबके , जाति , धर्म के लोगों के हितों को ध्यान में रख कर योजनाएं शामिल की जाएगी। लोगों की चेहरे में खुशहाली ला सके, ऐसा बजट हम तैयार करेंगे । इसलिए आम लोगों से रायशुमारी ली जा रही है। इसी संदर्भ में गुरुवार को कृषि , सिंचाई , वन-पर्यावरण , ग्रामीण विकास , आजीविका मिशन , नगर विकास, पर्यटन,उद्योग, खान एवं भूतत्व,श्रम एवं कौशल विकास के क्षेत्र में एक्सपर्ट लोगों के सुझाव एवं विचार आमंत्रित किए गए हैं। वह गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित अबुआ बजट कार्यशाला (बजट पूर्व संगोष्ठी 2025-26) को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपके कई बहुमूल्य सुझाव प्राप्त हुए हैं उन बहुमूल्य सुझावों को आगामी 2025-26 के बजट में शामिल करने का प्रयास रहेगा।

मंत्री श्री किशोर ने कहा कि हमारा बजट राज्य की संस्कृति, भौगोलिक व्यवस्था ,यहां रहने वाले लोगों की परंपराओं को ध्यान में रख कर तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह इस राज्य का 25वां बजट होगा जहां राज्य की कई चुनौतियां हमारे समक्ष है । हम उन दृष्टिकोण को ध्यान में रख कर बजट तैयार करेंगे जिससे झारखंड का आर्थिक ,सामाजिक एवं भौगोलिक विकास हो सके । उन्होंने कहा कि बजट की मॉनिटरिंग भी होनी जरूरी है, ताकि बजट में जो योजनाएं शामिल की गई उसकी धरातल पर क्या स्थिति है उसका पता चल सके। उन्होंने राजस्व बढ़ाने पर भी जोर दिया। मंत्री ने कहा कि जंगल में रहने वालों को तो वनपप्ता मिल जाता है। परंतु कनेक्टिविटी की कमी के कारण उस क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पाती है। प्रयास करें वहां तक पहुंचने के लिए सड़कें हों । उन्हें ग्राम सभा के माध्यम से बेसिक नीड्स उपलब्ध कराने पर जोर दें साथ ही महुआ आधारित शराब बनाने पर जोर दे ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले।

**मंत्री श्री किशोर ने सतही जल को बचाने :** पर जोर देते हुए कहा कि झारखंड में वर्षा जल के संचयन पर हमें ध्यान देने की जरूरत है, ताकि बारिश का जो जल नदी, नालों के जरिये बह जाता है उसे बचाया जा सके ताकि उससे सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो और भूगर्भीय जल में भी सुधार आये। झारखंड में सुखांत की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए भी यह जरूरी है। इसका भी ध्यान इस बजट में रखा जाएगा। उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर कहा कि कृषि के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। इसलिए कृषि विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग को आगामी अबुआ बजट में महत्वपूर्ण स्थान दिया जाएगा। उन्होंने हॉर्टिकल्चर के माध्यम से भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बल दिया।

**आगामी बजट में किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने पर दिया जाएगा जोर :** कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की ने कहा कि हमारे राज्य के किसानों को ध्यान में रख कर आगामी बजट में उन्हें शामिल किया जाएगा। आगामी बजट में किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने पर जोर दिया जाएगा। हमारे किसान पारंपरिक तौर पर एकल खेती पर निर्भर है, हमारा प्रयास होगा कि उन्हें पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराते हुए बहुकृषि करने पर जोर दिलाया जाये। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के तहत बिरसा पाठशाला प्रोग्राम चलाया जा रहा है जिसे आगामी बजट में बृहत पैमाने पर चलाया जाएगा, जहां हम किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करायेंगे।

**प्राप्त सुझावों पर प्रस्ताव किया जाएगा तैयार :** जल संसाधन विभाग सह वित्त विभाग के प्रधान सचिव प्रशांत कुमार ने बताया कि सिंचाई के क्षेत्र में झारखंड के किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए कई सुझाव प्राप्त किए गये हैं। पुराने सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, वाटर बॉडीज को मजबूत करने के साथ साथ गांव में नए तालाब बनाने पर जोर दिया जाएगा। सोलर बेस्ड इरिगेशन ,माइनर इरिगेशन को ध्यान में रख कर आगामी बजट में प्रावधान किया जाएगा।

सिंचाई के लिए मुख्यता तीन विभाग कार्य करते है, जिसमे ग्रामीण विभाग से सिंचाई कूप के लिए बिरसा सिंचाई कूप की योजना ली गई है जो की काफी सफल रही है। इसमें किसानों को इसके जरिए काफी लाभ पहुंचा है। साथ ही वाटर शेड स्कीम की कई योजनाओं को लिया गया है। कृषि विभाग भी किसानों को सिंचाई की सुविधा के लिए सोलर पम्प, माइक्रो इरिगेशन सिस्टम उपलब्ध कराता है।

**बजट पूर्व संगोष्ठी (2025-26) में आयें एक्सपर्ट के सुझाव :** प्रेम शंकर ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना पर जोर दिया जाए। नेचुरल फार्मिंग करने की जरूरत है। झारखंड मिलेट्स को बजट में शामिल किया जाये। लाह की खेती पर जोर दिया जाए, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके। आने वाले 25 वर्षों के बाद 2050 में झारखंड कैसा होगा इस पर एक विजन डाक्यूमेंट्री बनाने की जरूरत बताई ।सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाये।

**ग्राम सभा को बजट में ध्यान रखा जाये :** प्रोफेसर देवनाथन ने कहा कि ग्राम सभा को बजट में ध्यान रखा जाये। इसमें जंगल मित्र का प्रावधान किया जाये, ताकि जंगल का प्रबंधन हो सके और एक जिला एक प्रोडक्ट को बढ़ावा दिया जाए और उसकी ब्रांडिंग की जाये, ताकि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो। धीरज दानियाल होरो ने रूरल इकॉनमी पर जोर देते हुए प्रोडक्ट की वैल्यू एडिशन और फूड प्रोसेसिंग की जरूरत बतायी। शैलेंद्र कुमार ने कहा कि राज्य के ग्रामीण युवाओं के लिए स्किल प्रोग्राम को इस बजट में शामिल किया जाये। गांव में जाकर युवाओं को ट्रेनिंग दी जाए साथ ही महिलाओं के लिए भी विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण देने की जरूरत बताई ।

**नगर विकास की प्रॉपर प्लानिंग की जरूरत :** नगर विकास की प्रॉपर प्लानिंग की जरूरत बताई गई। यातायात की व्यवस्था ,पार्किंग की व्यवस्था , आदि के बारे में विस्तृत बातें बतायी गई । खनन के क्षेत्र के विकास पर जोर दिया जाए, ताकि राजस्व की प्राप्ति हो सके। बंद पड़े कोल ब्लॉक का जल्द से जल्द आवंटन हो ,इस पर जोर दें। उद्योग के क्षेत्र इंडस्ट्रियल क्लस्टर बनाने की बात कही गई।सोलर पावर पर जोर दिया गया। श्री अमिताभ गोष ने एक्सपीरियंस टूरिज्म को बढ़ावा देने की बात कही । जूडको द्वारा राज्य के शहरों में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला गया।

**अंडा उत्पादन में हमें आत्मनिर्भर बनना है :** योजना एवं विकास विभाग के सचिव मस्त राम मीना ने भी अपने विचार रखे । कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि आगामी बजट में रूरल इकॉनमी जेनरेट करने का प्रयास रहेगा। सॉइल कांजेर्वेशन , तालाब का प्रावधान इस बजट में किया जाए। अंडा उत्पादन में हम आत्मनिर्भर हो इस बजट में इसका प्रयास रहेगा । सचिव ग्रामीण विकास विभाग श्री के श्रीनिवासन ने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में काम हो रहा है ।



### आगामी बजट झारखंड को विकास के पथ पर लेकर जाएगा आगे

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि आगामी बजट में झारखंड की महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया जाएगा। जेएसएलपीएस से करीब 32 लाख महिलायें जुड़ी हुई है। महिलाओं को मइयां सम्मान योजना के माध्यम से दी जा रही आर्थिक सहायता को इकोनॉमिक एंगेज्ड कर उन्हें कैसे मदद दी जाये, ताकि वे स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़े इस पर विभाग का फोकस है आगामी बजट में। महिलाओं को फाइनेंशियली ट्रेंड कर उन्हें कैसे रोजगार से जोड़ा जाए इसे ध्यान में रखा जा रहा है। ग्रामीण महिलाओं को अर्बन मार्केट से कनेक्ट करने का प्रयास किया जाएगा साथ ही ग्रामीण इलाकों में रूरल ड्रिंकिंग वाटर के छोटे छोटे प्रोजेक्ट को भी शामिल करने पर जोर दिया जाएगा। ग्रामीण इलाकों में सोलर एनर्जी को भी बढ़वा दिया जाएगा।

# प्रेम प्रसंग में भागी थी हिंदपीढ़ी की दोनों युवतियां, पांच गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र की रहने वाली दो युवतियां प्रेम प्रसंग में फरार हो गई थी। गुरुवार को रांची पुलिस ने परिजनों द्वारा दर्ज करायी गयी अपहरण की कहानी को पटाक्षेप कर दिया है। पुलिस की जांच में पाया गया कि लड़कियों का अपहरण हुआ ही नहीं था। प्यार के चक्कर में लड़कियां अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थीं, लेकिन परिजनों और मोहल्लेवालों ने 5 दिनों तक पुलिस की नींद उड़ा रखी थी। मामले में पुलिस ने लड़कियों के प्रेमी सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम मो. इस्माईल, जुनैद आलम, मजहर आलम, इमरान खान व कासिद फिरोज है। इसकी जानकारी गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने दी।

**मामला प्रेम प्रसंग का निकला :** हिंदपीढ़ी से गायब दो लड़कियों के अपहरण का पूरा मामला पुलिस की जांच में फर्जी निकला। सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पूरी प्लानिंग के साथ दोनों लड़कियां घर से फरार हुईं थीं। जांच में यह बात भी सामने आई है कि पकड़े गए युवक के साथ बड़ी बहन का प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन लड़की के परिजनों ने युवक से अपनी पुत्री की शादी करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद ही दोनों बहनों ने मिलकर उस युवक के साथ फरार होने की पूरी योजना बनायी और अपहरण की झूठी कहानी रच प्रेमी के साथ फरार हो गईं।

**मामले में पुलिस का काम रहा बेहतरीन :** एसएसपी ने बताया कि जिस तरह से दोनों लड़कियों ने अपने परिजनों को फोन कर यह बताया था कि उनका अपहरण कर लिया गया है। जानकारी मिलने पर रांची पुलिस का पूरा अमला ही चौकस हो गया। पुलिस रात भर लड़कियों के मोबाइल लोकेशन के आधार पर छापेमारी करती रही। इस दौरान आधा दर्जन से ज्यादा ट्रेनों को भी खंगाला गया, जिसमें रेल पुलिस ने भी पूरा सहयोग दिया। इसी क्रम में टेक्निकल सेल और सीसीटीवी के माध्यम से रांची पुलिस को यह जानकारी मिली कि दोनों लड़कियां कार से एक लड़के के साथ बूटी मोड़, फिर ओरमांझी से होते हुए चितरपुर पहुंची थीं और वहां से कोडरमा, वाराणसी होते हुए ट्रेन से कर्नाटक चली गईं।

**कर्नाटक पुलिस से सहयोग लिया गया :** मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने तुरंत कर्नाटक के एडीजी और पुलिस अधीक्षक कोपल से सहयोग के लिए अनुरोध किया। कर्नाटक पुलिस के सहयोग से ही दोनों लड़कियों को बरामद किया गया और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

**लड़कियों से पूछताछ जारी :** सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पूछताछ में दोनों लड़कियों ने बताया है कि वह इस्माइल के बहकावे में आकर घर से भाग गईं थीं। हालांकि एसएसपी ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अगर इस पूरे प्रकरण में कहीं से भी लड़कियों का कोई हाथ सामने आया तो उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

**बरामद सामानों की सूची :** गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने अल्टो के-10 जेएच 24 एम- 7559 , स्कूटी होण्डा जियो जएच 01 एफ-4312 , पांच मोबाइल, जाली तथा ओरिजनल आधार कार्ड को बरामद किया है।



### प्रेमी और मददगार गिरफ्तार

पूरे प्रकरण में रांची पुलिस ने मुख्य आरोपी इस्माइल सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मोहम्मद इस्माइल कर्नाटक के रायचूर का रहने वाला है। इस मामले में मोहम्मद इस्माइल की मदद करने वाले अन्य चार को भी गिरफ्तार किया गया है। जिनमें रांची के हिंदपीढ़ी के रहने वाले जुनेद आलम, रामगढ़ के रहने वाले मजहर आलम, गढ़वा के रहने वाले इमरान खान और हिंदीपीढ़ी के नाला रोड के रहने वाले काशिद फिरोज शामिल हैं।

### इंटरनेट कॉल का कर रहे थे प्रयोग

एसएसपी ने बताया की दोनों लड़कियां बालिग हैं। घर से फरार होने से पहले कर्नाटक के युवक के साथ मिलकर दोनों बहनों ने पूरी तैयारी कर ली थी। दोनों लड़कियों ने अपना मोबाइल फोन शनिवार को ओरमांझी ब्लॉक चौक के पास स्वीच ऑफ कर दिया था।

### इंस्टाग्राम लोकेशन से मिला सुराग

इसके बाद दोनों लड़कियां इंस्टाग्राम पर एक्टिव हो गई। इंस्टाग्राम के जरिए छोटी बहन अपने प्रेमी से बातचीत किया करती थी और मैसेज भी दिया करती थी। इंस्टाग्राम के लोकेशन के आधार पर पुलिस दोनों लड़कियों तक पहुंची थी। पुलिस उनका लोकेशन सही तरीके से ना निकल पाए इसलिए वह वाईफाई का प्रयोग कर रहे थे।

## कंबल और वस्त्र वितरण में हो रही अनियमितताओं के जांच की मांग

### सरयू राय ने सीएम को लिखा पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जदयू विधायक सरयू राय ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। श्री राय ने पत्र में कहा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये राज्य के सभी 24 जिलों में कुल मिलाकर 9,20,245 कंबल की आपूर्ति का आदेश ओम शक्ति टेक्सटाइल्स, पानीपत, हरियाणा और बिहारी लाल चौधरी ट्रेडलिंक प्राईवेट लिमिटेड, धनबाद को दिया गया है। विभिन्न जिलों में कंबल की आपूर्ति की अंतिम तिथि 11 जनवरी 2025 रखी गई है। विभिन्न जिलों से जो सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं, उसके अनुसार कंबलों की गुणवत्ता निविदा की शर्तों के अनुरूप नहीं है।

उन्होंने कहा है कि निविदा शर्तों के अनुसार ये सभी कंबल हैण्डलूम द्वारा निर्मित होने चाहिये, पावरलूम द्वारा नहीं। लेकिन, जो कंबल वितरित किये जा रहे हैं, वे पावरलूम से निर्मित हैं। निविदा शर्तों में यह भी है कि कंबल में 70 प्रतिशत ऊन के धागे होना चाहिए और बाकि 30 प्रतिशत सिन्थेटिक धागा होना चाहिये। इस कसौटी पर भी कंबल खरा नहीं उतर पा रहे हैं। अधिकांश कंबलों में ऊन की मात्रा 35 प्रतिशत से 40 प्रतिशत के बीच होने की शिकायत मिल रही है। उन्होंने कहा कि धुलाई के बाद कंबल का वजन न्यूनतम दो किलोग्राम होना चाहिये। लेकिन, इसमें भी कमी दिखाई पड़ रही हैं। जेम पोर्टल पर प्रकाशित निविदा का मूल्यांकन भी सही तरीके से नहीं हुआ है।

**90 प्रतिशत कंबल निविदा के शर्तो के अनुरूप नहीं :** उन्होंने कहा है कि ऐसी सूचना मिल रही है कि आपूर्तिकताओं द्वारा दो तरह के कंबलों की आपूर्ति की जा रही है। करीब 10 प्रतिशत कंबल ऐसे हैंए जो निविदा शर्तों के अनुरूप हैं। बाकि 90 प्रतिशत कंबल निविदा के शर्तों के अनुरूप नहीं है।

## खबर एक नजर में

### राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने की सरसंचालक डॉ मोहन भागवत के बयान की निंदा

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंचालक डॉ मोहन भागवत के बयान की निंदा की है। उन्होंने कहा कि 1947 में प्राप्त आजादी को नकारना एससी, एसटी, ओबीसी के अधिकारों और संविधान का अपमान है। यह स्वतंत्रता सेनानियों का घोर अपमान है। राजेश कुमार गुप्ता ने आगे कहा कि डॉ मोहन भागवत को देश से माफी मांगनी चाहिए। नहीं तो उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिये। उन्होंने यह भी कहा, ₹देश के लिए मर मिटने वाले लाखों स्वतंत्रता सेनानियों, काला पानी की सजा पाए सेनानियों, अंग्रेजों के गोलियों से भूने गए जलियांवाला बाग में शहीद हुए लोगों का अपमान है। इस प्रेस विज्ञप्ति में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने डॉ मोहन भागवत के बयान की निंदा की और देश के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया।

### एसएससी-सीजीएल टियर टू परीक्षा कल से, एडमिट कार्ड जारी

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने आगामी सीजीएल टियर-टू परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। यह परीक्षा 18 से 20 जनवरी तक आयोजित की जाएगी।

**ऐसा होगा परीक्षा पैटर्न :** संशोधित पैटर्न के मुताबिक, एसएससी-सीजीएल टियर टू परीक्षा का आयोजन दो चरणों में किया जाता है- पेपर वन और पेपर टू। इन दोनों को आगे विभिन्न मॉड्यूल में बांटा गया है। पेपर वन सभी पदों के लिए अनिवार्य है, जिसमें सामान्य विषय शामिल होते हैं। इसे पूरा करने के लिए उम्मीदवारों को ढाई घंटे का समय दिया जाएगा।

**पेपर टू के लिए मिलेगा दो घंटे का समय :** पेपर 2 खासतौर पर उन उम्मीदवारों के लिए है, जिन्होंने जूनियर स्टैटिस्टिकल ऑफिसर और स्टैटिस्टिकल इन्वेस्टिगेटर ग्रेड टू पदों के लिए आवेदन किया है। अभ्यर्थियों को इस पेपर के लिए दो घंटे का समय मिलेगा।

### छविरंजन समेत नौ की बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री कर उस अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने से जुड़े मामले में जेल में बंद आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। इससे पूर्व मामले में जेल में बंद नौ आरोपियों को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अगली पेशी की तारीख 28 जनवरी निर्धारित की गई है। मामले में ईडी की ओर से गवाह प्रस्तुत करना है। अदालत ने छवि रंजन, अमित अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन दलाल बरियातू के मिल्लत कालोनी निवासी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान, डोरंडा के मनी टोला का निवासी इम्तियाज अहमद, बड़ागाईं निवासी मो सद्दाम हुसैन, तल्हा खान एवं फैयाज अहमद की हिरासत अवधि बढ़ा दी है। वहीं, एक आरोपी दिलीप घोष जमानत पर चल रहा है।

### गैर इरादतन हत्या मामले में युवक को सात साल कैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त देबाशीष महापात्रा की अदालत ने गैर इरादतन हत्या के जुर्म में बोड़ेया रोड निवासी सुमित लोहरा उर्फ पटेल लोहरा उर्फ पेट्रोल को दोषी पाकर सात साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे एक साल अतिरिक्त जेल काटनी होगी। उसने आपसी विवाद को लेकर गज्जू नामक व्यक्ति को घर में खड़े बांस से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। रिम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। घटना को अंजाम 10 फरवरी 2019 को दी गई थी। घटना को लेकर मृतक की बहन गीता देवी ने लालपुर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## जैक बोर्ड ने पूरी की मैट्रिक और इंटर परीक्षा की तैयारी

# 11 से राज्य के विभिन्न जिलों में 2100 केंद्रों पर होगी परीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक और इंटर परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली है। इस वर्ष परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। इस वर्ष मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए 2100 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। मैट्रिक के लिए राज्यभर में 1305 केंद्र व इंटर के लिए 795 केंद्र बनाये गये हैं। इस वर्ष मैट्रिक और इंटर मिलाकर कुल 7,83,711 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। वर्ष 2024 की तुलना में इस वर्ष मैट्रिक में 12208 व इंटर तीनों संकाय में परीक्षार्थियों की संख्या में 5267 की वृद्धि हुई है।

**11 फरवरी से शुरू होगी परीक्षा :** जैक ने 10वीं (मैट्रिक) और 12वीं (इंटरमीडिएट) की बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा कर दी है। यह परीक्षाएं 11 फरवरी 2025 से शुरू होकर 3 मार्च 2025 को समाप्त होंगी। कक्षा 10 (मैट्रिकुलेशन) की परीक्षाएं 11 फरवरी से शुरू होकर 3 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। मैट्रिक परीक्षा के पेपर सुबह के सत्र में होंगे और परीक्षा का समय सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक निर्धारित किया गया है।

झारखंड बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए एडमिट कार्ड और अन्य संबंधित जानकारी जल्द ही जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

**फैक्ट फाइल**

- मैट्रिक और इंटर परीक्षा के लिए 2100 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं।
- मैट्रिक के लिए राज्यभर में 1305 केंद्र व इंटर के लिए 795 केंद्र बनाये गये हैं।
- इस वर्ष मैट्रिक और इंटर मिलाकर कुल 7,83,711 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।
- परीक्षाएं 11 फरवरी 2025 से शुरू होकर 3 मार्च 2025 को समाप्त होंगी।
- मैट्रिक परीक्षा के पेपर सुबह के सत्र में होंगे, और परीक्षा का समय सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक निर्धारित किया गया है।

# पीजी विभागों के शिक्षक-शिक्षिकाओं की मनमानी पर रोक लगे : एनएसयूआइ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची विश्विद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मिला गुरुवार को झारखंड एनएसयूआइ का प्रतिनिधिमंडल मिला। छात्रों ने वीसी को बताया कि भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मांग करती है कि अगर 70 अंक प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर है तो 70 अंक महाविद्यालय के हाथों में होना चाहिए और वाइवा लेने का अधिकार संबंधित कॉलेज को होना चाहिए। 70 अंक और 30 अंक दोनों पीजी विभाग अपने हाथों में रखा हुआ है, जो कि गलत है । विवि प्रशासन इस पर विचार करे एवं छात्रहित में उचित निर्णय जल्द ले और लिखित आदेश निकाले ताकि पीजी विभाग के शिक्षक शिक्षिकाओं की मनमानी पर रोक लगे। कुलपति ने तत्काल उक्त मामले को परीक्षा नियंत्रक डॉ विकास कुमार के संज्ञान में दिया और इस मामले को गंभीरता से देखने को कहा है। मौके पर पूर्व जिला महासचिव प्रिंस राज, पूर्व जिला सचिव सरफराज अहमद, गुलशन कुमार, आर्यन सिंह, रोहित कुमार आदि छात्र नेतागण उपस्थित थे ।



## राज्यपाल ने उद्यान कर्मियों को किया सम्मानित

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को राज भवन उद्यान में कार्यरत कर्मियों सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान राज भवन के गुलाब एलिना वेराइटी के रोज सोसाइटी ऑफ रांची द्वारा आयोजित100वें रोज शो में क्वीन ऑफ द शो और विनर ऑफ द शो के रूप में चयनित होने के लिए दिया गया है। राज भवन के गुलाब ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 22 श्रेणियों में से 8 श्रेणियों में प्रथम स्थान और 8 श्रेणियों में द्वितीय स्थान हासिल किया। राज्यपाल ने उद्यान कर्मियों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया।

# झारखंड में सरकारी कार्यालय के बाहर लगायें मेधा डेयरी बूथ : शिल्पी तिर्की

- सरकार से स्थल मुहैया कराने के लिए विभाग करेगा पत्राचार
- शहरी क्षेत्र के स्कूल के बाहर उपलब्ध रहेगा मेधा डेयरी प्रोडक्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के सरकारी कार्यालयों के बाहर मेधा डेयरी बूथ लगेंगे। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग इसको लेकर सरकार से स्थल मुहैया कराने का अनुरोध करेगा। इसका उद्देश्य राज्य के अंदर मेधा डेयरी को बढ़ावा देना और उसका प्रचार-प्रसार करना है। पशुपालन निदेशालय हेसाग में झारखंड मिल्क फेडरेशन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने ये निर्देश दिया है। समीक्षा बैठक के दौरान मेधा डेयरी के प्रचार-प्रसार की जरूरत को महसूस किया गया। इसके लिए शहरी क्षेत्र में स्कूल के बाहर मेधा डेयरी के अस्थाई बूथ दिखेंगे। स्कूली बच्चों के बीच मेधा डेयरी के उत्तम उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे।

विभाग का मानना है कि स्कूली बच्चें मेधा डेयरी के प्रचार का सबसे सशक्त माध्यम हो सकते है। इसके लिए स्कूल के बाहर मेधा डेयरी के द्वारा कई तरह के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। रांची के मांडर, चान्हो, बेड़ों प्रखंड में भी मेधा डेयरी का बूथ खोलने का निर्देश विभागीय मंत्री ने दिया है। जमशेदपुर के बजाय सरायकेला-खरसांवा जिले में डेयरी प्लांट के लिए स्थल चयन का निर्देश मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिया है। पशुपालन विभाग के द्वारा संचालित फॉर्मर ट्रेनिंग सेंटर को आवासीय बनाने की बात मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों से कही है, ताकि ऐसे ट्रेनिंग सेंटर पर 200 से 300 किसानों की आवासीय ट्रेनिंग हो सके। बैठक में गो सेवा आयोग के साथ एक कार्यशाला आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया है। इस कार्यशाला में गो पालकों को कई तरह की जानकारी दी जाएगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है फेडरेशन के साथ -साथ डेयरी कॉपरेटिव सोसाइटी का गठन किया जाए। ये झारखंड के लिए सफल साबित होगा। ऐसा करके ग्रामीण स्तर पर लोगों को जोड़ा जा सकता है। इससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा और विभाग का अपने लक्ष्य को पाने में भी सफल साबित होगा।



# विस्थापन सेल का होगा गठन, खरखरी परियोजना कांड की होगी जांच

## सांसद चद्रप्रकाश के साथ त्रिपक्षीय समझौता में कोल इंडिया के चेयरमैन ने दिया आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद के साथ त्रिपक्षीय समीक्षा बैठक सीआई एम के कोलकाता मुख्यालय में हुई। इसमें सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने विस्थापित सेल का गठन करने की मांग रखी, इस पर कोल इंडिया के चेयरमैन ने सहमति प्रदान करते हुए विस्थापित सेल का शीघ्र गठन करने का आश्वासन दिया। सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी खरखरी कोयला परियोजना में एमटीओ हिलटॉप हाईरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित गोलीकांड की ओर कोल इंडिया के चेयरमैन का ध्यान आकृष्ट कराया। इस उन्होंने तत्काल रिटायर्ड डीजीपी स्तर के आईपीएस ऑफिसर के नेतृत्व में खरखरी गोलीकांड के लिए विशेष जांच दल के गठन का आदेश दिया। इससे एमडीओ हिल टॉप हाईरिंग प्राइवेट लिमिटेड पर गाज गिर सकती है। एरिया- 3 के जीएम भी जांच के दायरे में है। इस क्रम में 2 दिसंबर 23 के सांसद के पत्र में 22 सूत्री मांग के आलोक में 8 जनवरी 24 को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में हुई बैठक की समीक्षा की गई। सांसद चन्द प्रकाश चौधरी ने विस्थापितों के पेप कार्ड की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त की। इस पर चेयरमैन ने द्वारा दो माह के अंदर कैंप लगाकर विस्थापितों के पाइप कार्ड बनाने का आश्वासन दिया। साथ ही सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी ने विस्थापितों के लिए 15 मार्च 24 को ट्रिब्यूनल गठन के आदेश के बाद भी चालू नहीं होने पर चिंता व्यक्त की। इस पर कोल इंडिया के चेयरमैन ने आश्वासन दिया की बहुत जल्द ट्रिब्यूनल गठन की विधिक प्रक्रिया पूरा कर लिया जाएगा। कोल इंडिया के चेयरमैन ने सांसद को आश्वासन दिया कि विस्थापितों के साथ खरखरी परियोजना जैसी गोली कांड की पुनरावृत्ति नहीं हो, इसके लिए वरीय प्रबंधक के साथ उच्च स्तरीय बैठक होगी। उधर, गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के प्रयास से विस्थापितों के लिए ऐतिहासिक ट्रिब्यूनल के गठन के बाद विस्थापित सेल का गठन का आदेश विस्थापितों के हित के लिए ऐतिहासिक निर्णय है। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि खरखरी गोलीकांड कांड का कोई भी दोषी कानून से ऊपर नहीं है।




## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का नया पोर्टल लॉन्च

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए एक नया पोर्टल लॉन्च किया गया है। इसका उद्देश्य लाभुकों को सुविधा प्रदान करना है। यह पोर्टल सामाजिक सुरक्षा कोषांग झारखंड की नई गाइडलाइन के अनुसार बनाया गया है। इसमें सीओ-बीडीओ को लॉग-इन दिया जायेगा।

**पुराने पोर्टल को भी खोला जाएगा :** इस बीच, मंईयां सम्मान योजना के पुराने पोर्टल को भी खोलने की तैयारी चल रही है, ताकि पुराने लाभुकों के आवेदन में हुई त्रुटियों को सुधारा जा सके। नये सिरे से महिलाएं आवेदन भी कर सकेंगी। दरअसल महिलाओं ने मंईयां सम्मान योजना के तहत अपना पंजीकरण तो करा लिया है, लेकिन उनके बैंक अकाउंट में पैसे नहीं आ रहे हैं। समाज कल्याण निदेशालय ने मंईयां सम्मान योजना में गड़बड़ियां आने के बाद आवेदन की जांच रिपोर्ट सभी जिलों से मांगी है।

# तीन दिन झारखंड दौरे पर आये केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय मंत्री डॉ एल मुरुगन गुरुवार को 3 दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे। वह आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के तहत सूचना एवं प्रसारण सह संसदीय कार्य राज्यमंत्री के रूप में प॰मी सिंहभूम जिले में 3 दिन (16 से 18 जनवरी तक) रहेंगे।

### ऐसा है केंद्रीय मंत्री का कार्यक्रम

गुरुवार 16 जनवरी 2025 को शाम 5:30 बजे चाईबासा में सर्किट हाउस में प॰मी सिंहभूम के उपायुक्त, डीडीसी, सांसद और विधायक से मुलाकात करेंगे। शुक्रवार 17 जनवरी 2025 को जगन्नाथपुर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) और केज फिशरीज-करंजिया का दौरा करेंगे।

### आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत प. सिंहभूम जिले में रहेंगे

वह सेल खदान में भी जाएंगे। शनिवार 18 जनवरी 2025 को चाईबासा के समाहरणालय (कलेक्ट्रेट) के कॉन्फ्रेंस हॉल में एडीपी/एबीपी के इंडिकेटर्स पर विभागीय प्रमुखों के साथ बातचीत करेंगे।

### ये है आकांक्षी जिला कार्यक्रम

आकांक्षी जिला कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की एक परिवर्तनकारी पहल है, जिसकी शुरूआत 2018 में हुई थी। इसका उद्देश्य भारत के 112 अपेक्षाकृत पिछड़े और दूर-दराज के जिलों के विकास को गति देना है।

## यूनियन बजट में प्रदेश के आर्थिक विकास से जुड़े मुद्दों का समायोजन हो



- **बजट में झारखण्ड राज्य को विशेष राज्य का दर्जा मिले**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** यूनियन बजट में प्रदेश के आर्थिक विकास से जुड़े मुद्दों का समायोजन हो सके। इस उद्देश्य से चैम्बर भवन में प्रत्यक्ष कर उप समिति की बैठक अध्यक्ष परेश गट्टानी की अध्यक्षता में गुरुवार को संपन्न हुई। बजट में झारखण्ड राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देने की बात कही गई। इस बात पर भी चर्चा की गयी कि डायरेक्ट टैक्स कोड 2025 में इम्प्लीमेंटेशन लाने की आवश्यकता है जिससे बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इस संहिता के तहत पूंजीगत लाभ को सामान्य आय के हिस्से में शामिल किया जायेगा, जिससे संभावित रूप से उन पर उच्च कर दरें लागू होंगी। उप समिति चेयरमैन सीए पंकज मक्कड़ ने कहा कि झारखण्ड की प्रगति के लिए चैम्बर द्वारा जल्द ही सुझाव केंद्रीय वित्त मंत्रालय को सौंपा जायेगा।

बैठक में चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, उप समिति चेयरमैन सीए पंकज मक्कड़, को-चेयरमैन अर्पित जैन, सदस्य श्रद्धा बागला, हरिकांत वत्स, अनिश जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। ये जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

## हिमाचल प्रदेश के मत्स्य पदाधिकारियों ने किया चांडिल डैम का भ्रमण

# केज कल्चर में झारखंड रोल मॉडल : विवेक चंदेल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हिमाचल प्रदेश के मत्स्य निदेशक विवेक चंदेल, सहायक मत्स्य निदेशक विवेक शर्मा ने गुरुवार को सरायकेला-खरसावां स्थित चांडिल डैम में केज कल्चर का भ्रमण किया। अतिथियों का स्वागत रौशन कुमार ने किया। हिमाचल प्रदेश के अधिकारियों को जिला मत्स्य पदाधिकारी ने जानकारी दी कि चांडिल डैम के चारों तरफ 17 साईट पर केज विधि द्वारा मत्स्य पालन किया जा रहा है। ईचागढ़ साईट पर करीब 150 केज लगाये गये हैं। इसमें मत्स्य बीज का संचयन किया गया है। ईचागढ़ में 65 लोगों का मत्स्यजीवी सहयोग समिति बनाकर मछलीपालन कराया जा रहा है। मत्स्य विभाग द्वारा केज हाऊस, मोटर चालित नाव आदि भी अनुदान पर उपलब्ध कराया गया है। इससे जलाशय के विस्थापित लोगों को रोजगार उपलब्ध हो पाया है। साथ ही पर्यटन के नये द्वार खुल गये हैं। अभी मोनो सेक्स तिलापिया के ब्लैक स्ट्रेन तथा पंगेशियस मछली का पालन किया जा रहा है। नौका विहार साईट में भी पंगेशियस मछली पालन का अवलोकन किया गया। अधिकारियों द्वारा चांडिल स्थित फीड मील का भी निरीक्षण किया गया। इसके बाद सीतारामपुर डैम में आरएफएफ तथा इन सीटू मत्स्य बीज उत्पादन कार्य को देखा। यहां भी 35-40 लोग समूह में मछलीपालन के साथ-साथ बीज उत्पादन एवं बतख पालन कर रहे हैं। महिलाओं द्वारा मत्स्य बिक्री का काम किया जा रहा है।

इस अवसर पर किसानों में ईचागढ़ के सरदीप लायक, रघु लायक, गोपाल साहदेव, शरद पातर, सितारामपुर में चरण हांसदा, आकाश महतो, डॉ टुडू सहित महिला मत्स्य कृषक भी उपस्थित थे।



### आज कोनार डैम व तिलैया डैम का भ्रमण

हिमाचल के अधिकारियों का मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी लेना तथा केज कल्चर की तकनीक से अवगत होना है। तीन दिनों का यह दौरा शुक्रवार को हजारीबाग के कोनार डैम तथा तिलैया डैम में केज भ्रमण के साथ सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि झारखंड केज कल्चर में अव्वल है। अनेक राज्यों के लोग इस तकनीक को जानने-समझने के लिए यहां आते रहते हैं। इसी क्रम में यहां भ्रमण करने के लिए हिमाचल प्रदेश के मत्स्य विभाग के अधिकारीगण आये हुये हैं। उक्त जानकारी मत्स्य निदेशालय के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी है।

## अपर नगर आयुक्त फिलबियुस बारला के निधन पर रांची नगर निगम के पदाधिकारियों ने जताया शोक



**खब मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम के अपर नगर आयुक्त फिलबियुस बारला का निधन हो गया है। बुधवार को उनकी तबियत खराब होने के बाद उन्हें दोपहर में ऑर्किड हॉस्पिटल, रांची में इलाज के लिये एडमिट किया गया था। इलाज के दौरान ही देर शाम को उनका असामयिक निधन हो गया। निगम प्रशासक संदीप सिंह समेत निगम के अन्य पदाधिकारियों, कर्मियों ने उनके निधन पर दुख जताया है। प्रशासक ने अपने शोक संदेश में कहा कि रांची नगर निगम परिवार दुःख की इस घड़ी में स्वर्गीय फिलबियुस बारला के परिवार के साथ है। दिवंगत आत्मा की शांति को लेकर हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

### समाहरणालय कर्मियों के साथ डीसी ने भी दी श्रद्धांजलि

रांची डीसी ने भी नगर निगम के अपर प्रशासक फिल्यूईस बारला के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित किये। इस मौके पर उनके साथ सभी समाहरणालय के सभी कर्मियों ने दो मिनट की मौन रखा। उपायुक्त ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं ईश्वर उनके परिवार को इस दुखद घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## एसयूडी लाइफ का नया यूनिट लिंक्ड फंड लॉन्च

SUD Life

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/धनबाद।** स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने नये साल में एसयूडी लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। कंपनी के मुताबिक यह फंड पॉलिसीधारकों को तेजी से बढ़ते मिडकैप मार्केट में निवेश करने का मौका दे रहा है। एसयूडी लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड हर 6 महीने में री-बैलेंस होता है। यह फंड निफ्टी मिडकैप 150 मोमेंटम 50 इंडेक्स को ट्रैक करता है।

एसयूडी लाइफ के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर प्रशांत शर्मा के मुताबिक यह फंड उन लोगों के लिये है जो मिडियम से हाई रिस्क लेने के लिए तैयार हैं और लंबे समय में अपने निवेश को बढ़ाना चाहते हैं। यह फंड वर्तमान में एसयूडी लाइफ स्टार ट्यूलिप, एसयूडी लाइफ वेल्थ क्रिएटर, एसयूडी लाइफ वेल्थ बिल्डर और एसयूडी लाइफ ई वेल्थ रोयाल के तहत उपलब्ध होगा।

## गुटखा-सिगरेट से युवाओं को दूर रखना सरकार की नैतिक जिम्मेवारी : आलोक दूबे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने झारखण्ड के मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव व झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर को पत्र लिखकर राज्य में गुटखा, तंबाकू और सिगरेट पर प्रतिबंध प्रभावी तरीके से लागू करने की मांग की है। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा है कि झारखंड सरकार ने गुटखा,तंबाकू और सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था, लेकिन इसके बावजूद इन उत्पादों की बिक्री और सेवन खुलेआम हो रहा है। यह न केवल सरकारी आदेशों का उल्लंघन है,

- **पत्र लिखकर राज्य में गुटखा, तंबाकू और सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने की मांग**

बल्कि राज्य के बच्चों और युवाओं के स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से चिंता व्यक्त की कि स्कूलों के छात्र और युवा वर्ग स्कूल से निकलने के बाद गुटखा, तंबाकू और अन्य नशे के पदार्थों का सेवन करने लगे हैं, जिससे उनके माता-पिता, चाहे वे किसी भी वर्ग से हों,परेशान हैं। कई बार बच्चों के दंडित होने के बाद मानसिक तनाव के कारण वे आत्महत्या जैसे घातक कदम उठा लेते हैं। उन्होंने गुलाम अहमद मीर एवं मुख्य मंत्री से आग्रह किया कि राज्य में गुटखा, तंबाकू और सिगरेट पर लगे प्रतिबंध को प्रभावी रूप से लागू किया जाए और नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार को रोकने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाए, ताकि झारखंड की युवा पीढ़ी को एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य मिल सके। पासवा अध्यक्ष ने गुलाम अहमद मीर जी से सकारात्मक हस्तक्षेप की उम्मीद जताई है, ताकि राज्य के नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा और समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।



खबर एक नजर में

## मूलवासियों से चर्चा के बाद पेसा कानून लागू हो : एस अली



रांची। पेसा कानून को लेकर आमया संगठन और झारखंड छात्र संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष एस अली ने झारखंड के आदिवासी संगठनों और अगुवागणों को पत्र लिखकर सामूहिक परिचर्चा कराने की मांग की। एस अली ने बताया कि समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिल रही है कि झारखंड राज्य में पेसा कानून 1996 लागू होने जा रहा है, जो काफी खुशी की बात है। इसके लिए लम्बे समय से मांग की जा रही थी। अलग झारखंड राज्य गठन के बाद पेसा कानून लागू करने को लेकर कई आंदोलन और अभियान भी चला है, जिसमें मुझें भी शामिल होने का अवसर मिला है। मेरा व्यक्तिगत मानना है कि झारखंड के खनिज सम्पदाओं, जल, जंगल, जमीन और भाषा संस्कृति की सुरक्षा और स्थानीय लोगों की नौकरी व पारम्परिक विकास के लिए पेसा कानून का झारखंड में लागू होना अत्यंत जंरूरी है। लेकिन झारखंड के मूलवासी समुदाय के बीच पेसा कानून को लेकर कई किस्म की चर्चा है कि सरकार द्वारा जो ड्राफ्ट बनाया गया है उसमें अनुसूचित जिलों व क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी समुदाय के साथ मूलवासी (सदान और मुस्लिम) के अधिकार संरक्षित व सुरक्षित हैं अथवा नहीं, चूकि इसपर किसी भी प्रकार की चर्चा सरकारी व सामाजिक स्तर पर नहीं हो रही है। इसलिए पेसा कानून को लेकर मूलवासियों के मन में फैल रही भ्रांतियों को दूर करने हेतू आदिवासी-मूलवासी अगुवागणों की सामूहिक बैठक की पहल आदिवासी संगठनों के द्वारा की जाए।

## बीआईटी मेसरा में डिजिटल धोखाधड़ी पर सेमिनार आयोजित



**रांची।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेसरा के इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग ने गुरूवार को स्पैम के माध्यम से डिजिटल धोखाधड़ी जागरूकता विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार के मुख्य वक्ता विजय भूषण प्रसाद पांडे, उप महानिदेशक (राज्य समन्वय)टेलीकम्युनिकेशन विभाग (झारखंड) ने दूरसंचार और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में अपने व्यापक अनुभव का उपयोग करते हुए डिजिटल धोखाधड़ी और स्पैम हमलों की बढ़ती चिंताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने व्यक्तिगत और संगठनों के डेटा की सुरक्षा में जागरूकता और सक्रिय उपायों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने साइबर अपराधियों द्वारा उपयोग की जाने वाली विभिन्न रणनीतियों को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से समझाया और इन खतरों की पहचान करने और उनसे प्रभावी ढंग से निपटने के व्यावहारिक सुझाव दिए। उनकी बातों ने संकाय सदस्यों, छात्रों और पेशेवरों सहित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और एक रोचक सवाल-जवाब सत्र को प्रेरित किया। इस मौके पर देव शंकर, निदेशक, टेलीकम्युनिकेशन विभाग और निलेश कुमार सिन्हा ने भी अपने विचार रखें।

## काजू पैकिंग के नाम पर रोजगार दिये जाने के संबंध में जांच के आदेश

- **हुगली से पंजीकृत समिति काजू पैकिंग के नाम पर रोजगार देने का कर रही है दावा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिला प्रशासन को विभिन्न माध्यमों से रांची के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में चांदूर बंधु मिलन कल्याण कमिटि द्वारा महिलाओं को रोजगार प्रदान किये जाने की सूचना प्राप्त हुई है। उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा इस संबंध में लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गयी है। उन्होंने आम लोगों से इसकी सूचना जिला प्रशासन को देने के साथ अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे आधार, पैन कार्ड, बैंक डिटेल एवं पैसे के लेन-देन में पूरी सावधानी बरतने की अपील की गयी है।

### उपायुक्त ने दिये जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश

उपायुक्त, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा इस संबंध में श्रम अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस एवं श्रम अधीक्षक को जांच के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने पदाधिकारियों को जांच कर मामला फर्जी पाये जाने पर उचित कानूनी कार्रवाई करने को कहा है।

### काजू पैकिंग के नाम पर रोजगार दिये जाने की बात

प्राप्त जानकारी के अनुसार महिलाओं से काजू पैकिंग के नाम पर रोजगार दिये जाने की बात कही जा रही है। उक्त समिति (जो हुगली में रजिस्टर्ड बताया जा रहा है, रजिस्ट्रेशन नंबर-एस/1एल/2025) के सदस्यों द्वारा महिलाओं से आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक डिटेल लिये जा रहे हैं। समिति द्वारा 07 जनवरी 2025 को कांके के गौशाला मैदान में जनसभा आयोजित करने की भी बात कही गयी है। इस संबंध में जो पत्र जारी किया गया है उसमें भी कई अशुद्धियां हैं।

## जीएम से मिला श्रमिक संघ का प्रतिनिधिमंडल

- **अवैध बहाली पर कार्रवाई की मांग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ का प्रतिनिधिमंडल अजय राय के नेतृत्व में गुरुवार को विद्युत आपूर्ति क्षेत्र रांची के महाप्रबंधक (तकनीकी) से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक मनमोहन कुमार से अवैध बहाली और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की।

**संघ का आरोप :** संघ का आरोप है कि गुमला और सिमडेगा डिवीजन में बिना नई सीट आवंटन के अवैध तरीके से मानव दिवस कर्मियों की बहाली की गई है। उन्होंने कहा कि बिना नई सीट आवंटन के नए कर्मियों से काम लिया जा रहा है, जबकि पुराने कर्मियों की सैलरी काटकर उन्हें केवल 22 दिन का भुगतान किया जा रहा है।

**महाप्रबंधक का आश्वासन :** महाप्रबंधक मनमोहन कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि गुमला अधीक्षण अभियंता के माध्यम से पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी होगी।



## युवा आजसू के रांची जिला सह प्रभारी, नीतिश सिंह ने दिया इस्तीफा



रांची। आजसू पार्टी के युवा सह प्रभारी नीतिश सिंह ने अपनी प्राथमिक सदस्यता और पार्टी के अन्य सभी पदों से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने इस्तीफे में संगठन में बढ़ती बाहरी-भीतरी मतभेदों और कार्य-संस्कृति में आई गिरावट का हवाला दिया। नीतिश सिंह ने 2015 से संगठन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने छात्रों और युवाओं के बीच राजनीतिक जागरूकता फैलाने, चुनावी प्रक्रियाओं में भाग लेने और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा संगठन के हितों को प्राथमिकता दी और अपने पद का किसी व्यक्तिगत लाभ के लिए उपयोग नहीं किया। उन्होंने संगठन में हाल के दिनों में पारदर्शिता की कमी और आंतरिक गुटबाजी पर दुख जताया। इसके कारण कई सक्रिय कार्यकर्ता संगठन से अलग हो गए। नीतिश सिंह ने आशा व्यक्त की कि संगठन इन समस्याओं का समाधान करेगा और मूल उद्देश्यों की ओर लौटेगा। अपने भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए, नीतिश सिंह ने कहा कि वे अब स्वतंत्र रूप से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेकर समाज की सेवा करेंगे।

## लायंस क्लब एकलव्य ग्रेटर ने आरा में 500 गरीबों में बांटे कंबल

- **कैंप में 200 लोगों ने करायी आंखों की जांच**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लायंस क्लब एकलव्य ग्रेटर ने बुढ़मू के आरा गांव में गरीबों के बीच 500 कंबल का वितरण किया और 200 लोगों की आंख की जांच की। मेडिका के डॉक्टरों की टीम ने लायंस क्लब एकलव्य ग्रेटर के सौजन्य से इस गांव में कैंप लगाया तो पता चला कि इस गांव में कई मोतियाबिंद के मरीज थे। लायंस क्लब के गवर्नर सीमा वाजपेयी जमशेदपुर से पहुंची और उन्होंने देखा कि कैसे लोग इस कड़ाके की ठंड में बहुत कम कपड़े से अपने जीवन चला रहे हैं। उन्होंने तुरंत लायंस क्लब के सदस्यों को कहा कि तत्काल में 500 कंबल का वितरण किया जाए। क्लब के प्रेसिडेंट सुबोध चौधरी ने क्लब की सदस्यों की मदद से 500 कंबल की व्यवस्था की।




**एलसीएफ के चेयरपर्सन ने आंख का अस्पताल बनाने की घोषणा की :** एलसीएफ के चेयरपर्सन सुजीत कुमार ने कई लोगों को मदद की और लोगों की कठिनाइयों को समझा। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब को अगर इस जगह पर कोई जमीन मिल जाए तो यहां पर आंख का अस्पताल बना देंगे। वहीं, नितेश साहू ने जमीन देने का ऐलान कर दिया। कार्यक्रम को लायंस क्लब के जॉन चेयरपर्सन गणेश सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन लायन राजेश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम के चेयरपर्सन अमित साहू एवं राकेश चौधरी थे।

इस कार्यक्रम में मुकेश विश्वकर्मा, आलोक झा, सुशील कुमार आदि मौजूद थे।

## झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम का मना जन्मदिन



**रांची।** गुरुवार को झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम का जन्मदिन पार्टी कार्यालय मे मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय और सुप्रियो भट्टाचार्य उपस्थित रहे। केक काटकर मुस्ताक आलम का जन्मदिन मनाया गया और उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य पवन जेडीया, जिला उपाध्यक्ष बीरू तिर्की, जनक नायक, कलाम आजाद, बीरू साहू, संगठन सचिव आदिल इमाम, जुल्फीकार खान, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष फरीद खान, रौशन सिंह, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, मंटू लाला, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष परवेज आलम गुड्डू, अफरोज अंसारी, छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय सचिव असद फेराज टिंकू, निखिल मिश्रा, अवधेश यादव, राकेश, बल्लू, हसनैन मुजीबी, मोजाहिद, अफरोज, कुलदीपक कुमार, ओम शर्मा, बबलू एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## टाटा पावर ने खेलों में उत्कृष्टता प्रशिक्षण देकर 4,000 छात्रों को बनाया सशक्त

- **टाटा पावर ने झारखंड के जोजोबेरा में शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की है एक विशेष खेल पहल**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक टाटा पावर ने जोजोबेरा में 4,000 सरकारी स्कूल के छात्रों के बीच एथलेटिक उत्कृष्टता और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष खेल पहल शुरू की है। समाज के विकास के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए टाटा पावर इस पहल में गुणवत्तापूर्ण कोचिंग, अंतर-विद्यालय प्रतियोगिताओं की सुविधा प्रदान करके और भविष्य में सफलता हासिल करने के लिए युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा दे रही है और इस क्षेत्र में खेल परिदृश्य को बदलने का प्रयास कर रही है। इस पहल के जरिए, छात्रों को निपुण प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी और एथलेटिक्स में पेशेवर प्रशिक्षण मिल रहा है। टाटा पावर वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन करेगा जिसमें छात्रों को अपनी एथलेटिक प्रतिभा दिखाने के अवसर मिलेंगे।



अब तक इस पहल के कई प्रभावशाली परिणाम दिखाई दिए हैं, कई प्रतिभागियों ने जिला-स्तरीय प्रतियोगिताओं में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। छात्रों को उनके प्रशिक्षण में सहायता के लिए फुटबॉल, कोन, हर्डल, नीकैप, ट्रैक स्पाइक्स और रिले बैटन सहित आवश्यक खेल उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। यह पहल खेलो इंडिया जैसे व्यापक सरकारी कार्यक्रमों के साथ सहजता से एकीकृत होती है, युवा प्रतिभाओं को क्षेत्रीय और राष्ट्रीय मंचों से जोड़ती है, उनके लिए कई सारे अवसर खोलती है।

भविष्य में, इस पहल में सरकारी स्कूलों के छात्रों में प्रतिभा की पहचान करते हुए, उन्हें बढ़ावा देकर, प्रतिभा और खेल कौशल का जश्न मनाने के लिए एक भव्य खेल उत्सव की मेजबानी करने की योजना है। एथलेटिक कौशल को बढ़ाकर, छात्रों को जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए तैयार करना इस पहल का उद्देश्य है। टाटा पावर का यह प्रयास जोजोबेरा के युवाओं के बीच खेल कौशल और उत्कृष्टता की संस्कृति को विकसित करके, सार्थक परिवर्तन और प्रभाव पैदा करके सामुदायिक सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण बना है।

## महाशिवरात्रि को विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी



**रांची।** श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति के तत्वाधान में समिति के माननीय अध्यक्ष रमेश सिंह के आवास पर 26 फरवरी को होने वाली महापर्व महाशिवरात्रि के भव्य शोभा यात्रा के संबंध में सदस्यों के बीच गहन बातचीत संपन्न हुई। इस बैठक में रमेश सिंह ने कहा कि इस वर्ष महाशिवरात्रि की बारात की और भी भव्य एवं विशाल शोभायात्रा रांची शहर वासियों को भक्ति विभोर कर देगी। इस वर्ष के शोभायात्रा में 144 वर्ष बाद पड़ रहे महाकुंभ की चित्रण मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी। गुरुवार की बैठक में मुख्य रूप से रमेश सिंह, शैलेन्द्र कुमार, नवीन पपनेजा, राकेश अरोड़ा, नीरज जायसवाल, रवि अरोड़ा, नमन भारतीय, गौरव बजाज, अशोक बजाज, अजय सिंह तथा समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित हुए।

# कोडरमा में जिला स्तरीय कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन

# खेती कर स्वयं एवं जिला को भी बनायें समृद्ध : डॉ. नीरा यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सौजन्य से प्रखंड कार्यालय परिसर कोडरमा (ब्लॉक मैदान) में जिला स्तरीय कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. नीरा यादव शामिल हुए। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव, डीडीसी ऋतुराज, जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर बर्णवाल समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कृषि मेला का शुभारंभ किया। वहीं विधायक ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि के क्षेत्र में महिला किसान बहनें बेहतर कार्य कर रही हैं, किसानों को और बेहतर कृषि करने के लिए प्रशिक्षण दें, मृदा की जांच कराकर उन्हें बेहतर फसल उत्पादन करने के तरीके से अवगत करायें। वहीं उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि खेती कर स्वयं समृद्ध बनें और अपने कोडरमा जिला को भी समृद्ध बनायें।

वहीं डीडीसी ऋतुराज ने कहा कि कृषि से संबंधित हर चीजों को ध्यान देने की जरूरत है। प्रखंड स्तर पर मृदा की जांच करें और उसी स्तर पर फसल का उत्पादन करें, इससे उत्पादन में वृद्धि होगी, जल संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है। बिरसा हरित ग्राम योजना अन्तर्गत बागवानी योजना का लाभ लेकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं।

कृषि मेला में एग्री क्लीनिक सेंटर, कृषि विज्ञान केन्द्र, उद्योग विभाग (मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड), मत्स्य विभाग, इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर को ऑपरेटिव लिमिटेड कोडरमा, गव्य विकास कार्यालय, पशुपालन विभाग, भुमि संरक्षण विभाग, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगाए गए।

**किसानों के उत्पादित फसलों की उद्यान प्रदर्शनी :** कृषि मेला में किसानों द्वारा उत्पादित फसलों की उद्यान प्रदर्शनी लगायी गयी। जिसमें कोहड़ा, कद्दू, अमरूद, पपीता, केला, मटर, नींबू, हल्दी, आलू, पतगोभी, मूली, शलजम, मिर्चा, टमाटर, गजर, सेम, ब्रोकली, फूलगोभी, प्याज, अदरक, लहसुन समेत कई सब्जी और फल-फूल की प्रदर्शनी लगायी गयी। वहीं जिला पशुपालन पदाधिकारी राम सरीक प्रसाद, जिला गव्य विकास पदाधिकारी अरविन्द कुमार सिन्हा, जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर बर्णवाल और कृषि विज्ञान केन्द्र के पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में किसानों को बताया और उन योजनाओं का लाभ कैसे उठाएं इसकी जानकारी दी। मौके पर कृषि विज्ञान केन्द्र के पदाधिकारी, कृषि विभाग के पदाधिकारी, कर्मी, किसान मित्र समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# जीएसटी घोटाला में जमशेदपुर पुलिस ने झरिया में की छापेमारी

▶▶ **राहुल नामक युवक को ढूंढती रही, नहीं मिलने पर बैरंग लौटी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** झारखंड के विभिन्न जिलो में अलग अलग जीएसटी फर्जवाड़ा सिंडिकेट सक्रिय है। जीएसटी घोटाला को लेकर झरिया कोयलांचल का पुराना रिश्ता रहा है। गत वर्ष झरिया में अलग अलग तीन मामले दर्ज कराए गए थे,जिसकी जांच अभी तक पुलिस कर रही है। जमशेदपुर में जीएसटी घोटाले का तार झरिया से जुडने की चर्चा है। झरिया के धर्मशाला रोड में गुरुवार की सुबह जमशेदपुर जिला पुलिस के साथ जी एस टी अधिकारियों की टीम स्थानीय लोगो से किसी राहुल नामक युवक का पता पूछ रही थी। तभी उन्हें जानकारी मिली कि राहुल का आवास धर्मशाला रोड स्थित बैजनाथ भवन में है। पुलिसकर्मियों ने बैजनाथ भवन पहुंच राहुल की छोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद टीम वहां से निकल गई। अचानक यह कार्रवाई बाजार में चर्चा का विषय बनी हुई है। चर्चा है कि पूरा मामला जीएसटी चोरी से जुड़ा हुआ है। लोगों के मुताबिक कोयला कारोबार में जीएसटी पेपर के माध्यम से करोड़ों रुपये का घोटाला हुआ है। तार जमशेदपुर, रांची समेत अन्य राज्यों से जुड़े हुए हैं। अलग अलग कर्मचारियों के नाम से जीएसटी पेपर के माध्यम से कई फर्जी कंपनियों के जरिए लगभग सौ करोड़ से भी अधिक का घोटाला हुआ है। संयुक्त निदेशक के नेतृत्व मे जमशेदपुर से टीम आज सुबह आई थी। वही इस पूरे मामले को लेकर झरिया पुलिस ने बताया कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है।

## जमुआ पुलिस ने देशी कट्टा के साथ दो युवकों को किया गिरफ्तार




गिरिडीह। जमुआ थाना क्षेत्र के रंगामाटी गांव में इंद्रदेव वर्मा पिता प्रदीप वर्मा पर रात के करीब 9 बजे देशी कट्टे के साथ 6 युवकों ने हमला कर दिया था। हालांकि घटना में इंद्रदेव वर्मा बाल बाल बच गए। मामले की सूचना मिलते ही गिरिडीह एसपी डॉ विमल कुमार ने जमुआ थाना प्रभारी को कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश दिया। एसपी से निर्देश मिलते ही जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार दल बल के साथ रंगामाटी गांव पहुंचे और दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

गुरुवार को खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने जमुआ थाना में प्रेसवार्ता कर बताया कि गिरफ्तार दो युवकों में 19 वर्षीय रितेश पाण्डेय व 20 वर्षीय अनिमेष पांडेय शामिल है। दोनों ही जमुआ थाना क्षेत्र के चुंगलों के रहने वाले हैं। बताया कि दोनों युवकों के पास से एक देसी कट्टा एवं दो मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर इंद्रदेव वर्मा द्वारा जमुआ थाना में दिए गए आवेदन के आधार पर जमुआ थाना कांड संख्या 3/2025 दिनांक 15/1/2025 के तहत मामला दर्ज कर दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया है। वहीं अन्य चार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## एक नजर में

### नया और अनोखा रेस्तरां गोल्डन ट्री रेस्ट्रो का उद्घाटन

**रांची।** नया और अनोखा रेस्तरां गोल्डन ट्री रेस्ट्रो का उद्घाटन झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने गुरूवार को किया। यह प्रतिष्ठान श्याम आर्केड, अरसंडे कांके मेंस्थित है और पोटपोटो नदी के किनारे बोरिया रोड पर स्थित है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह रेस्तरां न केवल स्वाद में विविधता लेकर आया है, बल्कि यह राज्य को जीएसटी के रूप में आर्थिक योगदान भी देगा। रेस्तरां के संचालक मनमोहन चौधरी और राकेश रॉय ने बताया कि गोल्डन ट्री रेस्ट्रो में भारतीय, चीनी, इटालियन, तंदूरी, कॉन्टिनेंटल और अन्य बहु-व्यंजन विशेषताएं हैं, जो रांची के खाने के शौकिनों को एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करेंगी। मौके पर रेस्टोरेंट के मुख्य शेफ बुद्धदेव कुमार और कोऑर्डिनेटर शेफ उमेश लाल, लक्ष्मण चौधरी, स्टेट ट्रांसपोर्ट अप्रेसेंट ट्रिब्यूनल प्रेसडिंग ऑफिसर, जज दिव्या राघव, आजसू नेता प्रवीण प्रभाकर, डीएसपी राधा कृष्ण प्रेम किशोर, दीपक ओझा, संजय, सोमा उरांव और अन्य विशिष्ट लोग भी मौजूद थे।

### नाबालिग से गैंगरेप मामले में युवक दोषी करार

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने गुरुवार को नाबालिग से गैंग रेप मामले में ट्रायल फेस कर रहा लापुंग के पोटका निवासी युवक जागरण उरांव को दोषी करार दिया है। साथ ही सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 23 जनवरी की तारीख निर्धारित की है। जमानत पर चल रहा एक आरोपी राजेंद्र लोहरा बयान दर्ज कराने कोर्ट नहीं पहुंचा था। अदालत ने उसी दिन राजेंद्र लोहरा की जमानत को रद्द कर दी है। घटना को लेकर लापुंग थाना में 21 जनवरी 2021 को पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले के एक आरोपी की मौत सुनवाई के दौरान हो चुकी है।

### काली स्थान रोड का नाम महेंद्र सिंह स्ट्रीट किया जाए

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने गुरुवार को कामरेड महेंद्र सिंह की 20वीं शहादत दिवस मेन रोड स्थित महेंद्र सिंह भवन परिसर में मनाया। मौके पर परिसर में लगी उनकी भित्ति चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्य की रक्षा के संघर्ष में कामरेड महेंद्र सिंह ने अपना सब कुछ गंवा दिया। 90 के दशक में झारखंड अलग राज्य के पक्ष में विशाल जनसभा मोरहाबादी में आयोजित किये थे। उनका कृत्वय एवं व्यक्तित्व जाती पार्टी धर्म से ऊपर था। वे पूंजीवाद, उपनिवेशवाद, निजीकरण के खिलाफ लगातार संघर्ष जारी रखें। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में डॉ रामनाथ मेहता, मो जबीरूल्लाह अंसारी, मो जैदी, ए खलखो आदि शामिल थे।

**महेंद्र सिंह के शहादत दिवस पर संकल्प सभा आयोजित :** दूसरी तरफ भाकपा माले केंद्रीय कमेटी ने महेंद्र सिंह भवन में संकल्प सभा का आयोजन किया। कमेटी के सदस्य शुभेंदु सेन ने इसका संचालन किया। इसमें कॉमरेड महेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि देकर एक मिनट का मौन रख कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सभा में 20 जनवरी को प्‍रिमी छोटानागपुर जन कन्वेंशन करने का फैसला लिया गया। सभा में फैसल अनुराग, टोनी, सुशील एक्का, कुमार वरुण, अनंत प्रसाद गुप्ता, समर सिन्हा, सोहेल अंसारी, मोइन, प्रमोद, अजय मंडल, नंदिता भप्‍ताचार्य, राम नाथ, पुस्कर महतो, मो खालिख, राम महतो शामिल हुए।

### बाल तस्करी की शिकार बच्ची को डाल्सा ने बचाया

**धनबाद।** बाल तस्करी की शिकार गुमला की एक बच्ची को डालसा ने आज रेसक्यू किया। पीड़ित बच्ची को अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन के आदेश पर सीडब्ल्यूसी ने होप होम को सुपुर्द किया। वहीं इस मामले में श्रम अधीक्षक को भी कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव राकेश रोशन ने बताया कि धनबाद की एक महिला अधिवक्ता को रणधीर वर्मा चौक के समीप गुमला की एक बच्ची असहाय हालत में घूमती हुई मिली। अधिवक्ता ने नालसा के टॉल फ्री नम्बर 15100 पर पर फोन कर सहायता की गुहार लगाई।

## बिजली वितरण निगम का बढ़ता जा रहा घाटा, 10 हजार से अधिक बकाएदारों की कटेगी बिजली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम का घाटा बढ़ता ही जा रहा है। इस समस्या से निपटने के लिए वितरण निगम ने राजस्व बढ़ाने पर जोर दिया है। साथ ही 10 हजार से अधिक बिजली बिल बकाएदारों का लाइन काटने का निर्देश दिया है। घरेलू उपभोक्ता के पुराने बिजली माफ होने के बाद अब ज्यादातर शहरी क्षेत्र में ही कुछ बड़े बिजली बिल बकाएदार हैं। इन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा बड़े बकाएदार खासकर

किस वित्तीय वर्ष में कितने करोड़ का घाटा

| वित्तीय वर्ष | घाटा (करोड़ में) |
|---|---|
| 2020-21 | 2200 करोड़ |
| 2021-22 | 2600 करोड़ |
| 2022-23 | 2400 करोड़ |
| 2023-24 | 7400 करोड़ |

कॉमर्शियल कन्ज्यूमर और सरकारी विभागों के ऊपर बकाया राशि को वसूलने का निर्णय लिया गया है।

**सालाना 8975 करोड़ की खरीदी जाती है बिजली :** झारखंड बिजली वितरण निगम सालाना 8975 करोड़ की बिजली विभिन्न पावर कंपनियों से खरीदता है। इसके एवज में वितरण निगम को सालाना 7311 करोड़ का विभिन्न स्त्रोतों से राजस्व की प्राप्ति होती है। इसका खुलासा बिजली वितरण की ऑडिट रिर्पोट में हुआ है। इस हिसाब से लगभग 1663 करोड़ का सालाना रेवेन्यू गैप रह जाता है।

**एचईसी का 245 करोड़ बकाया :** एचईसी के ऊपर 245 करोड़ बकाया है, जिसके लिए जेबीवीएनएल ने नोटिस भेजकर जल्द भुगतान करने की चेतावनी दी है। राज्यभर में जेबीवीएनएल का बकाया करीब 8000 करोड़ है।

### झारखंड में अगले 5 दिनों तक न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं

**रांची।** झारखंड में अगले पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। रांची के मौसम केंद्र ने गुरुवार को जो मौसम पूवार्नुमान जारी किया है, उसमें भी यही बात कही गई है।

**17 और 18 जनवरी को कोहरा और धुंध छाया रहेगा :** 17 जनवरी को राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा रह सकता है। इसके बाद आसमान में बादल छाये रह सकते हैं। 18 जनवरी को झारखंड में सुबह में कोहरा या धुंध छाया रहेगा।

### छविरंजन की याचिका के बाद अधिवक्ता का बयान सौंपा जायेगा

**रांची।** आर्मी लैंड घोटाले में जांच का सामना कर रहे आईएएस छवि रंजन ने ईडी कोर्ट में एक नई याचिका दायर की है। छवि रंजन ने कोर्ट से अनुरोध किया है कि वह प्रवर्तन निदेशालय को आदेश दे कि वह अधिवक्ता हिमांशु मेहता का बयान मुहैया कराये। मेहता का बयान ईडी के दस्तावेजों में से एक है और कुल 49 अनरिलाइड दस्तावेज हैं, जो ईडी की जांच का हिस्सा हैं। इससे पहलेए कोर्ट ने छवि रंजन के पक्ष में आदेश जारी करते हुए ईडी को कहा था कि वह अनरिलाइड दस्तावेज रंजन के साथ साझा करें।

## 300 दरोगा को इंस्पेक्टर रैंक में मिलेगी प्रोन्नति, आठ सप्ताह लेना होगा प्रशिक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड पुलिस के 300 दरोगा स्तर के पदाधिकारियों को इंस्पेक्टर रैंक में प्रोन्नति मिलेगी। हालांकि इससे पहले इन पुलिस पदाधिकारियों को आठ सप्ताह (दो महीने) का प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेना होगा इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी कर दिया है।

**19 जनवरी से शुरू होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम :** जारी आदेश के मुताबिक, राज्य में सभी जिला और इकाई संवर्ग के दरोगा से इंस्पेक्टर के पद पर प्रोन्नति के लिए आठ सप्ताह का प्रोन्नति प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया जाना अनिवार्य है। इसको लेकर सभी को इंस्पेक्टर रैंक में प्रोन्नति के पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 19 जनवरी को झारखंड पुलिस अकादमी, हजारीबाग में योगदान करना है।

**समय पर प्रशिक्षण पूरा कराना करें सुनिश्चित :** जारी आदेश में कहा गया है कि जो दरोगा सूची में शामिल हैं, लेकिन उनका स्थानांतरण कहीं और हो गया है, वे अपने नियंत्री पदाधिकारी के जरिये प्रशिक्षण निदेशालय को सूचित कर प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करें। सभी एसपी, इकाई प्रमुख और प्राचार्यों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित तिथियों से एक दिन पहले प्रशिक्षण संस्थान, जिले और इकाई में योगदान कराएं। साथ ही आदेशित पदाधिकारियों को समय पर प्रशिक्षण पूरा कराना भी सुनिश्चित करें।

## संत जेवियर्स कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शिक्षा विभाग, संेंट जेवियर्स कॉलेज के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' का आयोजन गुरूवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामकृष्ण मिशन टीबी सेनेटोरियम तुपुदाना, राँची के सचिव स्वामी सत्संगानन्द ने स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने का आह्‌वान किया।


## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)
### झारखण्ड, सरकार
### कार्यालय:- जिला पशुपालन पदाधिकारी, गुमला

**आम सूचना**

गुमला जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश संख्या– 02 रा0(विभाग), दिनांक–04.05.2023 के आलोक में जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के कुल 147 पंचायतों में दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर द्वितीय चरण का आयोजन किया जा रहा है। पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को शिविर स्थल में अपने पशुओं की चिकित्सा, बंध्याकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं स्वास्थ्य जाँच निःशुल्क करावें एवं योजना का लाभ उठावें। शिविर का समय सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे निर्धारित है।

| क्रमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम/पदनाम/दूरभाष संख्या |
|---|---|---|---|---|
| प्रखण्ड– कामडारा | | | | |
| 1 | तुरूण्डु | कोन्डेकेरा | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 मधु कुमारी, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कामडारा (9031079919) |
| 2 | कोन्सा | कोन्सा | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 3 | सालेगुटू | गरई | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 4 | रेड़वा | नवाडीह | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| 5 | रामतोल्या | पोकला | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड– बसिया | | | | |
| 6 | बसिया | जकजोर | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 सूर्यवंश ठाकुर, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, बसिया (9431396407) |
| 7 | पंथा | लावाकेरा | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 8 | बनई | बोंडेकेरा | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 9 | कुम्हारी | घनसेरा | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| 10 | पोकटा | बंगरकेला | 31.01.2025 | |
| 11 | ईटाम | दालमाडी | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 रूपा लकड़ा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बसिया (9934163128) |
| 12 | तुरबुंगा | गुडरडीह | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 13 | आरया | सुकवेदा | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 14 | मोरेंग | मतरडेगा | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| 15 | कोनबीर | सरैयडीह | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड– पालकोट | | | | |
| 16 | बागेसेरा | मलई | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 कविता बाला टुटी, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, पालकोट (9709041400) |
| 17 | बाघिमा | हसदोन | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 18 | बंगरू | दमकारा | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 19 | कोलेंग | रोमरा | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| 20 | बिलिंगबीरा | डोमबाबीरा | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड– डुमरी | | | | |
| 21 | नवाडीह | हड़सरी | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 रूपामनी मिंज, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डुमरी (8084136098) |
| 22 | खेतली | हथलदा | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 23 | करनी | लोहड़ा | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 24 | जैरागी | गालु | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| 25 | मझगाँव | एकम्बा | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड– जारी | | | | |
| 26 | जरडा | घटमा टोली | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 रितु टोप्पो, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चैनपुर (7541870696) |
| 27 | मेराल | सकतार | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| प्रखण्ड– बिशुनपुर | | | | |
| 28 | सेरका | सेरका | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 मीनू खलखो, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, बिशुनपूर (7739348172) |
| 29 | अमतीपानी | अमतीपानी | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 30 | निरासी | बनालात | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 31 | घाघरा | घाघरा | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| 32 | चिरोडीह | चिरोडीह | 31.01.2025 | |
| 33 | गुरदरी | कुजाम | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 लवलीन श्वेता खाखा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बिशुनपुर (6299670945) |
| 34 | हेलता | डीपाडीह | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 35 | नरमा | बेती | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 36 | बनारी | चिंगरी | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| प्रखण्ड– घाघरा | | | | |
| 37 | बिमरला | बिमरला | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 सीमा एक्का, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, घाघरा (9006087716) |
| 38 | कुगाँव | कुगाँव | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 39 | देवाकी | कोटामाटी | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 40 | चुन्दरी | हापामुनी | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| 41 | बेलागड़ा | बुरहु | 31.01.2025 | |
| 42 | दिरगाँव | हेदमी | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 अरूण उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, घाघरा (9934566365) |
| 43 | रूकी | बड़ा अजियातु | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 44 | आदर | लासडोंड़ | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 45 | सरांगो | मलगो | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| 46 | कोहीपाठ | अरंगी | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड– सिसई | | | | |
| 47 | सिसई | सिसई | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 स्मृति तिर्की, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सिसई (7294166795) |
| 48 | लकेया | लकेया | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 49 | भदौली | भदौली | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 50 | नगर | कपिलनाथ | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| 51 | ओलमोण्डा | रामल | 31.01.2025 | |
| 52 | बरगाँव(उ0) | बरगाँव | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 अभिनव, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सिसई (993566365) |
| 53 | बरगाँव(द0) | मकुन्दा | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 54 | भुरसो | पहामु | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 55 | छारदा | मंगलो | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| 56 | शिवनाथपुर | पंडरानी | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड– भरनो | | | | |
| 57 | करंज | मालादोन | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 विजय भारती, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भरनो (9431393487) |
| 58 | डोम्बा | डोम्बा | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 59 | आताकोरा | कहादेव चेंगरी | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 60 | दुम्बो | दुम्बो | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| 61 | भरनो(द0) | कुम्हरो | 31.01.2025 | |
| 62 | करौंदाजोर | कोनजाली | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 अमरेश नारायन सिन्हा, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, भरनो (9430767353) |
| 63 | सुपा | सुपा | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 64 | मारासिल्ली | कुसुमबहा | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 65 | अमलिया | बनटोली | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| 66 | भरनो(उ0) | बुढ़ीपाट | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड– गुमला | | | | |
| 67 | पुग्गु | पुग्गु | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 बबलु सुंडी, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मुरकुण्डा। (7903659305) |
| 68 | सिलाफारी | सिलाफारी | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 69 | फसिया | फसिया | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 70 | अरमई | उर्मी | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| 71 | कुम्हरिया | कुम्हरिया | 31.01.2025 | |
| 72 | टोटो | मुरूमसोकरा | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 मयूर कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, टोटो (7070118645) |
| 73 | फोरी | टिगरा | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 74 | नवाडीह | छोटालोरो | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 75 | तेलगाँव | तेलगाँव | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| 76 | बसुआ | संवरीय | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड– रायडीह | | | | |
| 77 | जरजट्टा | सलकाया | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 लतिका, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, रायडीह (8789486303) |
| 78 | सिलम | सिलम | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 79 | उपरखटंगा | सुरू | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 80 | सुरसांग | तुलमुंगा | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 रेखा टेरेसा कुजूर, भ्र0 पशु0 पदाधिकारी, चेकपोस्ट, रायडीह (9431751860) |
| 81 | केंपुर | केंपुर | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 82 | पिबो | मरदा | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 83 | सिकोई | सिकोई | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 तेज नारायण गुरू, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, रायडीह (8002471594) |
| 84 | परसा | परसा | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 85 | कैम्टे | कंचोड़ा | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 86 | कासिर | मुरूमकेला | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| 87 | कोंडरा | कोन्केल | 31.01.2025 | |
| प्रखण्ड– चैनपुर | | | | |
| 88 | बामदा | कुटया | 20.01.2025– 21.01.2025 | डॉ0 धर्मरक्षित विद्यार्थी, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, चैनपुर (9431326476) |
| 89 | बारडीह | रोघाडीह | 24.01.2025– 25.01.2025 | |
| 90 | जनावल | कटाबिल | 27.01.2025– 28.01.2025 | |
| 91 | बरवेनगर | सिलफरी | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| 92 | छिछवानी | सुखड़ी | 31.01.2025 | |
| 93 | चैनपुर | चैनपुर | 27.01.2025– 28.01.2025 | डॉ0 रितु टोप्पो, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चैनपुर (7541870696) |
| 94 | कातिंग | कातिंग | 29.01.2025– 30.01.2025 | |
| 95 | केन्दोरा | सरस्वी | 31.01.2025 | |

नोट:– अपरिहार्यवश निर्धारित तिथि में शिविर का आयोजन नही होने पर स्थानीय पशुचिकित्सक द्वारा प्रचार–प्रसार कर अगली तिथि की सूचना दी जायेगी।

PR 344384 Animal Husbandry (24-25)_D    जिला पशुपालन पदाधिकारी, गुमला

# आर्थिक गिरावट का दौर

देश की अर्थव्यवस्था के लिए हाल के आंकड़े अच्छे संकेत नहीं दे रहे हैं। सरकार ने एक्सपोर्ट और इंपोर्ट के आंकड़े जारी किए हैं, जो चिंता पैदा करने वाले हैं। इस डाटा की वजह से रुपए और शेयर बाजार में गिरावट हो सकता है। इन आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2024 में भारत का निर्यात 1% घटकर 38.01 अरब डॉलर रहा, जबकि इंपोर्ट 4.8% बढ़कर 59.95 अरब डॉलर हो गया। इसका परिणाम यह है कि व्यापार घाटा और बढ़ गया है, जो देश की आर्थिक स्थिति के लिए शुभ संकेत नहीं है। हालांकि महीने के मुकाबले दिसंबर में देश के वस्तुओं के एक्सपोर्ट में इजाफा देखने को मिला हो लेकिन बीते वर्ष की समान अवधि के मुकाबले में गिरावट देखने को मिली है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश का वस्तु निर्यात दिसंबर, 2024 में सालाना आधार पर करीब एक फीसदी घटकर 38.01 अरब डॉलर रह गया। दिसंबर, 2023 में यह आंकड़ा 38.39 अरब डॉलर रहा था। अगर बात नवंबर महीने की करें तो भारत का वस्तुओं का एक्सपोर्ट 32.11 बिलियन डॉलर देखा गया था, जो नवंबर 2023 में 33.75 बिलियन डॉलर से कम था।वहीं दूसरी ओर इंपोर्ट की बात करें तो भारत के इंपोर्ट में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। दिसंबर के एक्सपोर्ट और इंपोर्ट में काफी अंतर देखने को मिल रहा है। आंकड़ों के अनुसार दिसंबर के महीने में व्यापार घाटा यानी आयात व निर्यात के बीच का अंतर 21.94 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। ट्रेड डेफिसिट मौजूदा वित्त वर्ष में 210.77 अरब डॉलर है। देश का आम वजट अब आने वाला है ऐसे में केन्द्र सरकार पर यह दबाव बढ़ गया है कि किस प्रकार स्थितियों को नियंत्रित करे। पेट्रोलियम पदार्थ के मूल्यों में वृद्धि से भी नुकसान हो रहा है क्योंकि इसके कारण विदेशी मुद्रा भंडार पर असर पड़ता है।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पहुंचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

# युवा आधी आबादी की बढ़ती महत्वकांक्षा और उम्मीद

**पिछले** एक दशक में युवा भारतीय महिलाओं की आकांक्षाओं में एक परिवर्तनकारी बदलाव देखा गया है, जो उनकी बढ़ती स्वायत्तता, शिक्षा और कार्यबल में भागीदारी को दर्शाता है। यह विकास भारत के सामाजिक परिदृश्य को महत्त्वपूर्ण रूप से पुनर्परिभाषित कर रहा है। उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कियों की अब लड़कों के बराबर शैक्षिक उपलब्धि है, जिसमें 50% से अधिक युवा महिलाएँ कक्षा 12 पूरी कर रही हैं और 26% कॉलेज की डिग्री प्राप्त कर रही हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (2017-18) उच्च शिक्षा में महिलाओं के बढ़ते नामांकन पर प्रकाश डालता है, जिसमें महिला सकल नामांकन अनुपात 27.3% तक पहुँच गया है। युवा महिलाएँ विभिन्न कैरियर पथों और डिजिटल कौशल प्लेटफॉर्म तक पहुँच से प्रभावित होकर पेशेवर महत्त्वाकांक्षाओं को तेजी से प्राथमिकता दे रही हैं। स्किल इंडिया मिशन और स्टेम फॉर गर्ल्स इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने तकनीकी क्षेत्रों में युवा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है।

विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएँ अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52% महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42% थी। कई युवा महिलाएँ आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है। उदाहरण के लिए: नीति आयोग द्वारा महिला उद्यमिता मंच ने 10, 000 से अधिक महिला उद्यमियों के नेटवर्क को बढ़ावा दिया है। युवा महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय शासन में बढ़ती भागीदारी के साथ राजनीतिक रूप से अधिक सक्रिय हैं। ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वयं सहायता समूह सदस्यता 2012 में 10% से बढ़कर 2022 में 18% हो गई। ये आकांक्षाएँ पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और मानदंडों को चुनौती दे रही हैं। जैसे-जैसे अधिक महिलाएँ करियर बना रही हैं, घरों में पारंपरिक लैंगिक अपेक्षाएँ बदल रही हैं।

मनरेगा पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन प्रदान करता है, जो ग्रामीण घरेलू गतिशीलता को प्रभावित करता है। अधिक शिक्षा और आय के साथ, युवा





- डॉ उषा किरण

> विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएँ अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52 प्रतिशत महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42 प्रतिशत थी। कई युवा महिलाएँ आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है।

महिलाओं का अब परिवार के वित्तीय और सामाजिक निर्णयों में अधिक प्रभाव है। स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को सामूहिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाया है। बाद में विवाह करने और साथी चुनने में सक्रिय भागीदारी की ओर बदलाव ने अरेंज मैरिज की पारंपरिक संरचना को चुनौती दी है। बाल विवाह में कमी और बाद में विवाह करने को प्राथमिकता देने की रिपोर्ट करता है। बढ़ती स्वतंत्रता ने सामाजिक प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए शिक्षा या काम के लिए महिलाओं की अकेले यात्रा को सामान्य बना दिया है। 2012 में 42% की तुलना में अब 54% महिलाएँ बस या ट्रेन से अकेले यात्रा करने में सहज महसूस करती हैं। युवा महिलाएँ पेशेवर सेटिंग्स में लैंगिक समानता के बारे में तेजी से मुखर हो रही हैं, कानूनी और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा दे रही हैं। पोष अधिनियम (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम), 2013 ने महिलाओं को कार्यस्थल के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने के लिए सशक्त बनाया है। स्वयं सहायता समूह और ग्राम सभाओं में युवा महिलाएँ शासन में महिलाओं की भूमिका पर पारंपरिक विचारों को चुनौती दे रही हैं। केरल कुदुम्बश्री मिशन महिला-नेतृत्व वाले शासन को बढ़ावा देता है, जिसने राज्यों में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित किया है। भारतीय महिलाएँ ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएँ न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएँ मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बडे. उदाहरण स्थापित किए हैं।

2030 तक पृथ्वी को मानवता के लिए स्वर्ग समान जगह बनाने के लिए भारत सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ चला है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण करना सतत विकास लक्ष्यों में एक प्रमुखता है। वर्तमान में प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, समावेशी आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है।

महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति है। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से महिलाएँ न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती में भी योगदान दे रही हैं। सरकार के निरन्तर लगातार आर्थिक सहयोग से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में उनकी भागीदारी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। पिछले 6-7 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों का अभियान और तेज हुआ है। आज देश भर में 70 लाख स्वयं सहायता समूह हैं। महिलाओं के पराक्रम को समझने की जरूरत है, जो हमें महिमा की अधिक ऊंचाइयों तक पहुँचाएगी। आइए हम उन्हें आगे बढ़ने और फलने-फूलने में मदद करें। महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण के लिए 'अमृत काल' इन्हें समर्पित हो।

युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएँ भारत के सामाजिक ताने-बाने को उत्तरोत्तर रूप से परिभाषित कर रही हैं, एक ऐसे समाज को बढ़ावा दे रही हैं जहाँ लैंगिक समानता और महिलाओं की एजेंसी आदर्श बन गई है। सहायक नीतियों को सुनिश्चित करने से इस बदलाव में तेजी आ सकती है, जिससे समावेशी और सशक्त भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

**(संस्कृत विभाग विमेंस कॉलेज रांची)**

## लेटर टू एडिटर

### समाज की हालत

**विभिन्न** राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए लोकलुभावने वादे और मुफ्त की सुविधाएं बांट रहे हैं, जो वास्तविकता में भ्रष्टाचार का ही एक रूप है। उनका सुझाव है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों को अयोग्य घोषित करना चाहिए, जो अपने घोषणा पत्र की बुनियादी बातें पूरी नहीं करतीं। मुफ्त सुविधाएं अंततः उनके ही टैक्स से आती हैं। अगर सरकार सही तरीके से शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि की समस्याओं का समाधान तो समाज में वास्तविक सुधार संभव है।

**-बृजमोहन ओझा, रांची**

### अपराध की राह

**आजकल** बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से गन कल्चर से प्रभावित होकर नकली हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं, हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए। अगर वे लापरवाह रहे तो भारत को अमेरिका बनते देर नहीं लगेगी। **- प्रकाश सिंह, रांची**

## ट्वीट

**महाकुंभ** में हम जिस अमृत तत्व का अन्वेषण कर रहे हैं, उसकी संप्राप्ति जल से ही संभव है। मां गंगा अमृतोद्भवा है, गंगा जल के प्रत्येक कण में अमृतत्व का प्रवाह है। अतः उसकी शुचिता, सातत्य और प्रवाहमानता सहेज कर रखें। कुम्भ स्नान करते हुए नदियों एवं तीर्थस्थलों की पवित्रता का विशेष ध्यान रखें। महाकुम्भ के महापर्व मकर संक्रांति के दुर्लभ संयोग में अनेक पूज्य संतों, साधकों और भक्तों के साथ कल्याणी माँ गंगा, भवतारिणी माँ यमुना और अंतःसलिला माँ सरस्वती ह्रिवेणी संगमह्न में प्रथम अमृतस्नान में सम्मिलित होकर आह्लादित हूँ।

**- अवधेशानंद गिरी**

# 26 जनवरी को होने वाला है क्या बड़ा ऐलान?

**450 मिलियन डॉलर, भारत का अचूक हथियार, गणतंत्र दिवस का खास मेहमान,**

**अभिनय आकाश**

हिन्दुस्तान के हथियारों की ताकत की धमक अब दुनियाभर में सुनाई दे रही है। जिसमें सबसे पहला नाम सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का है। ये भारत की ऐसी मिसाइल है जिसकी काट दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। अब इसी हथियार से ड्रैगन के शिकार की तैयारी हो रही है।

अब सब ने एक खबर पढ़ी या सुनी होगी कि इस बार भारत की तरफ से इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो चीफ गेस्ट के तौर पर बुलाया गया है। 2024 पर नजर डालें तो फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को चीफ गेस्ट के तौर पर बुलाया गया था। वहीं इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के बतौर चीफ गेस्ट आने की बात जब सामने आई तो कई लोगों ने कहा कि इस बार मुख्य अतिथि के रूप में किसी बड़े देश के नेता को नहीं बुलाया गया। कई मोदी विरोधी ये तक कहने लग गए कि अब वो बात पीएम मोदी में नहीं रही, ट्रंप बुला नहीं रहे और इधर कोई बड़ा नेता भारत आ नहीं रहा। इसलिए इंडोनेशिया को ही बुला लिया गया। लेकिन 26 जनवरी के मुख्य अतिथि के द्वारा ऐसा बड़ा ऐलान किया जा सकता है, जिससे दुनिया के कई देशों के होश उड़ जाएंगे और चीन के तो माथे पर निश्चित ही पसीना आ जाएगा।

450 मिलियन डॉलर का समझौता

हिन्दुस्तान के हथियारों की ताकत की धमक अब दुनियाभर में सुनाई दे रही है। जिसमें सबसे पहला नाम सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का है। ये भारत की ऐसी मिसाइल है जिसकी काट दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। अब इसी हथियार से ड्रैगन के शिकार की तैयारी हो रही है। भारत इंडोनेशिया को ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति के लिए 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सौदे को अंतिम रूप देने के करीब है। मामले से

## सामयिक



परिचित सूत्रों के अनुसार, इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय ने खरीद के संबंध में जकार्ता में भारतीय दूतावास से आधिकारिक तौर पर संपर्क किया है। इस सौदे की घोषणा इंडोनेशियाई राष्ट्रपति की आगामी नई दिल्ली यात्रा के दौरान होने की उम्मीद है। समझौते को सुविधाजनक बनाने के लिए, भारत भारतीय स्टेट बैंक या किसी अन्य राष्ट्रीय बैंक के माध्यम से इंडोनेशिया को ऋण देने पर विचार कर रहा है।

गणतंत्र दिवस पर हो सकती है घोषणा

दुनिया के सबसे ताकतवर सुपरसोनिक मिसाइल की ताकत कुछ ऐसी है कि चीन जैसा देश भी इसका सामना करने से कतराता है। ब्रह्मोस प्रणाली में इंडोनेशिया की रुचि उसके रक्षा आधुनिकीकरण लक्ष्यों और क्षेत्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप है। इस सौदे से भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा संबंध मजबूत होने की भी उम्मीद है, जो जनवरी 2024 में ब्रिक्स समूह में शामिल हुआ। इंडोनेशिया के ब्रिक्स में शामिल होने से भारत सहित सदस्य देशों के साथ उसकी रणनीतिक साझेदारी गहरी हो गई है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत-रूस संयुक्त उद्यम है और यह सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का उत्पादन करता है जिन्हें पनडुब्बियों, पोतों, विमानों या जमीन से प्रक्षेपित किया जा सकता है। यह मिसाइल ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना की गति से उड़ान भरती है। यह संस्करण लगभग 290 किलोमीटर दूरी तक मार सकता है।

# कलह की छेद से परेशान 'इंडिया'18 महीनों में ही बेडगर गठबंधन

**जगदीश यादव**

वैसे राजनीति के बारे में तय कुछ भी करना कठिन हो सकता है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने कहा कि इंडिया गठबंधन सिर्फ.लोकसभा चुनाव के लिए बनाया गया था। वहीं आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने भी कुछ ऐसी ही बात कही।

भारत में गठबंधन की सरकार की बात करना कोई नई नहीं है। लेकिन भाजपा के खिलाफ खासकर मोदी सरकार के खिलाफ जिस तरह से गठबंधन की नाव बन रही है। नाव के नदी में जाने से छेद होती दिख रही है। बहरहाल पहले दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप और कांग्रेस के बीच फूट और अब उद्धव ठाकरे द्वारा अकेले बीएमसी चुनाव लड़ने की घोषणा ने इंडिया गठबंधन में बड़ी दरार पैदा कर दी है। गठबंधन से जुड़े चार प्रमुख नेताओं के क्रियाकलापों ने या तो इसके टूटने के या इसे पूरी तरह खत्म हो जाने के संकेत दिए हैं।

वैसे राजनीति के बारे में तय कुछ भी करना कठिन हो सकता है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने कहा कि इंडिया गठबंधन सिर्फ.लोकसभा चुनाव के लिए बनाया गया था। वहीं आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने भी कुछ ऐसी ही बात कही। हालांकि, कुछ पार्टियों को अभी भी गठबंधन के भविष्य को लेकर आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। जुलाई 2023 में बेंगलुरु में उक्त गठबंधन की नींव रखी गई थी, जिसमें 26 पार्टियां गठबंधन में शामिल हुई थीं। लोकसभा चुनाव के दौरान, गठबंधन ने महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार जैसे राज्यों में एनडीए को चुनौती दी गई थी। नतीजतन, भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल करने में कामयाब नहीं रही। चुनाव में एनडीए ने 296 सीटें जीतीं, जबकि इंडिया गठबंधन ने 230 सीटें हासिल कीं। गठबंधन ने इसे अपनी जीत माना। हालांकि, लोकसभा चुनाव के ठीक आठ महीने बाद, गठबंधन टूटने की कगार पर पहुंच गया है, बस आधिकारिक घोषणा बाकी है। इस विभाजन के लिए राजनीति के जानकार चार प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं।

आरजेडी के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी के मुताबिक, हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद गठबंधन में दरार दिखने लगी थी। कांग्रेस ने अपने अड़ियल रवैये के कारण हरियाणा में एक जीतने लायक चुनाव गंवा दिया, जो गठबंधन के प्रति उसके रवैये तक फैल गया। इससे सहयोगी दल सतर्क हो गए

## सामयिक



और गठबंधन के भीतर नए नेतृत्व की मांग उठने लगी। हरियाणा चुनाव नतीजों के एक दिन बाद अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। प्रस्तावित 10 सीटों में से दो सीटें कांग्रेस को देने पर सहमति बनी। हालांकि, अखिलेश ने कांग्रेस को सीटें देने से इनकार कर दिया। जबकि, गठबंधन के एक नेता ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस अति आत्मविश्वास में आ गई है। लचीला रुख अपनाने के बजाय वह और सख्त होती गई। यह व्यवहार महाराष्ट्र में भी देखने को मिला। पहले कांग्रेस संसद में मुद्दे उठाने से पहले सहयोगी दलों से सलाह लेती थी। लेकिन शीतकालीन सत्र के दौरान यह प्रथा खत्म हो गई और कांग्रेस के नेता स्वतंत्र रूप से काम करने लगे। सपा, तृणमूल और एनसीपी ने उद्योगपति गौतम अडानी जैसे मुद्दों पर कांग्रेस का खुलकर विरोध किया और पार्टी के रुख का समर्थन करने से इनकार कर दिया। देका जाए तो कांग्रेस कथित तौर पर अडानी मुद्दे पर अपने सहयोगियों के समर्थन की कमी से परेशान है, जिसे वह एक बड़ी चिंता मानती है। कांग्रेस को लगता है कि एकता की कमी से उसकी छवि खराब हो रही है और बदले में उसने ऐसे सहयोगियों को प्राथमिकता देना बंद कर दिया है जो ऐसे मुद्दों पर मुखर नहीं हैं।

कांग्रेस की अपने आधार को बढ़ाने की महत्वाकांक्षा ने भी तनाव को बढ़ावा दिया है। पार्टी ने हरियाणा में अकेले चुनाव लड़ा और महाराष्ट्र में अधिक सीटों के लिए दबाव बनाया, लेकिन दोनों राज्यों में विफल रही। बिहार में आरजेडी और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को डर है कि 2025 और 2026 में उनके अपने राज्यों में भी इसी तरह की दबाव वाली रणनीति अपनाई जाएगी। छोटी पार्टियों का तर्क है कि उन्हें उन राज्यों में गठबंधन का नेतृत्व करना चाहिए जहां उनके पास महत्वपूर्ण जन समर्थन है, वे एनडीए का उदाहरण देते हैं, जहां आंध्र प्रदेश में टीडीपी और बिहार में नीतीश कुमार की जेडी(यू) आगे है। खैर जो भी हो जुलाई 2023 में अपने गठन के बाद से, इंडिया गठबंधन ने न तो कोई नेता नियुक्त किया है और न ही कोई संयोजक। ममता बनर्जी ने गठबंधन का नेता बनने में रुचि दिखाई, लेकिन कांग्रेस ने कोई भाव ही नहीं दी।

## स्पीड न्यूज

### अस्पताल में मरीजों से मिले सतीश सिन्हा



भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सतीश सिन्हा ने गुरुवार को नईसराय अस्पताल का दौरा कर विभिन्न समस्याओं से रू-ब-रू हुए। इस अवसर पर सतीश सिन्हा नईसराय अस्पताल के सभी डिपार्टमेंट का बारीकी से निरीक्षण करते हुए मरीजों का भी हाल-चाल जाना। साथ ही अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सतीश सिन्हा ने नईसराय अस्पताल के सीएमएस चक्रवर्ती जी से मुलाकात कर कई समस्याओं से भी अवगत हुए। मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि सभी मुद्दों को सीसीएल मुख्यालय में उठाया जाएगा। साथ ही इसके सभी समस्याओं के समाधान के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा। मौके पर यूनियन के नईसराय अध्यक्ष शरण, सचिव आफताब आलम, कुजू क्षेत्रीय सचिव रामभजन महतो, बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, अरगड्डा क्षेत्रीय सचिव सत्येंद्र महतो, कुजू सेफ्टी बोर्ड सदस्य तेजनाथ महतो, शहाबुद्दीन, खालिद, सनी कुमार आदि मौजूद थे।

### वैश्य मोर्चा के कोषाध्यक्ष के मां का निधन



भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहु की मां पार्वती देवी 82 वर्ष का बुधवार की रात्रि पुस्तैनी आवास ग्राम बलकुदरा में निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। गुरुवार को ग्राम बलकुदरा स्थित नदी घाट में उनके पार्थिव शरीर का दाह संस्कार किया गया। राजेन्द्र प्रसाद साहु के माता के निधन पर वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, केंद्रीय महासचिव आदित्य नारायण प्रसाद, संगठन सचिव राजाराम प्रसाद आदि ने शोक व्यक्त किया है। इधर पार्वती देवी के निधन को लेकर 18 जनवरी को पतरातु डैम में होने वाले प्रशिक्षण शिविर सह परिवार मिलन समारोह को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। अगली कोर कमेटी की बैठक में आगे की तिथि पर विचार किया जाएगा।

### धनबाद के सदस्यता प्रभारी बने संतोष



भुरकुंडा (रामगढ़)। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने भुरकुंडा निवासी संतोष यादव को धनबाद जिला सदस्यता प्रभारी बनाया। साथ ही निर्देश दिया है कि जिला अध्यक्ष से समन्वय स्थापित कर संगठन की मजबूती प्रदान करने के लिये ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोड़कर सदस्य बनाने का काम करें। ताकि संगठन को मजबूती प्रदान कर राजद सुप्रीमो लालू यादव के हांथो को और मजबूत करने का काम किया जा सके। इधर राजद के नवमनोनित धनबाद जिला सदस्यता प्रभारी संतोष यादव कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ मुझे यह कार्यभार सौंपा गया है उसे ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा। उन्होंने को सबों को एक सूत्र में पिरोकर राजद को और बुलंदियों तक ले लाना मेरी प्राथमिकता होगी। संतोष यादव के धनबाद जिला का सदस्यता प्रभारी बनाये जाने पर पूर्व रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार साहु, युवा राजद महासचिव संजय यादव, मजदूर नेता ललन सिंह, बैजनाथ यादव, वाहिद अंसारी, जानकी ठाकुर, संतोष मिश्रा, गोविंद बड़ाइक व अन्य ने बधाई दी।

### सिलाई प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



भुरकुंडा (रामगढ़)। स्वर्णरेखा महिला समिति के सहयोग से गुरुवार को पीवीयूएनएल टाउनशिप स्थित लिटिल जेम्स स्कूल में तीन महीने के उन्नत सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में परियोजना से प्रभावित परिवारों (पीटीवी) के 11 प्रतिभागी शामिल हैं। बताया गया कि उन्नत सिलाई प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को पेशेवर कौशल प्रदान करना है। जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और स्वरोजगार के माध्यम से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक सिलाई तकनीकों और व्यावसायिक कौशल का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा। कहा गया कि यह कार्यक्रम स्वर्णरेखा महिला समिति द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों का एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### डाक अधीक्षक से मिला कर्मचारी संघ



रजरप्पा। भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ) रामगढ़ शाखा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय कुमार महतो और सचिव शैलेन्द्र कुमार सिंह ने हजारीबाग प्रमंडल हजारीबाग के डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान अध्यक्ष एवं सचिव ने जीडीएस के समक्ष आनेवाली विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। जिसका निराकरण जल्द करने का उन्होंने आश्वासन दिया।

### जियारत अंसारी का हुआ स्वागत



कुजू। जनता मजदूर संघ शाखा कमिटी द्वारा तोपा परियोजना के शॉपिंग सेंटर में सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष राजकुमार दास ने किया। मोहम्मद जियारत अंसारी आरसीएमएसयू छोड़कर अपने सहयोगियों के साथ जनता मजदूर संघ में सदस्यता ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य रूप से शामिल से संघ के कुजू क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो के द्वारा सदस्यता ग्रहण कराते हुए सदस्य रसीद एवं माला पहनकर स्वागत किया गया। समारोह में क्षेत्रीय अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहु, केन्द्रीय सदस्य नंदकिशोर प्रसाद, राजकुमार महतो रंजीत सिंह, राजकुमार दास, अरविंद सिंह, एमडी सफीक अंसारी, बिगन राम, ओम प्रकाश अग्रवाल, बालेश्वर राम, बबलू मांझी, परवेज अंसारी, राजेंद्र मुंडा व अन्य मौजूद थे।

# हजारीबाग प्रेस क्लब का होगा जीर्णोद्धार

## डीसी नैंसी सहाय और एसपी अरविंद कुमार सिंह ने किया उद्घाटन

- प्रेस क्लब के हर सकारात्मक पहल का समर्थन करेगा जिला प्रशासन : नैंसी सहाय
- भवन की चहारदीवारी का भी किया जायेगा निर्माण
- वर्षों की मेहनत और संघर्ष का सुखद परिणाम: उमेश प्रताप

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस क्लब भवन के जीर्णोद्धार का उद्घाटन करते डीसी व एसपी ।



वरिष्ठ पत्रकार को सम्मानित करते उपाध्यक्ष व सह सचिव ।

हजारीबाग। पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है और इसे सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रेस क्लब हजारीबाग भवन के जीर्णोद्धार का उपायुक्त नैंसी सहाय ने गुरुवार को फीता काटकर किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि एसपी अरविंद कुमार सिंह भी मौजूद थे। कार्यक्रम में अतिथियों और पत्रकारों का उत्साह देखने लायक था।

**पत्रकारों को मिलेगा नया ठिकाना :** झील रोड स्थित प्रेस क्लब भवन वर्षों से जिले के पत्रकारों का केंद्र रहा है। लेकिन इसकी बदहाल स्थिति पत्रकारों के लिए एक चुनौती बन गई थी। अध्यक्ष उमेश प्रताप और उनकी टीम ने इस चुनौती को अवसर में बदलते हुए भवन के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया। इस परियोजना को सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयास और प्रशासन के सहयोग से सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

**डीसी और एसपी ने जताया विश्वास :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने प्रेस क्लब हजारीबाग की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास पत्रकारों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया गया है। यह भवन न केवल बेहतर संसाधन प्रदान करेगा, बल्कि पत्रकारों के लिए एक प्रेरणादायक स्थान भी बनेगा। प्रशासन प्रेस क्लब के हर सकारात्मक पहल का समर्थन करेगा। शीघ्र ही इस भवन की चहारदीवारी का भी निर्माण किया जाएगा।

एसपी अरविंद कुमार सिंह ने पत्रकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रेस क्लब का यह कदम सराहनीय है। पत्रकार समाज और देश के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रेस क्लब हजारीबाग के भविष्य में भी हमारा पूरा सहयोग मिलेगा।

**सामूहिक प्रयास की मिसाल :** प्रेस क्लब के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने कहा कि भवन का जीर्णोद्धार सभी साथियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। यह हमारी वर्षों की मेहनत और संघर्ष का सुखद परिणाम है। यह भवन पत्रकारों के लिए एक नया ठिकाना बनेगा और उनकी कार्यक्षमता को बढ़ावा देगा। सचिव मिथिलेश मिश्र ने कहा कि यह भवन हजारीबाग के पत्रकारों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हम डीसी, एसपी और सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। यह प्रयास पत्रकारों के हित में एक नई दिशा प्रदान करेगा।

लीडरशिप की प्रशंसा : कार्यक्रम में उपाध्यक्ष उमेश राणा, अभय कुमार सिंह, सह सचिव नवीन सिन्हा और देवनारायण प्रसाद, कोषाध्यक्ष डॉ. अमरनाथ पाठक ने अध्यक्ष उमेश प्रताप और सचिव मिथिलेश मिश्र के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि इनके लीडरशिप में प्रेस क्लब न केवल प्रगति कर रहा है, बल्कि यह पत्रकारिता के लिए नई संभावनाओं को भी जन्म दे रहा है। पूरी टीम इस उपलब्धि के लिए बधाई की पात्र है।

**सम्मान समारोह और पौधरोपण:** कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार अभिजीत सेन ने प्रेस क्लब की भूमिका को सराहा। उन्होंने इसे समाज के लिए एक सकारात्मक प्रयास करार दिया। इसके बाद अतिथियों ने प्रेस क्लब परिसर में पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

भवन निर्माण में उत्कृष्ट योगदान के लिए, संवेदक मुकेश कुमार को उपायुक्त नैंसी सहाय ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही, अध्यक्ष उमेश प्रताप और सचिव मिथिलेश मिश्र को उनके नेतृत्व और योगदान के लिए शॉल और स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

विशेष उपस्थिति और आभार : कार्यक्रम का संचालन कार्यकारिणी सदस्य मो. शमीम अहमद ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अमूल्य चंद्र पांडेय ने दिया। समारोह में जिले के सैकड़ों पत्रकार, वरिष्ठ पत्रकार, गणमान्य लोग और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसमें सहदेव प्रसाद लोहानी, डॉ. जफरुल्लाह सादिक, डॉ. प्रसन्न मिश्र सहित कई प्रतिष्ठित नाम शामिल थे।

पत्रकारों का सशक्त मंच प्रेस क्लब : प्रेस क्लब हजारीबाग का जीर्णोद्धार केवल भवन निर्माण का कार्य नहीं है, बल्कि यह पत्रकारिता को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अध्यक्ष उमेश प्रताप ने कहा, "यह बदलाव सभी सदस्यों और प्रशासन के सहयोग का परिणाम है। हमारा लक्ष्य पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। भविष्य में भी प्रेस क्लब पत्रकारों के हित में काम करता रहेगा।" यह उद्घाटन समारोह न केवल प्रेस क्लब हजारीबाग के लिए, बल्कि पूरे पत्रकार समाज के लिए एक प्रेरणादायक पहल के रूप में याद किया जाएगा।

# टीएसपीसी व पीएलएफआइ के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाइल तैयार करें : एसपी

### जनता की शिकायत पर अविलंब कार्रवाई करें थाना प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें मुख्य रूप से कोर्ट से संबंधित मामलों, लंबित कांडों, अति संवेदनशील कांडों (हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एनडीपीएस, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी आदि ) की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने टीएसपीसी/पीएलएफआई के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाईल तैयार करने, प्रत्येक दिन थाना/ओपी प्रभारी द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही जन शिकायत के प्राप्त मामलों पर अविलंब कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारंट, कुर्की, पासपोर्ट, चरित्र सत्यापन, पीजी पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों, लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों को 2 माह के अंदर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपायों एवं जगरूकता अभियान चलाने, जेल से छूटे अपराधियों, दागियों, गिरोह के सदस्यों का सत्यापन करने, सीसीटीएनएस अंतर्गत ।। एफ- 1 से 7 फॉर्म को अद्यतन करने, दुकानदारों से अनुरोध कर धारा-144 सीआपीसी या 163 बीएनएसएस का उपयोग करते हुए दुकानों के सामने सीसीटीवी लगवाने, हिट एंड रन मामलों के पीड़ितो को ससमय मुआवजा दिलवाने, डायल 112 में प्राप्त होने वाले शिकायतों का ससमय निपटारा करने, गिरफ्तार आरोपियों के फिंगर प्रिंट को एनएएफआइएस पर अपडेट करने, पुराने मामलों में आरोपियों को स-समय अदालत में उपस्थित कराने, अस्पतालों की सुरक्षा, न्यू क्रिमिनल ला के तहत ई साक्ष्य एप का उपयोग करने हेतु निर्देश दिया गया। सभी थाना/ओपी प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशिल रहकर वाहन चेकिंग करने तथा आसूचना संकलन करते हुए चोरी, लूट, गृहभेदन एवं डकैती के कांडों को अंजाम देने वाले गिरोह के संबंध में जानकारी एकत्रित करते हुए साक्ष्य के अधार पर गिरफ्तार करने । थाना/ओपी क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों के संबंध में जानकारी एकत्रित कर निगरानी रखते हुए सुरक्षा मुहैया कराने, हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में डीएसपी (मु०), एसडीपीओ, रामगढ़/पतरातु, लोक अभियोजक रामगढ़, परिचारी पुलिस केन्द्र रामगढ़, पुनि-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़ /रजरप्पा, सभी थाना / ओपी प्रभारी एवं सभी शाखा प्रभारी उपस्थित थे।

### टोल प्लाजा के समीप सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



रामगढ़। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को ओरमांझी टोल प्लाजा के पास जिला परिवहन कार्यालय रामगढ़ द्वारा जगरूकता कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक अजय के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया तथा उपस्थित आम जनता, पुलिस पदाधिकारी एवं जिला परिवहन कार्यालय के कर्मियों द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमो का दृढ़ता पूर्वक पालन करने का शपथ लिया गया । बिना हेलमेट के मोटरसाईकिल चलाने वाले वाहन चालकों को रोककर हेलमेट पहनाया गया तथा गुलाब का फुल देकर सड़क सुरक्षा के नियमो का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से डीएसपी (मु०), एसडीपीओ, रामगढ़, जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़, यातायात प्रभारी रामगढ़ एवं जिला परिवहन कार्यालय के पदाधिकारी / कर्मी उपस्थित थे।

### सुभाष चौक के निकट सड़क सुरक्षा पर कार्यक्रम आज

रामगढ़। रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में 17 जनवरी को शहर के सुभाष चौक के निकट 11:00 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीसी चंदन कुमार, उदघाटनकर्ता एसपी अजय कुमार होंगे।

उक्त जानकारी रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ साथ लोगों को सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुयी टेलीकॉम समिति की बैठक

रामगढ़। गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला टेलीकॉम समिति की बैठक हुयी। राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में संचार मीनारों के अधिष्ठापन हेतु जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति से मोबाइल टावर. झारखंड. गोव. इन पोर्टल के माध्यम से स्वीकृति लेना जरूरी है। बैठक के दौरान जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी आरती पंकज द्वारा पोर्टल पर आए मामलों के संबंध में उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने पोर्टल के माध्यम से आवेदनों की जांच करने एवं स्वीकृति देने के संबंध में भी जानकारी दी। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा समिति के सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों पर चर्चा के उपरांत 3 मोबाइल टॉवर को सभी कागजात पूर्ण होने के उपरांत स्वीकृति दी गई।

# कार-बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत

कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के मुरपा फोरलेन सड़क पर बुधवार देर रात कार व बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रामनगर कुजू निवासी नितेश भुईयां (25 वर्ष) और गोलू पल्सर बाइक संख्या जेएच 20 ई 6382 पर सवार होकर चरण पहाड़ी से टुसु मेला देखकर लौट रहे थे। इसी बीच मुरपा में रांची से हजारीबाग की ओर जा रहे हैं फॉर्च्यूनर जेएच 01एफ के9393 के बीच टक्कर हो गई। घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को कुजू पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद युवकों की गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान नितेश भुइयां की मौत हो गई। इधर घटना से गुस्साए लोगों ने फॉर्च्यूनर में तोड़फोड़ की।

# प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन का मना स्थापना दिवस

- अधिकार के लिए आंदोलन करता है यूनियन : मनोज गुप्ता



भुरकुंडा (रामगढ़)। सेंट्रल सौंदा हाथीदाड़ी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में गुरुवार को सीटू से संबद्ध राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन का 30वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगरनाथ पासवान व संचालन सुरेश प्रसाद सिन्हा ने किया।

सर्वप्रथम यूनियन के लोगों ने संगठन के पूर्व साथी स्व. शिवकुमार मांझी, मंगल सिंह, रघुवंश प्रसाद सिंह, उदय शंकर ओझा को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरूआत यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष कॉ. आरपी सिंह चंदेल एवं केंद्रीय सचिव कॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने झंडोत्तोलन कर की। इस अवसर पर यूनियन की मजबूती पर बल देते हुए मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा की गई। मौके पर कॉ. आरपी सिंह चंदेल ने कहा कि हमारे यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है। हमारी यूनियन सीसीएल सहित अन्य कंपनियों में फैली हुई है। उन्होंने कहा कि कोयला मजदूरों की समस्याओं समाधान ही हमारी पहली प्राथमिकता है। श्री चंदेल ने मजदूरों से हक-अधिकार के लिए अपनी चट्टानी एकता बनाएं रखने का आहवान किया। केंद्रीय सचिव मनोज कुमार गुप्ता ने संगठन के संस्थापक सह महामंत्री ओमप्रकाश सिन्हा, संस्थापक सहायक महामंत्री विशेश्वर ठाकुर को बधाई देते हुए कहा कि हमारी यूनियन औद्योगिक हित में काम करते हुए अधिकार का आंदोलन करता आया है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार मजदूर एवं किसान विरोध है। केंद्र सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ कोयला मजदूरों को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। श्री गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन (सीटू) केंद्रीय नेतृत्व व सीटू के दिशा-निर्देश और परामर्श से संगठन का विस्तार करेगा। मौके पर आजाद भुंइया, सुरेश महतो, मिठुन भुंइया, अमित सोरेन, कुंदन कुमार, जगरनाथ पासवान, गोविन्द करमाली, विक्की टण्डन, लाल मोहन मुंडा, भोला कुमार राणा, सनोज कुमार, रामदेव रवि आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### विधायक मनोज यादव ने गरीबों को दिया कंबल



बरही। विधायक मनोज कुमार यादव ने ठंड के प्रकोप से जूझ रहे गरीब और जरूरतमंदों को राहत देने के लिए करसो पंचायत के खैराटीला में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम के दौरान 40 जरूरतमंद लाभुकों को कंबल वितरित किए गए। विधायक ने कहा कि ठंड के इस मौसम में गरीबों की मदद करना हमारा नैतिक दायित्व है, और उनकी प्राथमिकता रही है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचे। विधायक मनोज यादव ने कहा, "सरकार और प्रशासन के सहयोग से गरीबों को हरसंभव सुविधा पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। मेरे नेतृत्व में क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही, मैं हर वक्त जनता के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। कंबल वितरण कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, करसो मुखिया समशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, मुखिया प्रत्याशी राजकुमार केशरी और अन्य स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में राजकुमार यादव, अमित कुमार उर्फ पम्पम, सचिन यादव, संतोष निषाद, अजित रविदास, टिंकू आलम, ज्योतिष यादव, युगल यादव, अशोक यादव और बुधन भुइयां सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। विधायक ने जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने का प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश होगी कि ठंड के इस मौसम में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे।

### गिद्दी डीएवी के बच्चों ने बांटा गर्म वस्त्र



भुरकुंडा (रामगढ़)। गिद्दी डीएवी के बच्चों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ गुरुवार को रामनवमी मैदान लक्ष्मी टॉकीज भुरकुंडा के झोपड़ पट्टी में निवास करने वाले जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र और भोजन सामग्री का वितरण किया। जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र और भोजन सामग्री का वितरण करते हुए गिद्दी डीएवी के प्राचार्य माना प्रिया चटर्जी, शिक्षक सुमित सिन्हा, उमाशंकर प्रसाद और मेघा राय ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। ऐसे नेक कर्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। प्राचार्या ने कहा कि ऐसे कार्यो से बच्चों में नये ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही विद्यार्थियों में जरूरतमंदों को मदद करने की प्रेरणा जागृत होती है।

### मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव ने सड़कों को लेकर कार्यपालक अभियंता को भेजा पत्र



बरही। बरही मुखिया संघ के अध्यक्ष और मलकोको पंचायत के मुखिया विजय यादव ने पंचायत क्षेत्र में सड़कों के निर्माण के लिए जोरदार पहल की है। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता, आरईओ रोड प्रमंडल, हजारीबाग को पत्र लिखकर क्षेत्र की सड़कों के निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया। विजय यादव ने कहा कि बेहतर सड़कों का निर्माण न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति देगा। मुखिया विजय यादव ने अपने पत्र में पंचायत क्षेत्र की चार प्रमुख सड़कों के निर्माण की मांग की है। ग्राम बुंडू के आरईओ रोड से वाया बेलादोहर स्कूल होते हुए पीडब्ल्यूडी रोड बेलादोहर तक। ग्राम बुंडू के आरईओ रोड से वाया मॉडल स्कूल और स्वास्थ्य उपकेंद्र होते हुए ग्राम बाघमारा तक। ग्राम चतरो के पीडब्ल्यूडी रोड से बरसोती नदी तक। ग्राम मलकोको के आरईओ रोड से पंचायत भवन होते हुए ग्राम पहाड़पुर तक।

# अलग-अलग सड़क हादसे में दो की मौत, कई घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के बांधडीह ओर सावडीह के बीच ऑटो ( जेएच 01 ईएक्स 8546 ) पलटने से 13 वर्ष का किशोर का मौत हो गया है। मृतक किशोर सावडीह गांव का खगेन महतो बताया जा रहा है। 8 वर्षीय बालक और 13 वर्षीय बालक खगेन महतो को मुरी के सिंगपुर अस्पताल में लाया गया जहां खगेन महतो ने दम तोड़ दिया है। 8 वर्षीय बालक का स्थिति नाजुक बनी हुई है। बालक का पहचान नहीं हो पाया है। इस दौरान एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है। घायलों का इलाज मिलन चौक(ईचागढ़) के माधुरी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी पर विधायक अमित महतो घायलों की स्थिति की जानकारी लेने माधुरी नर्सिंग होम पहुंचे और चिकित्सकों को बेहतर ईलाज करने के बात कही। घायलों के परिजनों को सूचना कर दिया गया है। घटना के संबध में ग्रामीणों ने बताया कि सती घाट टुसू मेला से सावडीह आसपास गांव के लोग ऑटो में सवार होकर घर लौट रहे थे। ऑटो में अधिकतर छोटे बच्चे ही सवार थे। बांधडीह ओर सावडीह के सामने संतुलन बिगड़ने से ऑटो पलट गया ऑटो को पलटते देखा लोगों ने आनन फानन में इलाज के लिए माधुरी नर्सिंग होम तथा नाजुक स्थिति के दो बालक को सिंगपुर अस्पताल भेजा, जहां 13 वर्षीय खगेन महतो का मौत हो गया। एक की स्थिति नाजुक बनी हुई है। ऑटो में 20 से अधिक सवारी सवार थे। जिस कारण पलटने का कारण बना।



**मुरी/सिल्ली।** मुरी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग पर यूनियन बैंक के समीप दो मोटरसाइकिल की आपस में भीड़ंत होने के कारण दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक गढ़गांव निवासी अनिल महतो एवं निवास महतो मोटरसाइकिल से पश्चिम बंगाल के तुलिन की ओर से आ रहे थे वही विपरीत दिशा सिल्ली की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल सवार को धक्का मार दिया। धक्का मारने के बाद दोनो युवक बीच सड़क पर ही गिर कर घायल हो गए। तत्पश्चात ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायल युवक को ऑटो रिक्शा से इलाज हेतू सिल्ली सामुदायिक अस्पताल भेज दिया गया। अस्पताल में डॉक्टर मुकेश कुमार के द्वारा घायल युवकों का प्राथमिक उपचार किया गया।



**राहे।** थाना क्षेत्र के राम मंदिर कुबाडीह मांझीडीह के समीप बाइक से गिरने से 20 वर्षीय युवक का मौत हो गया है। घटना बुधवार रात 9 बजे के आसपास बताया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सोनाहातू थाना क्षेत्र के मारनाडीह गांव के मुकेश मुंडा बिसना बाबा मंदिर के टुसू मेला से घर लौट रहा था। बुंडू -राहे सड़क पर राम मंदिर के सामने बाइक से गिर गया था। काफी देर बाद सड़क पर गिरा रहा। घर वाले को सूचना मिलने पर युवक को उठा कर घर लाए। गुरुवार सुबह राहे पुलिस गांव जाकर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।युवक का 2024 में शादी हुआ था ,और खेती कार्य कर परिवार का भरण पोषण करता था। युवक के मौत से घरवालों का रो कर बुरा हाल है।

# इरबा लॉज से शव बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के पनाह लॉज इरबा से एकयुवक का शव बरामद किया गया। लोसेरा रामपुर सिल्ली निवासी छोटु पासवान के बेटा गोपी कुमार 26 वर्ष का शव मेदांता हॉस्पिटल स्थित लॉज में फांसी में लटका था। बताया गया युवक गोपी कुमार 15 जनवरी की सुबह 11 बजे के करीब लॉज पहुंचा था, और वह 204 नंबर कमरे में ठहरा था। रात 10 बजे के करीब लॉज के कर्मियों द्वारा उसे उठाने का प्रयास किया गया था। बाद में सोया हुआ समझ कर छोड़ दिया गया। दूसरे दिने सुबह 10 से 11 बजे तक फिर से उठाने का प्रयास किया गया। दरवाजा भी पिटा गया। कोई जबाब नही मिलने पर लॉज मैनेजर जावेद अनवर द्वारा सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा भी दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया गया। जब कोइ जबाब नही मिला तो बढई मिस्त्री बुलवाकर दवाजा में हॉल कर कमरे का दरवाजा खोला गया। अंदर युवक पंखे पर फांसी लगा लटका हुआ था। मैनेजर ने बताया 17 अक्टुबर को भी युवक अपना पिता का उपाचार कराने मेदांता हॉस्पिटल इरबा आया था, और उसी लॉज में ढहरा था। वहीं घटना की सूचना मिलने पर मृतक का बड़ा भाई व गांव वाले पहुंचे। युवक क्यों आत्महत्या किया, किसी को कुछ समझ नही आ रहा था। इधर ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्मार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया।

## स्पीड न्यूज

### हाथियों ने चहारदीवारी गिराया, फसल नष्ट किये



सोनाहातू। थाना क्षेत्र के हितजारा गांव में बुधवार रात हाथियों के झुंड ने गांव के विद्याधर महतो के चहारदीवारी गिरा कर आलू के फसल को मन भर खाया और नष्ट किया है। किसान का 50 हजार से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। हाथियों का झुंड गांव के पास बांस वन में जमे हुए है। किसानों ने वन विभाग से हाथियों को भागने की मांग किया है।

### चोरी की गाड़ी के साथ युवक गिरफ्तार

चान्हो। थाना अंतर्गत एंटीक्राईम चेकिंग के दौरान चोरी की गाड़ी के साथ एक युवक गिरफ्तार कर न्याय हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार युवक का नाम शुभम भगत है। वह सिलागाई का रहनेवाला है। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन संबंधित कागज मांगा। युवक द्वारा कागजाद नहीं दिखाने के बाद पुलिस उसे थाना ले गई। जांच पड़ताल के बाद पता चला कि गाड़ी चोरी की है। इसके बाद युवक को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सिल्ली का ऐतिहासिक हरिहर मेला सम्पन्न

सिल्ली। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुवार को सिल्ली प्रखंड के कोंचो पंचायत में हरिहर मेला का आयोजन किया गया। मेले में भव्य टुसू का प्रदर्शन भी किया गया। भव्य टुसू को देखने के लिए लोगों की काफी भीड़ लग गई। मेले में भारी उत्साह और क्षेत्रीय रीति रिवाज का झलक भी देखने को मिला। मेला कमेटी की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। मेले में अतिथि के रूप में सिल्ली के विधायक अमित महतो, पूर्व विधायक सीमा महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना देवी, जिला परिषद सदस्य पूर्वी लक्ष्मी देवी, जेएलकेएम के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो एवं प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक उपस्थित रहे। मेला का संचालन सुनील सिंह ने किया। मेले में विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग भी मौजूद रहे। बताते चले कि मेले का आयोजन पिछले कई दशकों से किया जा रहा है। मेले में दूरदराज से ग्रामीणों ने बड़े-बड़े विशाल रूप से तैयार किए हुए टुसू लेकर नाचते गाते मेले में पहुंचे। वहीं मेला कमेटी के द्वारा टुसू में प्रथम विजेता एवं द्वितीय विजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मेले में विभिन्न प्रकार के दुकाने लगाई गई थी। मेले में आए हुए लोगों ने दुकानों से घरेलू सामान खरीदते नजर आए। बच्चे विभिन्न प्रकार के लगे हुए झूलों का आनंद भी लिया। मेले को सफल बनाने में राजकुमार महतो एवं जगतपाल महतो का सराहनीय योगदान रहा।

# लक्ष्मी को झारखंड जनशक्ति मोर्चा के अध्यक्ष शेख वकील ने करवाया इलाज



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी दुली सर्वधर्म मैक्लुस्कीगंज स्थल को देखभाल करने वाले श्रवण यादव के पत्नी लक्ष्मी देवी की तबियत खराब की जानकारी मिलने पर झारखंड जनशक्ति मोर्चा के अध्यक्ष शेख वकील अहमद ने उन्हें खलारी पीएचसी में चेकअप करवाया। पीएचसी के डॉक्टर इरशाद ने लक्ष्मी देवी को गहनता से जांच किया। जहां डॉक्टर द्वारा लक्ष्मी देवी को ज्यादा कमजोरी बताया गया। उन्हें दवा मुहैया करवाया गया है। वहीं श्रवण यादव और उनके पत्नी को अस्पताल आने की खबर सुनकर खलारी पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी ने भी अस्पताल पहुंच कर अस्पताल की जायजा लिया। श्रवण यादव के पत्नी से मुलाकात कर उन्हें कंबल दिया और हर संभव मदद करने का आस्वासन दी।

# एक्सप्रेसवे ब्रिज निर्माण कार्य ग्रामीण रोका

खबर मन्त्र संवाददाता



ग्रामीणों को समझाते सीओ व एनएचआई के पदाधिकारी।

**ओरमांझी।** अधिगृहित भुमि का मुआवजा नही मिलने से नाराज ग्रामीणों द्वारा गुश्वार को भारतमाला परियोजना के तहत ओरमांझी में निर्माण हो रहे एक्सप्रेसवे ब्रिज का निर्माण कार्य रोक दिया गया। निर्माण कार्य का विरोध कर रहे ग्रामीणों के अनुसार किसानों का 28 करोड़ रूपया मुआवजा नही मिला है। मुआवजा के लिए किसान दो वर्ष से कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। सिर्फ आश्वासन मिलता हौ मुआवजा नही दी जा रही। निर्माण कार्य रोके जाने पर पुलिस प्रशासन के साथ पहुंचे सीओ उज्जवल सोरेन, निर्माण करा रहे पीआरए कंपनी के जीएम उमाशंकर सिन्हा, अम्रेश कुमार, एनएचआई के महेष कुमार व आनंद कुमार द्वारा ग्रामीणों को काफी समझाया गया। बाद में सीओ द्वारा 15 दिन के अंदर सभी को मुआवजा राशि देने का आश्वासन मिलने पर ग्रामीण माने। कहा 15 दिन के अंदर मुआवजा नही मिला तो प्रभावित किसान अपने बाल-बच्चों के साथ निर्माण स्थल पर अनिश्चित कालिन धरने पर बैठ जाएंगे। वहीं मुआवजा दिए वैगेर निर्माण कार्य करने के संबंध में सीओ ने बताया अधिगृहित भुमि गैरमजुरूवा थी। बंदोबस्ती कर किसान खेती करते थें। बाद में उक्त भुमि को रैयती किया गया। मुआवजा राशि भी आ गया है। ऑनलाई राशि ट्राफर नही हो रहा है। इसके लिए केंद्र को लिखा गया है। प्रोसेस होने के बाद जल्द ही सभी को मुआवजा मिल जाएगा।

विरोध करने में बवेस करमाली, सोनालाल करमाली, सिकंदर करमाली, रसेस करमाली, बाबुलाल करामली, अजमुद्दीन अंसारी, रूदो देवी, बासु मुंडा, सोनामनी देवी, सालखों देवी, अजय मुंडा, सहित कई ग्रामीण शमिल थें।

## एक नजर में

### हिंडालको सीएसआर विभाग की ओर से गरीबों में कंबल का वितरण किया गया



मुरी/सिल्ली। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गुरुवार के दिन बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए हिंडालको सीएसआर विभाग की ओर से छोटामुरी मस्जिद मोहल्ला में वृद्ध, गरीब और असहाय लोगों के बीच लगभग 80 कंबलों का वितरण किया गया। कंबल मिलते ही लोगों ने राहत की सांस ली और लोगों ने हिंडाल्को का आभार व्यक्त किया। मौके पर हिंडालको सीएसआर विभाग के हेड अनिल सिंह, सुधांशु कुमार, महताब आलम, भरत सिंह, पंचायत समिति सदस्य (पूर्वी) अरविंद कुमार समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### महाराष्ट्र से बारामद हुई नाबालिक युवती

ओरमांझी। मेसरा थाना क्षेत्र से दिसंबर माह में घर से भागी पांच युवतियां में सभी को पुलिस द्वारा सकुषल बरामद कर लिया गया है। पुलिस द्वारा 15 वर्षीय एक नाबालिग युवती को बोयसर पालघर माहाराष्ट्रा से बरामद किया गया है। इससे पूर्व अन्य चार युवतियों को भी पुलिस द्वारा बरामद किया जा चूका है। पुलिस द्वारा बताया गया कि कुछ युवतियां प्रेम प्रसंग में तो कुछ अपनी घर की हालात के कारण काम करने के लिए अपने घर से भाग गई थी। पिछले ढाई माह से पुलिस द्वारा बंगाल व महाराष्ट्र के विभिनन जिलों से सभी को बरामद करने में सफल हुई। बताया गया कि युवतियों को बरामद करने के लिए तकनीकि मदद भी ली गई। महाराष्ट्र से बरामद हुई नाबालिग युवती कुछ दिन पूर्व इंस्टाग्राम में अपना फोटो लोड की थी। जिसके आधार पर उसतक पहुंचने में सफलता मिली। मेसरा थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया नाबालिग युवती बरामद हो गई है, और पुलिस द्वारा उसे लाया जा रहा है।

### टुसू परंपरा, संस्कृति और एकता का उत्सव





सिकिदिरी। चाला अखड़ा खोड़हा हेहल रांची के मार्गदर्शन में बुधवार को हुंडरू शाखा द्वारा टुसू प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 25 से अधिक सांस्कृतिक दलों ने अपने सुसज्जित और रंग-बिरंगे टुसू के साथ अपने लोकगीत, नृत्य और पारंपरिक कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष जीतराम बेदिया ने किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और सामुदायिक भावना का प्रतीक है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और आगंतुकों को सामुदायिक सहयोग की अपील की। अतिथि मनोज कुजूर तथा हरेकृष्ण कोइरी ने कहा कि टुसू हमारी पंरपरा व संस्कृति का अभिन्न अंग है। टुसू के माध्यम से स्थानीय समुदाय ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करने का अनूठा प्रयास है। यह आनेवाली पीढ़ी को अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। मौके पर सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक सिन्हा अपने दल बल के साथ उपस्थित थे। संचालन उपाध्यक्ष अमित बेदिया एवं कोषाध्यक्ष मनीष बेदिया ने किया। तीन सर्वश्रेष्ठ टुसू ओरमांझी,कोइनारडीह व हुंडरू जारा सहित सभी टुसू को 26 जनवरी को पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर संदीप भोगता, शत्रुघन बेदिया, रोपना बेदिया, जयदेव बेदिया, अमित बेदिया, मदन बेदिया, रामचरण बेदिया, चमरा बेदिया, संतोष भोगता, लखीराम बेदिया, हरिचरण बेदिया, गायत्री देवी आदि उपस्थित थे।

### मुरी के टुंगरी पहाड़ पर हुआ मेला का आयोजन



मुरी/सिल्ली। बुधवार के दिन मुरी के तोड़ी पहाड़ पर टंगड़ी कमेटी की तरफ से मेला का आयोजन किया गया। यह मेला काफी वर्षो से आयोजित होते आ रहा है। टुंगरी पहाड़ पर टुंगड़ी बाबा ग्राम देवता का प्रतिमा स्थापित है। पहाड़ पर सुबह से ही आसपास के ग्रामीण टुंगरी ग्राम देवता का पूजा अर्चना किया तथा समृद्धि और खुशहाली की कामना की साथ ही बाबा भोलेनाथ के मंदिर एवं मां दुर्गा के मंडप में भी ग्रामीणों ने पूजा अर्चना की। प्रत्येक वर्ष चैत्र मास में मां दुर्गा की नौ दिन आराधना भी होती है जिसमें श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और पूजा करते हैं। आसपास के ग्रामीण हर त्यौहार में काफी श्रद्धा के साथ शामिल होते हैं। ग्रामीण बताते हैं की टुंगरी बाबा ग्राम देवता हम सभी ग्राम वासियों की रक्षा भी करते हैं। तत्पश्चात संध्या 3 बजे से मेले का आयोजन हुआ जिसमें काफी भीड़ उमड़ पड़ी। मेले में मुर्गा लड़ाई आकर्षण का केंद्र रहा जहां मुर्गा लड़ाई देखने के लिए लोगों का तांता लग गया। मेले में व्यापारियों द्वारा विभिन्न प्रकार की वस्तुओं की दुकानें सजाई गई थी जिसमें लोगों के द्वारा खरीदारी की गई। मेले में और भी विविध प्रकार की दुकानें एवं मनोरंजन के साधन उपलब्ध थे।

# जिंदगी और मौत से जूझ रहा झारखंड आंदोलनकारी

- बानापीड़ी का है सुनिल भगत
- रिंची में कराया गया है भर्ती

शेख मुजिबुल



सुनिल भगत।

**रातू।** राजधानी से सटे रातू के बानापीड़ी में रहने वाला झारखंड आंदोलनकारी 42 वर्षीय सुनिल भगत एक साल से गंभीर बीमारी के कारण जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। उसे 11 जनवरी को कटहल मोड़ स्थित रिंची ट्रस्ट हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया है। घर की माली हालत ऐसी है कि दवा के लिये रुपये मय्यसर नहीं हो पा रहे हैं। पत्नी सोनी भगत पंचायत की मुखिया हैं। वह कर्ज की बोझ से दब चुकी है। उसके दो बच्चे हैं, शुभम और सूर्या। बीमार पिता की वजह से दोनों की पढ़ाई बाधित हो रही है। उप प्रमुख रियाजुल अंसारी व झामुमो नेता कमरुल हक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उसका इलाज की व्यवस्था कराये जाने की मांग की है।

### दस भाई-बहन में छोटा सुनिल

सुनिल उरांव स्व सुकरा टाना भगत और मिनी भगत का पुत्र है। वह दस भाई-बहन में छोटा है। बड़ा भाई चावा और मंझिल चारो उरांव पेशे से मजदूर हैं। सुनिल की सात बहनें हैं। सभी की शादी हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि कई लोगों ने उसे आर्थिक मदद की। लेकिन, वह इलाज के लिये पर्याप्त नहीं है। उसे बड़ी रकम की जरूरत है, जो सरकार स्तर पर ही संभव है।

# हत्या के चार आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** अनगड़ा थाना क्षेत्र अन्तर्गत जमुवारी टूसू मेला में गत मंगलवार को संदीप महतो नामक युवक की चाकू से गोद कर निर्मम हत्या करने के चार आरोपियों संगम लोहरा आरती कुमारी मुन्डा पवन कुमार तथा सहिल शाह को गुरुवार को अनगड़ा पुलिस ने जेल भेज दिया। जेल भेजे गए आरोपियों में संगम लोहरा और उसकी प्रेमिक आरती कुमार मुन्डा मुख्य आरोपी हैं। इन्हीं दोनों ने योजनाबद्ध तरीके से हत्या की घटना को अंजाम दिए थे। जबकि दो आरोपी पवन कुमार और साहिल शाह ने हत्या करने में सहयोग किए थे। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए तीन लोगों को बेकसूर मानते हुए पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। मालूम हो कि एक प्रेमी को रास्ते से हटाने के लिए दूसरे प्रेमी ने प्रेमीका से मिलकर संदीप महतो की चाकू से अंधाधूंध प्रहार कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू और मृतक संदीप महतो का मोबाईल फोन भी संगम लोहरा और आरती मुन्डा के पास से बरामद किया है।

# कल्याण विभाग द्वारा मुस्लिम, इसाई कब्रिस्तान घेराबंदी का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** प्रखंड के बिसहाखटंगा और गोरखो में गुरुवार को कल्याण विभाग द्वारा मुस्लिम, इसाई कब्रिस्तान घेराबंदी का शिलान्यास पूर्व मंत्री सह झारखंड सरकार सम्मनवयक समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने किया। घेरा बंदी की सभी योजना की लागत लगभग पचछतर लाख रुपए है। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य चल रहा है। आप लोग ने अपने क्षेत्र से विधायक और मंत्री बनाने का काम किया है, तो इसका लाभ भी आपको लेना है। तब आपको इमानदारी पूर्वक सोच रखना होगा आपसी सामंजस्य स्थापित कर काम करना होगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव, जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष शमीम अख्तर, तबारक खान, रसीद अंसारी, मुस्ताक अंसारी, तेलेसफोर एक्का, असरीता एक्का, रिना एक्का सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# वक्फ बोर्ड संसोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम अधिकार मंच के तत्वावधान में बैठक का अयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल उलमाओं सहित अन्य लोग।

**इटकी।** वक्फ बोर्ड संसोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम अधिकार मंच के तत्वावधान में आगामी 9 फरवरी को इटकी में होने वाले महासम्मेलन को लेकर उलमाओं की एक बैठक स्थानीय मदीना मैरेज हॉल में गुरुवार को मौलाना कमालुद्दीन की अध्यक्षता में हुई। बैठक को मुफ़्ती ताल्हा नदवी, मौलाना अब्दुर्रशीद, मौलाना अंसार नदवी, मुस्लिम अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष अफसर इमाम, उपाध्यक्ष मुर्तजा आलम, प्रवक्ता कारी जुबैर अहमद, झारखंड आंदोलनकारी नेता आजम अहमद, मौलाना मनिरुद्दीन, हाजी मोइनुद्दीन, वसीम इकबाल व मौलाना बेलाल ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार एक साजिश के तहत वक्फ बोर्ड संसोधन बिल लाकर मुस्लिमो का वक्फ बोर्ड पर अधिकार को समाप्त कर इसके जायदाद से बेदखल करना चाहती है। उलमाओं ने कहा कि केंद्र सरकार की मुस्लिमो का इबादत गाह, संस्थानो व मुस्लिमो का वजूद को खत्म करने की कि सोची समझी चाल है जिसे हम सफल नही होने देंगे। उलमाओं ने तमाम मुसलमानों से अपने कारोबार व दुकाने बंद कर 9 फरवरी को इटकी कुंदी मैदान में वक्फ संसोधन बिल के खिलाफ होने वाले महासम्मेलन में शामिल होने का अपील किया। बैठक में इटकी, बेड़ो, नगड़ी, मांडर व चान्हो प्रखंड के दर्जनों ओलमा व बुद्धिजीवी लोग मौजूद थे।

## कैंब्रियन स्कूल में 'परीक्षा पर चर्चा' विषय पर कार्यक्रम आयोजित

# मधुर होने चाहिए गुरु और शिष्य के रिश्ते : बाबूलाल

- उत्साहित थे स्कूली बच्चे
- लोगों ने मोदी को सराहा

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**रातू।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गुरु और शिष्य के रिश्ते मधुर होने चाहिये। अनुशासन से बच्चों को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुये उन्होंने कहा कि परीक्षाएं शैक्षणिक जांच के आधार हैं। श्री मरांडी ने बेहत्तर शिक्षा को इंसान के खुशहाल जिंदगी की नींव बताया। वह कैंब्रियन स्कूल परिसर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्त्वाकांक्षी योजना ₹ परीक्षा पर चर्चा₹ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद ने विषय प्रवेश कराया और विद्यार्थियों से प्रतियोगी बनने का आह्वान किया। स्वागत भाषण प्राचार्य बीरेंद्र यादव ने दिया। संचालन नरेंद्र कुमार व शिवपूजन पाठक ने किया। वहीं, धन्यवाद ज्ञापन धीरज महतो ने दिया। कार्यक्रम को लेकर बच्चे उत्साहित दिखे। लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों को खूब सराहा।

### विकसित भारत के पार्ट हैं बच्चे : विधायक

विधायक नवीन जयसवाल ने छात्रों से विकसित भारत का पार्ट बनने, जरूरत पड़ने पर ही मोबाइल का उपयोग करने व चकाचौंध के इस दौर में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को हावी न होने देने की बात कही। विद्यालय के निदेशक परमा सिंह ने भी अपनी बातें रखी। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रबंधन की ओर से उन्हें अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट की गयी। बच्चों ने निबंध लेखन व चित्रकला में भाग लिया।

### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र शाही मुंडा, नरेंद्र सिंह, मनोज गुप्ता, सुधाकर चौबे, संजीव तिवारी, परमेश्वर गोप, सुबोध साहू, शिवपूजन साहू, ममता चौहान, चंद्रनाथ महतो, अनिल टाइगर, मुकेश भगत, प्रीतम साहू व राजीव पांडेय आदि।

### इन्होंने निभायी भूमिका

वीणा पांडेय, विनोद सिंह, श्रद्धा राय, दिनेश यादव, रश्मिका शाहदेव, पल्लव कुमारी, मल्लिका गोराई, निम्मी कुमारी, विनय सिंह, ज्योति नारायण, इजराइल लकड़ा, रुचि सिंह, साक्षी मिश्र व सज्जाद कुरैशी आदि। बताते चलें, कि यहां प्री से कक्षा 12 वीं तक की पढ़ाई होती है। विद्यालय में करीब 12 सौ बच्चे नामांकित हैं।

# टोल प्लाजा में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम




कार्यक्रम में उपस्थित रामगढ एसपी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरूवार को हजारीबाग टोलवे प्राइवेट लिमिटेड ओरमांझी टोल प्लाजा में सड़क सुरक्षा दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ डीटीओ श्रीमती मनीषा वत्स, रामगढ़ एसपी अजय कुमार, रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ एसडीओ चंदन कुमार वत्स, रामगढ़ ट्रैफिक प्रभारी गजेंद्र पांडे, परियोजना प्रमुख चेतन मालबारी सहित उपस्थित लोगों द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की शपथ ली गई। वहीं अतिथियों द्वारा सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा अभियान का मुख्य उद्देश्य बताया गया। कहा आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में काफी संख्या में लोगों की जाने जा रही है। वाहन चलाते समय सावधानी बरतने व सड़क सुरक्षा मानकों को जानना जरूरी है। लापरवाही पूर्ण वाहन चलाने के साथ नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। बिना हेलमेट पहन बाइक चलाने वालों को हेलमेट पहनकर सड़क सुरक्षा नियमों को पालन करने की अपील किया गया। साथ ही लोगों से वाहन धीरे चलाने, नशा का सेवन कर गाड़ी न चलाने व सड़क सुरक्षा की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सौरभ सिंह भदौरिया, सौरभ मिश्रा, राजेश वर्मा, रंजीत कुमार ठाकुर और अनेक राहगीरों के साथ-साथ टोल प्लाजा व परियोजना के कर्मी उपस्थित थें।

# श्रीराम मंदिर स्थापना की पांचवीं वर्षगांठ पर संगीतमय श्रीराम कथा करायेगी सूर्य मंदिर समिति

- पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास दोबारा मुख्य संरक्षक हुए मनोनीत
- 15 को पतंग महोत्सव में भव्य आयोजन को लेकर आयोजित बैठक में बनी रूपरेखा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा स्थित सूर्यधाम परिसर में सूर्य मंदिर समिति के कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को सम्पन्न हुई। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं संरक्षक चन्द्रगुप्त सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से फरवरी माह में होने वाली राम मंदिर स्थापना की पांचवी वर्षगांठ की तैयारी में अभी से जुटने का निर्णय लिया गया।

बैठक में तय किया गया कि श्री राम दरबार स्थापना की पांचवीं वर्षगांठ पूरे हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनायी जायेगी। पांचवीं वर्षगांठ पर देश के जाने माने राम कथा वाचक को आमंत्रित किया जायेगा जो सात दिवसीय श्रीराम कथा का वाचन करेंगे। अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने श्रीराम मंदिर की स्थापना की पांचवीं वर्षगांठ महोत्सव के दौरान होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 22 फरवरी को होगा। 1 मार्च को महाप्रसाद वितरण के साथ महोत्सव संपन्न होगा। 15 जनवरी को मंदिर परिसर में पतंग महोत्सव के तहत पतंगों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें विभिन्न क्षेत्र के युवा एवं नारी शक्ति भाग लेंगे।


रघुवर दास, मुख्य संरक्षक।

बैठक के दौरान लोगों के महत्वपूर्ण सुझावों को भी अंकित किया गया।

**पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मंदिर समिति के पुनः संरक्षक हुए मनोनीत :** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं उड़ीसा राज्य के राज्यपाल रहे रघुवर दास को सूर्य मंदिर समिति का पुनः मुख्य संरक्षक मनोनीत किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।


**15 जनवरी को सूर्यधाम परिसर में भव्य पतंग महोत्सव :** मंदिर समिति की ओर से मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी को भव्य पतंग महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सूर्य मंदिर परिसर के शंख मैदान में सामूहिक रूप से पतंगबाजी के साथ श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस आयोजन में बच्चों और युवाओं के लिए विशेष तैयारी की योजना बनायी गयी है।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने खुशी व्यक्त की और कहा कि समिति से पुनः जुड़ना उनके लिए एक गौरवपूर्ण अनुभव है। उन्होंने कहा कि सूर्य मंदिर समिति ने पिछले सभी आयोजनों को जमशेदपुर की धर्मप्रेमी जनता के सक्रिय सहयोग और समर्थन से सफलतापूर्वक संपन्न किया है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि समिति की यह परंपरा न केवल धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा देती है, बल्कि समाज में एकता और सद्भावना का संदेश भी प्रसारित करती है। श्री दास ने समिति के आगामी प्रयासों को समर्थन देने और आयोजनों को और भव्य बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की। इस दौरान उन्होंने समिति की कार्यशैली और समर्पण की भी सराहना करते हुए सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

वहीं, सूर्य मंदिर के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समिति में मुख्य संरक्षक बनाने पर प्रसन्नता जताई। चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि सूर्य मंदिर समिति श्रीराम मंदिर वर्षगांठ समारोह को भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाने की योजना बनाई है। इसके साथ ही पूरे मंदिर परिसर को पुनः सजाने और उसके रखरखाव के कार्यों को नयी ऊर्जा और समर्पण के साथ प्रारंभ होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जमशेदपुर के श्रद्धालु, जिनकी आस्था और सेवा भावना अनुकरणीय है, समिति के इन प्रयासों में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

बैठक में मंच संचालन मंदिर समिति के उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा एवं धन्यवाद ज्ञापन मीडिया प्रभारी प्रेम झा ने किया। बैठक में लक्ष्मीकांत सिंह, अखिलेश चौधरी, अमरजीत सिंह राजा, शशिकांत सिंह, रूबी झा, प्रेम झा, कंचन दत्ता, कृष्णमोहन सिंह, बोलटू सरकार, प्रमोद मिश्रा, चंद्रशेखर मिश्रा, मिथिलेश सिंह यादव, रामबाबू तिवारी, गुंजन यादव, कुलवंत सिंह बंटी, बबुआ सिंह, राकेश सिंह, अमित अग्रवाल, पप्पू उपाध्याय, राजेश सिंह पप्पू, विकास शर्मा, युवराज सिंह, बिनोद सिंह, अशोक सामंत, मणि मोहंती, विजय पाठक, अमिश अग्रवाल, हरेराम यादव, छक्कन चौधरी, श्रीराम प्रसाद, काजू शांडिल, तजिंदर सिंह, साकेत कुमार, मीरा सिंह, ममता भूमिज, रेणुका कालिंदी, रेणुका कालिंदी कर, लकी कौर, नमिता उपाध्याय, मीरा झा, सुनीता देवी भी थे।

## स्पीड न्यूज



### शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

**गम्हरिया।** थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण विधि-व्यवस्था को लेकर गुरुवार को कांड्रा थाना पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। कांड्रा थाना परिसर से प्रारंभ होकर यह फ्लैग मार्च स्टेशन रोड, हाट बाजार समेत एसकेजी कॉलोनी सहित आसपास के इलाकों में भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया गया। मार्च का नेतृत्व कर रहे कांड्रा थाना प्रभारी विनोद मुर्मू ने कहा कि पुलिस द्वारा विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए लगातार फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

### विधायक ने गुरुजी को भेंट किया गुड़ पीठा



**चांडिल।** ईचागढ़ विधायक सविता महतो गुरुवार को राज्य सभा सांसद सह झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन व राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन से रांची स्थित उनके आवास में मुलाकात कर मकर पर्व की बधाई दी और गुड़पीठा भेंट कियदी। इस दौरान सविता ने सीएम और गुरुजी से काफी देर तक बातचीत की। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, समीर महतो उपस्थित थे।

### पेट्रोल पंप पर खड़ी कार में अचानक लगी आग

**गम्हरिया।** उषा मोड़ के समीप स्थित एक पेट्रोल पंप में खड़ी एक कार में अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गयी। बताया गया है गुरुवार को प्रातः करीब 11 बजे कार में डीजल भरवाने पंप लाया गया था। कार खड़ा करते ही अचानक उससे धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग की लपटें निकलने लगी। इसे देखकर वहां पेट्रोल भरवाने आए अन्य वाहन चालकों में अफरा तफरी मच गया।

### राजचंद्र रिसर्च सेंटर का स्वास्थ्य शिविर 19 को

**जमशेदपुर।** श्रीसद राजचंद्र आत्मा तत्व रिसर्च सेंटर 19 जनवरी यानी रविवार को बिष्टुपुर स्थित तरभेराम स्कूल परिसर में आरोग्य मेला का आयोजन करेगा। उक्त जानकारी गुरुवार को सेंटर के किशोर वोरा व रश्मि भयाती ने संयुक्त रूप से दी। श्री वोरा ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी शिविर में एक छत के नीचे चिकित्सकों की टीम के साथ सभी तरह की स्वास्थ्य जांच होगी।

### टाटा स्टील-मेकॉन के बीच कारोबार समझौता

जमशेदपुर। टाटा स्टील ने इस महीने की शुरुआत में मेकॉन लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण कारोबार सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किये। इस समझौते का उद्देश्य खनन क्षेत्र में विभिन्न कंपनियों को एकीकृत और व्यापक समाधान प्रदान करना है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### विधायक पूर्णिमा साहू ने पूर्वी विधानसभा के कई आंगनबाड़ी केंद्रों का किया दौरा, बोलीं

# सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की बुनियादी सुविधा विकास व संचालन में नहीं होगी कोई कमी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की विधायक पूर्णिमा साहू ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ियों का दौरा कर उनकी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सिदगोड़ा, विद्यापतिनगर और बिरसानगर क्षेत्रों के आंगनबाड़ियों में जाकर वहां की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को परखा और कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया।

इस दौरान जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी नेहा खालको भी उनके साथ मौजूद रहीं। विधायक ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं, पोषण आहार की गुणवत्ता, शिक्षा सामग्री और स्वच्छता व्यवस्थाओं की स्थिति का अवलोकन किया। विधायक ने


सुविधाओं के उन्नयन पर जोर देतीं विधायक पूर्णिमा साहू।

आंगनबाड़ी की सेविकाओं, सहायिकाओं और बच्चों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझा। उन्होंने आंगनबाड़ियों में चल रही गतिविधियों की रिपोर्टिंग को पारदर्शी बनाने और सुविधाओं में सुधार के लिए डिजिटल रूप में ठोस कदम उठाने की बात कही। विधायक पूर्णिमा साहू ने केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आंगनबाड़ी से प्रभावी ढंग से प्रचारित करने पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि आंगनबाड़ी में एक सूचना बोर्ड लगाया जाए, जिसमें सभी योजनाओं की जानकारी स्पष्ट रूप से अंकित हो, ताकि स्थानीय लोग जागरूक हों और पात्र लोग लाभान्वित हो सकें। विधायक पूर्णिमा साहू ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र के आंगनबाड़ियों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के हरसंभव प्रयास किये जायेंगे।

## केवट समाज वेलफेयर एसोसिएशन ने मनायी गुहा निषाद की 49वीं जयंती

- विधायक पूर्णिमा साहू और पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने दीप जलाकर किया कार्यक्रम का उद्घाटन

**जमशेदपुर।** भगवान राम के अन्नय मित्र निषाद राज के राजा भक्त गुहा निषाद की 49वीं जयंती सी पी समाज बागुनहातु के सभागार में मनाया, कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक पूर्णिमा साहू और भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया, समाज के अध्यक्ष सुरेश निषाद और महामंत्री गिरधारी लाल पारकर ने पंडित दुर्गा जी के संग गुहा निषाद की पूजा अर्चना की, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक पूर्णिमा साहू ने कहां की समाज की प्रगति तभी सुनिश्चित है जब समाज के युवा पीढ़ी शिक्षा का अलख जाएंगे, समाज के युवा वर्ग शिक्षित हो जाएगा तो समाज प्रगति की राह पर स्वतः चल पड़ेगा, दिनेश कुमार ने भगवान राम और गुहा राज निषाद की मित्रता की कहानी से सभी को अवगत करवाया, कहां की भगवान राम के मित्र गुहा निषाद राज



में गहरी मित्रता थी इसका प्रमाण भी रामायण में लिखा गया है की जब रावण को पराजित कर भगवान राम अयोध्या लौट रहे थे तब एक रात उन्होंने गुहा निषाद राज के यहां बिताई थी, आज समाज को विकसित करने के लिए सामाजिक ताना बाना को मजबूत बनाना बहुत जरूरी है, अध्यक्ष सुरेश निषाद ने अपने समाज के लिए भवन की मांग विधायक पूर्णिमा साहू के समक्ष रखा।

## एक नजर में

### उलीडीह में सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



**जमशेदपुर।** सांसद विद्युतवरण महतो के सौजन्य से शर्मा लाइन, उलीडीह में भाजपा उलीडीह मंडल ने सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गय। मौके पर संध्या नंदी, राजू प्रजापति, अनिमेष सिन्हा, राकेश प्रसाद, प्रसन्नजीत महापात्रा, मुन्ना मोहंती, जीतू गुप्ता, राजेश चौबे आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कुशवाहा समाज का वनभोज समारोह 19 को



**जमशेदपुर।** कुशवाहा संघ जमशेदपुर के अध्यक्ष शिवकुमार भकत और सचिव राम कुमार ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि 19 जनवरी को वनभोज सह सामूहिक कन्या विवाह समारोह एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में किया जायेगा। वनभोज में कोल्हान समेत पड़ोसी राज्य के 7000 से ज्यादा लोग सम्मिलित होंगे। मुख्य अतिथि कुशवाहा समाज के भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता होंगे। स्थानीय विधायक व सांसद सम्मानित सदस्य होंगे। वनभोज कार्यक्रम के दौरान शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। इस दौरान बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

### देशभर के 65 लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ



**जमशेदपुर।** एनसीपी राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता डॉ पवन पांडेय ने कहा कि केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्र सरकार ने 8वें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की है। जिसमें उन्होंने बताया कि इससे 65 लाख केन्द्रीय कर्मचारियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। पीएम मोदी ने एनडीए सरकार को अगुवाई करते हुए कर्मचारीयों के हित में वर्षों से लंबित 8वें वेतन आयोग के मामले में ऐतिहासिक फैसला लेते हुए इसकी अनुमति दी है। इससे 8वें वेतन आयोग गठित होने से आगे का रास्ता साफ हो गया है। इससे देश भर के 65 लाख कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। अब समिति अपने निर्धारित समय पर अपनी रिपोर्ट दे देगी ताकि 01/01/26 से यह लागू हो सके। इससे केंद्रीय कर्मचारियों पेंशन धारकों, सभी राज्य कर्मचारियों एवं पेंशन धारकों के लिए इस नववर्ष में बहुत बड़ी खुशखबरी होगी। क्योंकि केंद्रीय कर्मियों के लागू होते ही राज्य सरकार के भी लागू करने का रास्ता साफ हो गया है।

### कोल्हान के आदिवासी इलाकों में टुसू मेले की धूम



**जमशेदपुर।** कोल्हान के आदिवासी इलाकों में टुसू मेले का उत्साह देखते बन रहा है। जगह-जगह मेलों में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ दिख रही है। भुइयाडीह में आयोजित टुसु मेले में जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण महतो, जमशेदपुर पूर्वी की नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू व भूतपूर्व मंत्री दुलाल भुईया व अन्य जनप्रतिनिधियों ने वाद्य यंत्र बजाकर लोगों का उत्साह बढ़ाया। मेले में 30 फीट से भी ऊंची चौड़ल प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। बेस्ट टुसु, बेस्ट चौड़ल को 31 हजार का पुरस्कार दिया गया।

### देश में गोक्रांति की जरूरत : साध्वी श्रद्धागोपाल



**जमशेदपुर।** ध्यान फाउंडेशन गोलोक चाकुलिया ने बिष्टुपुर के नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल के ऑडिटोरियम में साध्वी श्रद्धा गोपाल सरस्वतीजी के श्रीमुख से तीन दिवसीय गौ कृपा कथा का शुभारंभ कराया। कथा के मुख्य यजमान राजकुमार अग्रवाल ने सपरिवार व्यासपीठ का पूजन किया। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया। साध्वी श्रद्धा दीदी ने कहा कि वेदलक्षणा गोमाता जगतजननी है। गोमाता के प्रति फैली हुई भ्रांति मिटाकर देश में गोक्रांति करने की आवश्यकता है। देश में हिंदुत्व की रक्षा गाय से हैं। प्रत्येक भारतवासी को देश, धर्म की रक्षा के लिए माता कहलाने वाली गाय की मां की तरह सेवा करना होगी, तभी भारत विश्वगुरु बनेगा।

### कामरेड महेंद्र सिंह का 20वां शहादत दिवस मना



**जमशेदपुर।** जन नेता शहीद कामरेड महेंद्र सिंह का 20वां शहादत दिवस साकची गोलचक्कर के समीप मनाया गया। मौके पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। जिसे भाकपा माले के कोल्हान प्रमंडल ने किया। शहीद कामरेड महेंद्र सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि के बाद उपस्थित लोगों ने उनके सम्मान में 2 मिनट का मौन रखा। इस दौरान गोलचक्कर कामरेड महेंद्र सिंह को लाल सलाम, कामरेड महेंद्र सिंह अमर रहे, कामरेड महेंद्र सिंह, आपके अरमानों को मंजिल तक पहुंचायेंगे जैसे नारों से गूंज उठा। अध्यक्षता माले नेता ओमप्रकाश सिंह ने की। कहा कि शहीद महेंद्र सिंह शोषित पीड़ित लोगों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ते वाले बेखौफ नायक थे। कार्यक्रम के दौरान गंगाधर कुंभकार, सत्यानंद मिश्रा, मुर्शीद आलम, चुनचुन रजक, नीरज तिवारी, नंद किशोर सिंह, अभय सिंह, अभिषेक रुद्र, उमेश ठाकुर, एम अंसारी समेत अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### हाता-तिरिंग एनएच-220 की मरम्मत को दायर जनहित याचिका पर रांची हाईकोर्ट में सुनवाई

**जमशेदपुर।** हाता-तिरिंग राष्ट्रीय राजमार्ग 220 की जर्जर स्थिति को लेकर एडवोकेट आकाश शर्मा द्वारा दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को रांची उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। याचिका में रसुनचोपा से टिरिंग सीमा तक के चार किलोमीटर लंबे खंड की दयनीय स्थिति को लेकर तत्काल मरम्मत और रखरखाव की मांग की ग्यी है। यह महत्वपूर्ण मार्ग 2018 से खराब स्थिति में है, जिससे न केवल स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियां हो रही हैं।

## दबदबा बनाने के लिए भिड़ेंगे जमशेदपुर एफसी और मोहन बागान सुपर जायंट




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी शुक्रवार की शाम जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मोहन बागान सुपर जायंट की मेजबानी करेगी। तो मेजबान टीम लगातार तीन जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाना चाहेगी। जबकि मैरिनर्स लगातार दूसरे सीजन में जमशेदपुर एफसी पर लीग डबल हासिल करने की कोशिश करेंगे। 23 नवंबर को दोनों टीमों के सीजन के पहले मुकाबले में मैरिनर्स ने रेड माइनर्स को 3-0 से हराया था। मोहन बागान सुपर जायंट 15 मैचों में 11 जीत, दो ड्रा और दो हार से 35 अंक लेकर अंक तालिका में शीर्ष पर है। जमशेदपुर एफसी 14 मुकाबलों में नौ जीत और पांच हार से 27 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर है। मैरिनर्स अपने पिछले 12 आईएसएल मैचों में से प्रत्येक में स्कोर करके (25 गोल) शानदार फॉर्म में है।

## रातू : बाजपुर में जरूरतमंदों के बीच बांटे गरम कपड़े

- 4 सौ से अधिक लोग लाभान्वित
- 2 सौ महिलाओं को मिली साड़ी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड के बाजपुर में गुरुवार को डॉ एसएन मिश्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सिंह की पहल पर भारतीय मानवाधिकार छोटानागपुर प्रमंडल के अध्यक्ष संतोष पाठक व सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश जायसवाल की ओर से समाज के 4 सौ से अधिक जरूरतमंदों के बीच गरम कपड़े बांटे गये। 2 सौ महिलाओं को साड़ी भी दी गयी। इससे उनके चेहरे खिल उठे। उन्होंने पाठक व जयसवाल के प्रति आभार जताया। भाजपा नेता शशिभूषण भगत बतौर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। इससे न केवल मन को शांति, बल्कि गरीबों से दुआएं भी मिलती है। श्री भगत ने दानवीरों की जमकर सराहना की।


कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

### व्यक्ति में इंसानियत जरूरी

साइंस एकेडमी बोर्डिंग के निदेशक डीएन सिंह ने कहा कि व्यक्ति में इंसान से ज्यादा इंसानियत का होना जरूरी है। शिव सरस्वती सेवा निकेतन के संस्थापक सह सामाजिक कार्यकर्ता व्रजेश शर्मा ने मानव सेवा को ईश्वर की सेवा बताया। मौके पर साइंस एकेडमी स्कूल के प्रिंसिपल रजनीश कुमार, महानंद झा, ईशाना कुमारी, व्रजेश तिवारी, परमानंद मिश्र, सोमा उरांव, आनंद गोप, अनिल गोप, मनदीप महतो व अनिल ठाकुर आदि मौजूद थे।

## चुरी परियोजना का वजन घर चालू, पीओ ने ली राहत की सांस

### 19 दिनों तक कांटा बंद से परियोजना में 25 हजार टन से अधिक कोयला स्टॉक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** करोड़ो का नुकसान राजस्व क्षति होने के बाद 16 जनवरी को राँची नापतोल विभाग की इंस्पेक्टर संगीता बाड़ा के अध्यक्षता व जांचोपरांत में पुनः सुचारू किया गया। बताना चाहते है कि चुरी परियोजना का कांटा 28 दिसंबर से बंद था। नापतोल विभाग के इंस्पेक्टर के हरि झंडी मिलते ही कांटा में कोयला डिस्पैच का काम भी शुरू हो गया। नापतोल विभाग की इंस्पेक्टर गुरुवार की सुबह अपनी टीम के साथ चूरी परियोजना पहुंची और सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद कांटा घर के मशीन को स्टांप कर सील किया। जिसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। उधर कांटा घर शुरू होने से प्रबंधन ने राहत की सांस ली। पिछले 19 दिनों से परियोजना का कोयला डिस्पैच पूरी तरह से ठप हो गया था। जिसके कारण परियोजना में 25000 टन कोयले का स्टॉक हो गया था। वहीं कई कोयला लोड गाड़ियां भी 19 दिन तक परियोजना में फंसी रही। गुरुवार को कांटा घर शुरू होते ही रोड सेल और रेलवे साइडिंग में कोलार डिस्पैच शुरू हो गया। ज्ञात होगी 28 दिसंबर को कांटा घर में लगे मशीन में संदिग्ध चिप मिलने के बाद कांटा घर को बंद कर दिया गया था। कांटा सुचारू करने में परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार, विद्युत एवं यांत्रिक विभाग एरिया प्रमुख सुजय चटर्जी, अनुराग रंजन सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## बेहराबेड़ा में कॉमरेड महेंद्र सिंह को 21वें शहादत दिवस पर किया नमन

राहे। माले लोकल कमिटी के द्वारा गुरुवार को बेहराबेड़ा गांव में कॉमरेड महेंद्र सिंह की 21वीं शहादत दिवस मनाया गया। लोगों ने झारखंड आंदोलन के मूल भावना जंगल-जमीन, पलायन-विस्थापन, रोजगार, भाषा-संस्कृति, अस्मिता पहचान इन सारे सवालों पर संघर्ष करने वाले महेन्द्र सिंह के संघर्ष को पूरा करने का संकल्प लिया। संकल्प सभा की शुरुआत कॉमरेड महेंद्र सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एक मिनट का मौन श्रद्धांजलि से हुई। संकल्प सभा की अध्यक्षता करते हुए जिला कमीटी सदस्य कॉमरेड दिलीप मांझी ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन को भारत की सच्ची आजादी बताकर भारत के संविधान को खारिज करने वाली आरएसएस की परंपरागत लाइन को दोहराया है। संकल्प सभा को बतौर मुख्य वक्ता पार्टी जिला सचिव कॉमरेड जगमोहन महतो ने कहा कि जन संघर्षो की बुलंद आवाज जन नायक कॉमरेड महेंद्र सिंह आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और लोकतंत्र व न्याय पसंद जनता की राजनैतिक दावेदारी एवं शोषण विहीन समाज निर्माण की लड़ाई लड़े थे। उन्होंने कहा था कि विकास पर जनता का नियंत्रण हो, शासन पर जनता का नियंत्रण हो और खजाने का पैसा जनता के हिसाब से खर्च हो तो सब कुछ सुधर सकता है।

# आदिवासी छात्र संघ की सभी मांगें जायज : कुलपति

- बनेगा सांस्कृतिक भवन
- लाइब्रेरी की होगी स्थापना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू (रांची)।** आदिवासी छात्र संघ के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष विवेक तिर्की की पहल पर डीएसपीएमयू के जैकब हॉल में आयोजित बैठक में कुलपति डॉ टीके शांडिल्य, डीएसडब्लू सर्वोत्म कुमार, टीआरएल को-ऑडिनेटर विनोद कुमार, जनजातिय भाषा और क्षेत्रीय भाषा के शिक्षक व छात्र


कुलपति को ज्ञापन सौंपते छात्र प्रतिनिधि।

प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। श्री तिर्की ने एक-एक कार समस्याओं को रखा। इसमें वल्ड क्लास का जनजातिय भाषा एवं क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई के लिये भवन निर्माण, सभी 9 विभाग के लिय 6-6 कमरे, एक ट्राईबल म्युजियम, सांस्कृतिक भवन और एक लाईब्रेरी की स्थापना, यूजीसी गाईडलाईन के तहत शिक्षकों का रिक्वायरमेंट यूजी 30:1 तथा पीजी में 15:1 का पालन करने, विभागों में ननटिचिंग कर्मचारियों की बहाली, 03 का अखड़ा पर स्टेज तथा सेड बनवाने, 04) वाशरूम व बाथरूम की मरम्मत और उसकी नियमित सफाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। डॉ शांडिल्य ने मांगों को जायज करार देते हुये एक-एक कर इसके समाधान का भरोसा दिलाया। मौके पर संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव, मीडिया प्रभारी सुमित उरांव, रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष मनोज उरांव, उप सचिव अक्षय महतो, उपाध्यक्ष दीपा कच्छप, सचिव अमित टोप्पो, कोषाध्यक्ष नितेश टोप्पो, उप कोषाध्यक्ष मनीष उरांव व पायल बांडो आदि मौजूद थे।

### इन्होंने भी लिया हिस्सा

अभिनव भगत, अनीश टोप्पो, ममता मुंडा, रिया गाड़ी, अंजली मुंडा, बादल मुंडा, सपना मुंडा, आर्यन पहान टोप्पो, दिनेश उरांव, राहुल उरांव, सोनी उरांव, सीताराम उरांव, निखिल सांगा, सुरज सिंह, आकाश उरांव, अभिषेक पहान, अर्पण मुंडा, विजय गाड़ी, आकाश तिर्की, पूजा मुंडा, कल्पना कच्छप, स्वाति लोहरा, अंकित उरांव, ममता मुंडा, स्वाति कुमारी, अभिषेक उरांव, रोहित लोहरा, करण उरांव, नीतिश कुमार, अल्का तिग्गा, रमेश पेटवार, उमेश उरांव, सुनील उरांव, अजीत उरांव, शिवनाथ महतो, अमित टोप्पो व बबलू मुंडा आदि।

# इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से पहले भारत को मिला नया बल्लेबाजी कोच

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सौराष्ट्र के पूर्व बल्लेबाज सितांशु कोटक को इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज और चैंपियंस से पहले गुरुवार को भारत का बल्लेबाजी कोच बनाया गया है। कोटक इससे पहले भारत ए के मुख्य कोच थे। उनकी देखरेख में भारत ए टीम ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। इसके अलावा वह राहुल द्रविड़ की गैरमौजूदगी में अगस्त, 2023 में आयरलैंड दौरे पर गई भारतीय टीम के मुख्य कोच भी रहे थे। इस सीरीज में जसप्रीत बुमराह ने टीम का नेतृत्व किया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सितांशु कोटक की नियुक्ति भारतीय टीम के आगामी कार्यक्रमों को देखते हुए की है। दरअसल, हाल ही में भारतीय टीम को न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। इस दौरान भारतीय बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया था, जिसके बाद से सहायक कोच अभिषेक नायर पर सवाल खड़े हुए थे।

## आस्ट्रेलिया दौरे पर उजागर हुई थीं भारतीय बल्लेबाजी क्रम की खामियां

52 वर्ष के कोटक लंबे समय से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में बल्लेबाजी कोच हैं। वह सीनियर और ए टीमों के साथ दौरों पर जा चुके हैं। बीसीसीआइ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह स्पष्ट है कि अभिषेक नायर से खिलाड़ियों को मदद नहीं मिल पा रही है। कोटक लंबे समय से बल्लेबाजी कोच हैं और खिलाड़ी उन पर भरोसा करते हैं। आस्ट्रेलिया में भारतीय बल्लेबाजों की तकनीकी कमियां उजागर हुई और विराट कोहली आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों पर विकेट गंवाते रहे। कोटक ने घरेलू क्रिकेट में 15 शतक समेत 8000 से अधिक रन बनाए हैं।

### सितांशु कोटक के नाम पर लगी मोहर



### रोहित शर्मा के सुझाव पर बीसीसीआइ ने की कोटक की नियुक्ति

एक रिपोर्ट में बताया गया कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मिली हार के बाद पिछले हफ्ते बीसीसीआइ ने एक रिव्यू बैठक की थी। इस दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी कोच रखने का सुझाव दिया था। माना जा रहा है कि उनके इस सुझाव के मद्देनजर सितांशु कोटक को बल्लेबाजी कोच नियुक्त करने का फैसला लिया गया है। बता दें कि, टी20 विश्व कप 2024 में जीत के बाद राहुल द्रविड़ के कार्यकाल का अंत हुआ और गौतम गंभीर ने पदभार संभाला। पूर्व बल्लेबाज के साथ मोर्ने मोर्केल को गेंदबाजी कोच, अभिषेक नायर और रायन टेन डेशकाट को सहायक कोच और टी दिलीप को फील्डिंग कोच बनाया गया। हालांकि, टीम इंडिया का बल्लेबाजी प्रदर्शन निराशाजनक रहा। अब इस कोचिंग ईकाई में सितांशु कोटक की भी एंट्री हो गई है।

### 22 जनवरी से शुरू होगी भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज

भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। इस सीरीज से पहले टीम इंडिया को नया बल्लेबाजी कोच मिल गया है। उम्मीद है कि भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार होगा। सूत्र ने आगे कहा- 'भारत ए टीम का दौरा होने वाला है और कोटक आम तौर पर ए टीमों के साथ रहते हैं। वह लेवल तीन के कोच हैं और अतीत में वीवीएस लक्ष्मण के सहायक रह चुके हैं। वह पिछले साल आयरलैंड दौरे पर भारत के कोच थे। चूंकि वह एनसीए स्टाफ हैं तो उन्हें कहीं भी भेजा जा सकता है।' सीमित ओवरों की सीरीज के बाद टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई जाएगी। इस टूर्नामेंट का आगाज 19 फरवरी से होगा।

### कोचिंग स्टाफ में केकेआर के प्रभाव से खुश नहीं है बीसीसीआई

आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में हार के बाद भारतीय क्रिकेट में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। एक सूत्र के मुताबिक, टीम इंडिया के सहायक कोच रेयान टेन डेशकाटे और अभिषेक नायर की भूमिका जांच के दायरे में। बीसीसीआइ टीम प्रबंधन में स्पष्ट 'कोलकाता नाइट राइडर्स के प्रभाव' से खुश नहीं है। कोचिंग स्टाफ में केकेआर के प्रभाव से खुश नहीं है बीसीसीआइ डेशकाटे और अभिषेक नायर पर गिर सकती है गाज पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अभिषेक नायर और नीदरलैंड के पूर्व स्टार रयान टेन डेशकाटे पिछले साल श्रीलंका के दौरे पर बतौर सहायक कोच टीम इंडिया से जुड़े थे। नायर और डेशकाटे आईपीएल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स में भी सहायक कोच थे।पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अभिषेक नायर और नीदरलैंड के पूर्व स्टार रयान टेन डेशकाटे पिछले साल श्रीलंका के दौरे पर बतौर सहायक कोच टीम इंडिया से जुड़े थे। नायर और डेशकाटे आइपीएल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स में भी सहायक कोच थे और गंभीर के साथ काम किया था। गंभीर की देखरेख में कोलकाता स्थित फ्रेंचाइजी ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग का 2024 संस्करण जीता था।

## धीमी ओवर गति के लिए आयरलैंड पर लगा जुमार्ना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आयरलैंड की महिला क्रिकेट टीम पर भारतीय महिला टीम के खिलाफ तीसरे एवं अंतिम एकदिवसीय मैच में धीमी ओवर गति के कारण गुरुवार को मैच फीस का 10 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। भारतीय टीम ने बीते बुधवार को राजकोट में खेले गए इस मुकाबले को 304 रनों के विशाल मार्जिन से जीतकर सीरीज को 3-0 से अपने नाम किया था। आइसीसी ने गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि अमीरात आइसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरीज की मैच रेफरी जीएस लक्ष्मी ने यह जुमार्ना लगाया, क्योंकि समय की छूट को ध्यान में रखते हुए भी आयरलैंड की टीम निर्धारित लक्ष्य से दो ओवर पीछे पाई गई थी। आइसीसी के अनुसार खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कार्मिकों के लिए आइसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनकी टीम द्वारा आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुमार्ना लगाया जाता है। आइसीसी ने बताया कि आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदान के अंपायर किम कॉटन और अक्षय टोट्रे, तीसरे अंपायर वीरेंद्र शर्मा और चौथे अंपायर वृंदा राठी ने आरोप तय किए।

CRICKET IRELAND

## ओड़िशा वारियर्स ने श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट के जरिए जीत दर्ज की






## करुण नायर ने ठोकी टीम इंडिया में वापसी की दावेदारी, 752 की औसत से बना रहे रन

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** विदर्भ के कौटम्बी स्टेडियम में महाराष्ट्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी के तहत खेले गए सेमीफाइनल 2 मुकाबले में करुण नायर ने एक बार फिर से करिश्मा कर दिखाया। विदर्भ के लिए खेलते हुए करुण नायर ने अहम मुकाबले में 44 गेंदों पर 88 रन बनाकर अपनी टीम को 380 रन तक पहुंचा दिया। करुण नायर अब विजय हजारे टूनार्मेंट के एक सीजन में सर्वाधिक बार नाबाद रहने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। उनकी औसत अब 752 हो गई है। नायर अब तक 8 मैचों की 7 पारियों में 752 रन बना चुके हैं जिसमें पांच शतक और एक अर्धशतक शामिल हैं। इस दौरान उनकी स्ट्राइक रेट 126 रही है जबकि उनके बल्ले से 89 चौके और 16 छक्के भी निकले हैं। वह छह पारियों में नाबाद रहे हैं। नायर जिस तरह की फार्म में हैं, क्रिकेट फैंस उन्हें आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया में शामिल करने की मांग कर रहे है। पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भी बीते दिनों उनके लिए ट्विट किया था। हरभजन सिंह ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि मैं करुण नायर के आंकड़े देख रहा हूं। 2024/25 में उन्होंने छह पारियां खेलीं, 5 में नाबाद रहे, 664 रन बनाए और यही उनका औसत था। और वह 120 की स्ट्राइक रेट से खेला है। और उन्होंने उसे नहीं चुना। यह अनुचित है। गौर होकि सेमीफाइनल मुकाबले की पहली पारी तक करुण नायर ने नाबाद 88 रन बनाकर अपना टूनार्मेंट का व्यक्तिगत स्कोर 752 कर लिया है।

## इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कुलदीप यादव ने शुरू किया अभ्यास, वीडियो

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव एक बार फिर मैदान पर वापसी के लिए पुरजोर कोशिश करते दिख रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अभ्यास शुरू कर दिया है। बता दें कि, पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरू में पहले टेस्ट के दौरान कुलदीप ग्रोइन की चोट का शिकार हो गए थे। अब उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक वीडियो साझा किया है जिसमें वह नेट्स पर गेंदबाजी करते दिख रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले भारत पांच मैचों की टी20 सीरीज भी खेलेगा। इस सीरीज के लिए चुने गए स्क्वॉड में कुलदीप यादव को नहीं चुना गया। उम्मीद है कि अगर वह पूरी तरह से फिट हो जाते हैं तो उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ खेली जाने वाली पांच मैचों की वनडे सीरीज के लिए चुना जाएगा। इससे उनकी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्धता का भी पता चलेगा।



## भारतीय क्रिकेट को बचाने के लिए हर्षा भोगले का बड़ा सुझाव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार टेस्ट सीरीज में मिली हार के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड एक्शन में है। बीसीसीआइ जल्द ही खिलाड़ियों को लेकर नई गाइडलाइंस का आधिकारिक रूप से ऐलान कर सकता है, जिसमें सख्त फिटनेस कार्यक्रम को लागू करना भी शामिल है। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआइ कोच गौतम गंभीर, कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने मुलाकात की और इस बात पर चर्चा की कि लंबे दौरों के दौरान खिलाड़ियों को अपनी पत्नियों या पार्टनरों के साथ कितना समय बिताना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार खिलाड़ी अब किसी भी दौरे पर अलग-अलग ट्रैवल नहीं पर पाएंगे और पूरी टीम एक साथ एक बस में ट्रैवल करेगी। इन सभी मुद्दों के मद्देनजर, कमेंटेटर हर्षा भोगले ने भी सोशल मीडिया का सहारा लेते हुए भारतीय क्रिकेट में सुधार लाने के लिए अपनी एक राय दी है। एक्स पर अपनी बात रखते हुए भोगले ने पोस्ट किया, बीसीसीआइ द्वारा भारतीय टीम के लिए सुझाए गए बदलावों को पढ़कर मुझे नहीं पता कि इस पर कितना विश्वास करना चाहिए, लेकिन अगर मुझे एक नियम बताना हो जिसे सख्ती से लागू किया जाना चाहिए, तो वह यह होगा कि टीम के सदस्यों को पीआर एजेंसियां रखने से प्रतिबंधित किया जाए। बता दें कि, क्रिकेटर अक्सर अपनी सार्वजनिक छवि, विज्ञापन, सोशल मीडिया उपस्थिति और मीडिया इंटरैक्शन को मैनेज करने के लिए पीआर एजेंसियों के साथ कोलैबोरेट (साथ मिलकर काम) करते हैं। पीआर एजेंसियां क्रिकेटरों को एक साफ सुथरी पब्लिक इमेज बनाए रखने में मदद करती हैं।



## स्नेहा ने महिला पीजीटी टूनार्मेंट में बनाई बढ़त



**कोलकाता।** स्नेहा सिंह ने दो अंडर 68 का दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के दूसरे दौर के बाद एक शॉट की बढ़त बना ली। ऑर्डर ऑफ मेरिट 2023 जीतने वाली स्नेहा का दो दौर के बाद कुल स्कोर एक अंडर 139 है। स्नेहा एकमात्र खिलाड़ी हैं जिनका दूसरे दौर के बाद अंडर पार स्कोर है। दूसरे दौर में दो ओवर 72 का स्कोर बनाने वाली वाणी कपूर ने अपनी बढ़त गंवा दी है और वह स्नेहा से एक शॉट पीछे दूसरे स्थान पर हैं। पिछले सत्र में अपना पहला पेशेवर खिताब जीतने वाली अंविता नरेंद्र 72 का स्कोर बनाने के बाद तीसरे स्थान पर हैं। जैस्मिन शेखर (74-73) और रवजोत के दोसांझ (72-75) संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं।

## चार्ली डब्ल्यूपीएल 2025 में आरसीबी के लिए खेलेंगी

**नयी दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आगामी वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के लिए चोटिल सोफी मोलिनक्स की जगह इंग्लैंड की ऑलराउंडर चार्ली डीन को टीम में शामिल किया है। आस्ट्रेलिया की बाएं हाथ की स्पिनर मोलिनक्स घुटने की चोट को लेकर सर्जरी के कारण इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू एशेज सीरीज से बाहर हो गई हैं।

# क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं पीवी सिंधू, जापान की सुइज़ू को हराया, किरण भी अंतिम-8 में

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूनार्मेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। वहीं, किरण जॉर्ज ने भी गुरुवार को पुरुष एकल में शानदार प्रदर्शन किया और उम्मीदें बनाई रखी हैं। सिंधू ने प्री-क्वार्टर फाइनल में जापान की दुनिया की 46वें नंबर की खिलाड़ी मनामी सुइज़ू को 21-15, 21-13 से हराया, जबकि किरण ने शानदार वापसी करते हुए छह गेम प्वाइंट बचाकर प्री-क्वार्टरफाइनल में एलेक्स लानियर को 22-20, 21-13 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू अब पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से भिड़ेंगी। किरण अगले दौर में चीन के खिलाड़ी हांग यांग वेंग से भिड़ेंगे। किरण एलेक्स के खिलाफ मैच में 1-6 से पिछड़ रहे थे, लेकिन फ्रांसीसी खिलाड़ी की कई सहज गलतियों ने भारतीय खिलाड़ी को वापसी करने का मौका दिया। एलेक्स के शानदार स्मैश के बावजूद किरण डटे रहे और ब्रेक तक तीन अंक की बढ़त बनाने में कामयाबी हासिल की। किरण ने 14-20 से पिछड़ने के बाद छह गेम प्वाइंट बचाए और फिर शुरूआती गेम जीत लिया।



### सिंधू और सुइज़ू के बीच कड़ी टक्कर

वहीं, महिला एकल में सिंधू ने शानदार शुरूआत की और वह ब्रेक तक 11-6 से आगे थी। हालांकि सुइज़ू ने थोड़े समय के लिए अंतर को 11-13 और 13-14 तक कम कर दिया, लेकिन सिंधू हमेशा बढ़त बनाए रहीं। खिलाड़ी भारतीय जल्द ही 20-14 से आगे हो गई और सुइज़ू के नेट में हिट करने पर सिंधू ने गेम जीत लिया। दूसरे गेम में सिंधू ने 5-0 की बढ़त बना ली और ब्रेक तक वह 11-2 से आगे थीं। इसके बाद सुइज़ू के पास भारतीय खिलाड़ी के दबाव का कोई जवाब नहीं था।

## एन बालाजी और मिगुल की जोड़ी दूसरे दौर में पहुंची स्वियातेक आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में

एजेंसी

**मेलबर्न।** भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के मिगुल रेयेस वारेला की जोड़ी रॉबिन हासे और अलेक्जेंडर नेदोवयेसोव पर सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंच गई। बालाजी और मिगुल ने डच खिलाड़ी हासे और कजाखस्तान के अलेक्जेंडर को 6-4, 6-3 से हराया। इस बीच रित्विक बोल्लीपल्ली ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरूष युगल से बाहर होने वाले तीसरे भारतीय बने। इससे पहले रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी भी बाहर हो चुके हैं। बोल्लीपल्ली और अमेरिका के रियान सैगरमैन को छठी वरीयता प्राप्त फिनलैंड के हैरी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पाटेन ने 7-6, 6-1 से मात दी। वहीं, पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में रेबेका स्रामकोवा को 6-0, 6-2 से हरा दिया। अब उनका सामना 2021 अमेरिकी ओपन चैम्पियन एम्मा राडूकानू से होगा जिन्होंने अमांडा एनिसिमोवा को 6-3, 7-5 से मात दी। वहीं अमेरिकी ओपन 2024 सेमीफाइनल खेलने वाली एम्मा नावारो ने चीन की वांग शियू को 6-3, 3-6, 6-4 से हराया। अब उनका सामना तीन बार ग्रैंडस्लैम उपविजेता रही ओंस जबाउर से होगा जिन्होंने दमे की परेशानी के बावजूद कैमिला ओसोरियो को 7-5, 6-3 से हराया। नौवीं रैंकिंग वाली डारिया कसात्किना ने वांग याफान को 6-2, 6-0 से हराया, जबकि 24वीं रैंकिंग वाली यूलिया पुतिनत्सेवा ने झांग शुआइ को 6-2, 6-1 से हराया।



# पुलिस ने निकाला सड़क सुरक्षा जागरूकता मार्च


सड़क सुरक्षा जागरूकता मार्च में शामिल एसपी दीपक कुमार पांडेय व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने गुरुवार को जिला मुख्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता मार्च निकाला। सड़क सुरक्षा जागरूकता मार्च की शुरूआत शहर के कन्या मध्य विद्यालय फुटबाल स्टेडियम से हुई। इसमें सबसे आगे-आगे बैनर लिए पुलिस के जवान चल रहे थे। बैनर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित सुझाव वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, गति सीमा का सदैव ध्यान रखने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने, यातायात के नियमों का सदैव पालन करने आदि लिखे हुए थे। जागरूकता मार्च शहर के रंका मोड़ से पुनः कन्या मध्य विद्यालय फुटबाल स्टेडियम पहुंच कर समाप्त हो गई।

मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करना सभी नागरिकों का कर्तव्य है। इसका हमें हर हाल में पालन करना चाहिए। मौके पर एसपी दीपक कुमार पांडेय, एसडीपीओ नीरज कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल सहित विभिन्न थाना के पुलिस अधिकारी व जवान उपस्थित थे।

## पटना हाईकोर्ट ने बीपीएससी, सरकार को झटका

# 30 तक हलफनामा दायर करने का निर्देश

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) को हाईकोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। गुरुवार देर शाम पप्पू कुमार और अन्य की याचिका पर न्यायमूर्ति एएस चंदेल की एकल पीठ ने राज्य सरकार और बीपीएससी को 30 जनवरी 2025 तक हलफनामा दायर कर स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया। इस मामले में अगली सुनवाई 31 जनवरी 2025 को निर्धारित की गई है। हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि आयोग द्वारा ली गई परीक्षा का परिणाम इस याचिका के अंतिम निर्णय पर निर्भर करेगा।

इस मामले पर सुनवाई के दौरान अदालत में सरकारी और याचिकाकर्ता वकीलों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई है। सरकारी वकील ने आपत्ति जताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एक अन्य केस फाइल हुआ है। ऐसे में सरकारी वकील ने दोनों की सुनवाई एक साथ करने का आग्रह किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता वाई वी गिरी ने याचिकाकार्ता पप्पू कुमार और अन्य की ओर हाईकोर्ट में तर्क रखा कि बीपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीपीएससी न तो इन मामलों की जांच कर रहा है, न ही पुनः परीक्षा लेने को तैयार है। अधिवक्ता गिरी ने बताया कि बीते 13 दिसम्बर 2024 को चार लाख उम्मीदवारों की प्रारंभिक परीक्षा 912 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, और कई केंद्रों पर प्रश्नपत्र लीक होने का आरोप सामने आया था।




अधिवक्ता गिरी ने हाईकोर्ट में यह भी बताया कि 4 जनवरी 2025 को पटना के बापू सभागार केंद्र पर पुनः परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें सभी उम्मीदवारों को 6 अंक देने का निर्णय लिया गया। इस परीक्षा में तीन प्रश्न गलत थे, जबकि दो प्रश्न पिछली परीक्षा से थे और एक प्रश्न गलत था।

गिरी ने यह भी कहा कि 4 जनवरी को आयोजित परीक्षा के उम्मीदवारों को 6 अंकों का लाभ मिलेगा, जबकि अन्य उम्मीदवार इस लाभ से वंचित रहेंगे, जो न्यायसंगत नहीं है। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के विनोद चन्द्रन के विदाई समारोह के कारण बुधवार को केसों पर सुनवाई नहीं हो सकी थी। यह केस न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल के एकलपीठ के समक्ष पांचवे नंबर पर सूचीबद्ध था। लेकिन, साढ़े ग्यारह बजे से विदाई समारोह के लिए समय तय होने के कारण सुनवाई नहीं हुई।

# गंगा स्नान कर प्रशांत किशोर ने तोड़ा अपना अनशन



**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं पीटी परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर 14 दिन से अनशन कर रहे प्रशांत किशोर ने गुरुवार को गंगा नदी में स्नान के बाद जूस ग्रहण कर अपना अनशन तोड़ा। मरीन ड्राइव में बने टेंट सिटी में पहले पूजा की। फिर समर्थकों के फल खाकर अपना अनशन खत्म किया। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में प्रशांत किशोर ने कहा कि अब सत्याग्रह करेंगे, जो तब तक चलेगा जब तक अभ्यर्थियों के साथ न्याय नहीं होता। उन्होंने कहा कि इस टेंट सिटी में आज से सत्याग्रह शुरू हो रहा है, जिसमें आनेवाले हफ्तों में लाखों लोगों को शामिल किया जाएगा। बिहार में कानून, शिक्षा और सुरक्षा को लेकर यह सत्याग्रह शुरू किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रशांत किशोर शिक्षा,परीक्षा और रोजगार से जुड़े पांच सूत्रीय मुद्दों को लेकर बीते 2 जनवरी से अनशन पर थे। उनके आंदोलन की मुख्य वजह बीपीएससी की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) में अनियमितताओं और धांधली के आरोप हैं। जिसके खिलाफ बीपीएससी के अभ्यर्थी लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। पीके ने कहा है कि उनका अनशन समाप्त हो रहा है लेकिन आंदोलन जारी रहेगा।

## मध्याह्न भोजन में मिली छिपकली, मचा हड़कंप

**नवादा।** नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय डुमरावां में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब विद्यालय के मध्याह्न भोजन में मरी छिपकली मिली। भोजन खाने से कुछ बच्चों को चक्कर आना शुरू हुआ, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि भोजन परोसते समय रसोइया को दाल में छिपकली मरा मिला। तब तक कुछ बच्चे भोजन खाना शुरू कर चुके थे। घटना की सूचना मिलने पर बच्चों के अभिभावक विद्यालय पहुंचें। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताई। बता दें कि इस पूरे मामले में विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही सामने आई है।

## राज्यपाल से वाहन जांच चेक पोस्ट पर चालान काटने की मांग

**कांडी।** थाना क्षेत्र में हो रहे वाहन जांच में गरीब किसान, मजदूर एवं आम नागरिकों की असुविधा को लेकर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामलाल दुबे एवं मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे सहित अन्य कार्यकताओं ने आवश्यक पहल के संबंध में राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन दिया गया। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि गढ़वा जिले में सरकार के निर्देश के पर एक अभियान के तहत वहान की जांच की जा रही है। इसका हम सब जनता सम्मान करते हैं। इस जांच अभियान में दूरदराज से कितने गरीब किसान, मजदूर सौ-सौ किलोमीटर तक यात्रा करते हैं।

## प्लांट कटिंग की विरोध में आयोजित धरना 25वें दिन भी जारी


धरना पर बैठे मजदूर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** एशिया के सबसे बड़े क्रेशर प्लांट की नीलामी के बाद प्लांट की कटिंग के विरोध मे विस्थापित संघर्ष समिति के नेतृत्व में मजदूरों का धरना प्रदर्शन 25वें दिन भी जारी रहा।

धरना के 24वें दिन शाम में प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद जी राम ने प्रखंड कार्यालय बुलाकर विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे, अध्यक्ष वीरेंद्र साह, नंदलाल पाठक, महा सचिव रामविजय साह, दीपक जायसवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, मजदूर नेता शंभू राम के साथ वार्ता की थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विस्थापित संघर्ष समिति से अनुरोध कि आप धरना को समाप्त करें, सेल प्रबंधन के सामने आपकी मांगो को रखा जाएगा। इस वार्ता में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं विस्थापित संघर्ष समिति के बीच समन्वय नहीं बन पाने से वार्ता विफल हो गई। विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे ने बीडीओ से कहा कि सेल प्रबंधन सभी प्रकार के मजदूरों का रिटेचमेंट एवं ग्रेच्युटी का भुगतान करने, तुलसीदामर डोलोमाइट खदान को चालू करने, क्रेशर प्लांट कटिंग के नीलामी को रद्द करने की मांग की। धरना में सुशील चौबे, वीरेंद्र साह, धर्मेंद्र गुप्ता, ददुली साह, शंभू राम, बाला यादव, शनीचर अगरिया, रामपति देवी,बुधनी देवी, चिंता देवी, फुलवा देवी, प्रमिला देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जीविका दीदियों को 10 करोड़ का ऋण वितरण

**सहरसा।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के सीजीएम बिहार एवं झारखंड के वी राजू ने अगुवानपुर शाखा में आयोजित कार्यक्रम में जीविका दीदियों से मुलाकात कर उनकी कार्यों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम के उद्घाटन में सवेरा जीविका संकुल स्तरीय संघ की अध्यक्ष मंजू देवी ने फूलों का गुलदस्ता, पाग और शॉल भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। मंजू देवी ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक अगुवानपुर शाखा अंतर्गत जीविका के 301 स्वयं सहायता समूह है। सभी 301 स्वयं सहायता समूह का बचत खाता व ऋण उपलब्ध करा दिया गया है।

## गरीब के घर में लगी आग, 9 बकरियां मरी, दंपत्ति झुलसे


घायल चंद्रदेव राम व चंद्रावती देवी

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गाड़ा खुर्द पंचायत के बनकट गांव स्थित सोन नदी के किनारे पर अवस्थित चंद्रदेव राम की फुस की झोपड़ी में अचानक आग लगने से नौ बकरियों की झुलसने से मौत हो गई। घटना बुधवार की रात्रि तकरीबन 9 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोन नदी के तट पर काशी से निर्मित झोपड़ी में चंद्रदेव राम व उनकी पत्नी चंद्रावती देवी सो रहे थे। जबकि सभी बकरियां उक्त झोपड़ी में बंधी थीं। आग कैसे लगी, यह किसी को ज्ञात नहीं है। इस अगलगी की घटना में चंद्रदेव राम व उनकी पत्नी चंद्रावती देवी झुलस कर घायल हो गए। परिजनों द्वारा घायल दंपति को इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देख चिक्तिसकों ने उन्हें मेदिनीनगर के लिए रेफर कर दिया। घायल चंद्रदेव राम के भतीजे राहुल राम, पिता स्व. सत्यनारायण राम ने बताया कि उक्त झोपड़ी में आग कैसे लगी, यह पता नहीं चल पाया है। अगलगी की घटना में झुलसे चाचा व चाची किसी प्रकार झोपड़ी से निकल कर अपनी जान बचाई। उसने बताया कि झोपड़ी में बंधी कुल नौ बकरियां, बर्तन, भोजन सामग्री, वस्त्र, बिस्तर, सोलर आदि भी जल कर राख हो गए। राहुल ने बताया कि चाचा चंद्रदेव राम के शरीर के दाहिने हिस्से में सिर से लेकर पांव तक गंभीर रूप से जल गया है।

# खिलाड़ियों ने किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लहराया परचम

## डीसी ने किया सम्मानित


सम्मानित करते डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** रामगढ़ में आयोजित यूथ किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गढ़वा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छह पदक जीते। जिसमे पांच स्वर्ण व एक कांस्य पदक शामिल है। सभी विजेता खिलाड़ियों को डीसी शेखर जमुआर ने सम्मानित किया। ज्ञात हो कि उक्त प्रतियोगिता में अनुराज पांडेय ने 24 किग्रा में स्वर्ण पदक जीतकर गढ़वा जिला का नाम रौशन किया। जबकि अदिति पांडेय ने 32 किग्रा में स्वर्ण पदक, सुप्रिया कुमारी ने 38 किग्रा में स्वर्ण पदक, पुण्य प्रसून ने 38 किग्रा में स्वर्ण पदक, अर्णव कुमार ने 23 किग्रा में स्वर्ण पदक व समीर कुमार चौबे 85 किग्रा में कांस्य पदक प्राप्त किया है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उक्त खिलाड़ियों को डीसी श्री जमुआर ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त मौके पर किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, सचिव मनोज संसाई आदि लोग उपस्थित थे।

## लवकुश हत्याकांड में चौकीदार की भूमिका पर उठे सवाल

**पूर्वी चंपारण।** जिला के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के घिवाढार पंचायत स्थित गोविंदपुर पासवान टोली में हुए लवकुश हत्याकांड मामले में स्थानीय चौकीदार की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने चौकीदार राजेश पासवान की भूमिका की जांच करने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार कुत्ते द्वारा एक शव को नोचकर खाने की सूचना बच्चों द्वारा चौकीदार राजेश पासवान को भी दी गई लेकिन चौकीदार ने तत्परता से कार्रवाई करने के बजाय अगले दिन जाकर शव देखा। इसके बावजूद उसने न तो थानाध्यक्ष को सूचना दी और न ही किसी वरिष्ठ अधिकारी को जानकारी दी। बाद में जब हरसिद्धि थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार सिन्हा को घटना की भनक लगी तो उन्होंने चौकीदार से फोन पर जानकारी ली।

## ट्रिपल लोडिंग बाइक दुर्घटना में एक की मौत

**सहरसा।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर-सोनबरसा कचहरी मुख्य सड़क के भौरा गांव के समीप गुरुवार को बाइक दुर्घटना में एक की मौत हो गई तथा दो गंभीर रूप से जख्मी हो गया। तीनों व्यक्ति के आपस में रिश्तेदार होना बताया जाता है। मृतक बलवाहाट थाना क्षेत्र के ढोली- मोहनपुर गांव निवासी किशुन साह (52) बताया जाता है। वहीं दोनों जख्मी में जिले के बेंगहा निवासी भूटो साह (70) एवं सपटियाही गांव निवासी राहुल कुमार (28) है। घटना के संबंध में अस्पताल में इलाज रत जख्मी भूटो साह ने बताया कि वह तीनो व्यक्ति आपस मे रिश्तेदार हैं। महखड़ गांव से एक ही बाइक पर सवार हो कर सिमरी बख्तियारपुर दाह संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान जैसे ही वह भौरा गांव के समीप पहुंचे की उसकी बाइक अनियंत्रित होकर वृक्ष से टकरा गई और बाइक सड़क किनारे खेत में जा गिरी।

## पेज एक शेष

### अंतरिक्ष में दो ...

इसरो ने 30 दिसंबर, 2024 को ह्यस्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) मिशन को सफलतापूर्वक शुरू किया था।

**क्या है स्पेडेक्स मिशन :** इसरो के मुताबिक, स्पेडेक्स मिशन अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक के विकास के लिए एक किफायती प्रयास है, जो भविष्य के मिशनों के लिए अहम साबित हो सकता है। इस तकनीक की आवश्यकता तब होती है जब एक सामान्य मिशन के लिए कई रॉकेट लॉन्च करने की जरूरत होती है। यह भारत की भविष्य की अंतरिक्ष योजनाओं, जैसे चंद्रमा पर मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का निर्माण और संचालन के लिए महत्वपूर्ण होगा। इस मिशन के साथ, भारत अंतरिक्ष डॉकिंग प्रौद्योगिकी हासिल करने वाला चौथा देश बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**पीएम मोदी ने दी बधाई :** पीएम मोदी मोदी ने अंतरिक्ष में दो उपग्रहों की सफल डॉकिंग पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी। उन्होंने कहा, यह भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना सहित भविष्य के कई मिशनों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक्स पर एक पोस्ट में पीएम ने कहा, यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। भविष्य के अंतरग्रहीय मिशनों और अंतरिक्ष स्टेशन सहयोग के लिए मार्ग प्रशस्त करता है।

### चार महीने के अंदर ...

एकल पीठ चार जनवरी 2024 को तीन सप्ताह के अंदर नगर निकाय चुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी करने का आदेश सरकार को दिया था। इस संबंध में राज्य सरकार की अपील भी हाई कोर्ट की खंडपीठ से खारिज हो चुकी है और हाई कोर्ट की खंडपीठ ने भी एकल पीठ के आदेश को सही ठहराया है।

**ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूरी :** राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में कहा गया कि पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की पात्रता निर्धारण को लेकर जिला स्तर पर ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गयी है। कुछ ही जिलों में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया बाकी है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग से वोटर लिस्ट भी अबतक नहीं मिल पाया है। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि ट्रिपल टेस्ट कराये बिना भी निकाय चुनाव कराया जा सकता है। राज्य सरकार की मंशा चुनाव कराने की नहीं है। ऐसे में अवमानना का मामला चलाया जाये। प्रार्थी ने एकल पीठ के आदेश का पालन कराने की मांग की गयी है।

### छत्तीसगढ़ : सुरक्षाबलों...

**सभी जवान सुरक्षित :** अधिकारी ने बताया कि इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। सभी सुरक्षित हैं। जानकारी के मुताबिक मुठभेड़ स्थल से कई हथियार भी बरामद हुए हैं। इस ऑपरेशन में तीन जिले सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा के डीआरजी, कोबरा 205, 206, 208, 210ओर 229 बटालियन के जवान शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि इसके साथ ही इस महीने अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में 26 नक्सली मारे जा चुके हैं। 12 जनवरी को बीजापुर जिले के मद्देड़ थाना क्षेत्र में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत पांच माओवादी मारे गये थे। पिछले साल राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षा बलों ने 219 नक्सलियों को ढेर कर दिया था।

### महाकुंभ दे रहा ...

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की प्रतिनिधि सैली एल अजाब ने कहा कि वो मध्य पूर्व से भारत आयी हैं। यह एक अद्भुत क्षण है। यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। यहां सब कुछ पूरी तरह से व्यवस्थित है। उन्होंने महाकुंभ की भव्यता की तारीफ करते हुए बताया कि यह आयोजन न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। उन्हें यहां करोड़ों श्रद्धालुओं और उनकी विधिवत सुरक्षा व्यवस्था को देखकर भारतीय संस्कृति की महानता का अहसास हुआ। उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की और महाकुंभ के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जाना। साधु-संतों ने महाकुंभ की प्राचीन परंपराओं, अखाड़ों की भूमिका और भारतीय संस्कृति की महिमा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि संतों के विचारों से गहरे प्रभावित हुए और उन्होंने भारतीय धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

महाकुंभ में फिजी, फिनलैंड, गुयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद और टोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधि पहुंचे हैं। सभी यहां की संस्कृति से अभिभूत नजर आये। उनके लिए यह यात्रा न केवल एक धार्मिक अनुभव है, बल्कि एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर में हिस्सा लेने का भी एक शुभ अवसर है।

# भाकपा माले ने निकाला संकल्प मार्च

## मनाई महेंद्र सिंह की शहादत दिवस


संकल्प मार्च में शामिल भाकपा माले के लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** भाकपा माले नेता शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह की शहादत दिवस के मौके पर भाकपा माले गढ़वा जिला इकाई के तत्वाधान में शहादत दिवस मनाई गई। मौके पर गुरुवार को गढ़वा दानरो नदी टेम्पो स्टैंड से प्रखंड कार्यालय तक संकल्प मार्च निकला गया। साथ ही प्रखंड कार्यालय परिसर में संकल्प सभा आयोजित कर शहादत दिवस मनाई गई। उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर दो मिनट मौन रखकर श्रध्दांजलि अर्पित की गई। माले नेत्री सुषमा मेहता ने की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में माले नेताओं ने स्व. सिंह के संघर्षो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह झारखंड के जननायक थे। वे बिहार व झारखंड विधान सभा में विपक्ष के कद्दावर नेता थे। उन्होने ने अपने अंतिम भाषण में कहा था कि मैं आपके वोट के साथ कभी सौदा नही करूंगा। और न ही जूते-चप्पल की तरह पार्टी बदलूंगा। आज के ही दिन 16 जनवरी 2005 को चुनावी सभा के दौरान जब हत्यारों ने पूछा महेंद्र सिंह कौन है? तब उन्होंने सीना तान कर कहा कि मैं हूं महेंद्र सिंह। वीर महेंद्र सिंह तुम जिन्दा हो, खेतों में, खलिहानों में, जनता के अरमानों में गीत गाई जाती है। मौके पर भाकपा माले के जिला सचिव कालीचरण मेहता, जिला कमिटी सदस्य अख्तर अंसारी, वीरेंद्र चौधरी, संजय चंद्रवंशी, जन संस्कृति मंच के सदस्य अनवर झंकार, सूरज मेहता, रंजीत मेहता सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# नया सवेरा नया उजाला बैडमिंटन प्रतियोगिता का विजेता बनी मेदिनीनगर की टीम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के बस स्टैंड स्थित गढ़ प्रांगण में 'नया सवेरा नया उजाला बैडमिंटन टूर्नामेंट सीजन 3' का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें मेदिनीनगर के शौर्य एवं नरेंद्र कुमार की जोड़ी तथा रिकी एवं अजय ठाकुर की जोड़ी के साथ खेला गया। जिसमें शौर्य एवं नरेंद्र की जोड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच जीत लिया।

इसके पूर्व हुए सेमी फाइनल मैच में चार टीमों में दो टीमें डालटेनगंज की, एक टीम गढ़वा की तथा एक टीम माझिआंव की शामिल हुई। पहला सेमीफाइनल मैच माझिआंव के ऋषभ और गोलू की जोड़ी और डालटेनगंज के रिकी पाजी और अजय ठाकुर की जोड़ी के बीच हुआ इसमें रिकी पाजी और अजय ठाकुर की जोड़ी ने फाइनल में जगह बना ली। दूसरा सेमीफाइनल का मैच डालटेनगंज की टीम शौर्य और नरेंद्र की जोड़ी और गढ़वा की टीम चंदन और प्रशांत की जोड़ी के साथ खेला गया। जिसमे शौर्य और नरेंद्र की जोड़ी लगातार दो सेटों में विजय प्राप्त करते हुए फाइनल में जगह बनाने में कामयाब हुई। इस जोड़ी ने फाइनल मैच का खिताब भी अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर टूनामेंट के मुख्य अतिथि अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 11 हजार रुपए नगद तथा उप विजेता टीम को 51 सौ रुपए नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया। अंचलाधिकारी ने दोनों टीम के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी। इस टूनामेंट के संयोजक युवा समाजसेवी मारुतिनंदन सोनी को इस तरह के सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर आयोजन करने पर बधाई का पात्र बताया। और कहा कि श्री सोनी के द्वारा खेल के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का काम किया जा रहा है जो सराहनीय है। सीओ ने कहा कि यहां के लोगों ने उन्हें जो प्रेम दिया उससे वे अभिभूत हैं। और वे कोशिश करेंगे कि मझिआंव को एक खेल का मैदान उपलब्ध कराया जाय। इधर खेल का मैदान उपलब्ध कराने के सीओ के आश्वासन पर मारुतिनंदन सोनी सहित सभी खिलाड़ियों ने खुशी का इजहार किया। श्री सोनी ने कहा कि मझिआंव को सीओ साहेब के सौजन्य से खेल का मैदान उपलब्ध होने पर यहाँ के लोग हमेशा ही आभारी रहेंगे। टूर्नामेंट में कमेंटेटर की भूमिका रिंकू तिवारी तथा सोनू खान ने निभाया। जबकि स्कोरर के रूप में चंदन कमलापुरी, पप्पू जायसवाल तथा अंपायर के रूप में गोपाल सोनी तथा पप्पू खलीफा ने अपनी भूमिका निभाई। इस मौके पर व्यवस्थापक टीम के सदस्य दिनेश सोनी नौशाद खान, पप्पू जायसवाल, चुन्नू जायसवाल, अशोक कमलापुरी सहित कई लोग उपस्थित थे।


ट्रॉफी के साथ विजेता

स्पीड न्यूज

## ‘बॉर्डर 2’ की तैयारी में जुटे वरुण धवन



**मुंबई।** वरुण धवन बॉर्डर 2 पर पूरी तरह फोकस कर चुके हैं। उनकी पहली तस्वीर ने दर्शकों के बीच नई उम्मीदें जगा दी हैं। बॉर्डर 2 को लेकर दर्शकों का उत्साह वाकई चरम पर है, और इस नई जानकारी ने फिल्म को लेकर उम्मीदें और बढ़ा दी हैं। वरुण धवन के साथ सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, और अहान शेट्टी जैसे कलाकारों की मौजूदगी इसे एक स्टार-स्टडेड फिल्म बनाती है। फिल्म 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## पांच लाख के इनामी नक्सली का समर्पण

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में पांच लाख के इनामी नक्सली व स्वयंभू कमांडर कमलदास ने गुरुवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर नक्सली संगठन को गहरा झटका दिया है। उत्तर बस्तर डिविजन की टेक्निकल टीम एरिया कमेटी में कमांडर के पद पर कार्यरत कमलदास कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा और बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में कई मुठभेड़ों में शामिल रहा है। वह भरमार बंदूक, हैंड ग्रेनेड और देशी लांचर बनाने के साथ-साथ अन्य हथियारों की मरम्मत में मास्टरमाइंड है।

## बांग्लादेश में एचएमपीवी से एक महिला की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण से मरने वाला पहला मामला सामने आया है। इस वायरस से संक्रमित महिला कई स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं से जूझ रही थी जिसकी मौत हो गई है। मृतका संजीदा अख्तर की स्थानीय समयानुसार बुधवार शाम करीब 6:00 बजे राजधानी ढाका के संक्रामक रोग अस्पताल में मौत हो गई। जहां उसका रविवार से इलाज चल रहा था।

## मणिपुर में हथियार के साथ आठ गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में अलग-अलग अभियानों में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार करके, पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया और हथियार बरामद किये हैं। पुलिस ने बताया कि मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स, वन विभाग और कार्यकारी मजिस्ट्रेट की एक संयुक्त टीम ने बुधवार को चुराचांदपुर जिले के संगाईकोट-पीएस के तहत हाओपी मल्लेन हिल रेंज में ऑपरेशन शुरू किया गया। इस दौरान, पोस्ता की कुल 4.8 एकड़ खेती को नष्ट किया।

# ऑस्ट्रेलिया में भीषण तूफान से एक लाख से अधिक घरों में बिजली गुल

## सिडनी में तेज आंधी से बड़े पैमाने पर नुकसान

### आज और कल भयंकर तूफान का एलर्ट जारी

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) में सिडनी और आसपास के इलाकों में आए भीषण तूफान के बाद एक लाख से अधिक घरों में बिजली गुल हो गई है। पूरे राज्य में बुधवार शाम और गुरुवार सुबह आए तेज आंधी-तूफान से बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ। ऑस्ट्रेलिया के बिजली प्रदाता ऑसग्रिड ने गुरुवार का बताया कि तूफान से 140,000 ग्राहक प्रभावित हुए और अब 58,000 घरों और व्यवसायों में बिजली बहाल कर दी गई है। इस बीच ऑसग्रिड ग्राहकों ने बिजली लाइनों पर गिरे तारों, पेड़ों और शाखाओं सहित 560 से अधिक विद्युत खतरों की सूचना दी है। बिजली कंपनी ने कहा कि अतिरिक्त ऑसग्रिड आपातकालीन कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण तूफान क्षति के कारण होने वाले विद्युत खतरों को दूर करने के लिए पूरी रात काम किया है। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन ने ऑसग्रिड के प्रवक्ता के हवाले से आज बताया कि सिडनी में कई वर्षों



में आया यह सबसे बड़ा तूफान था और सिडनी के उत्तर, दक्षिण-पश्चिम और आंतरिक शहर के साथ-साथ न्यूकैसल तटीय क्षेत्र इससे सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। एक अन्य बिजली प्रदाता एसेंशियल एनर्जी ने भी बताया है कि तूफान के दौरान कुछ बिंदुओं पर बिजली गुल होने से 50,000 से अधिक ग्राहक प्रभावित हुए हैं। यह कंपनी अधिकांश क्षेत्रीय एनएसडब्ल्यू को बिजली प्रदान करती है। एनएसडब्ल्यू राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) ने कहा कि उसे गुरुवार सुबह तक 24 घंटों में सहायता के लिए 2,200 से अधिक कॉल प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश गिरे हुए पेड़ों या बिजली लाइनों और क्षतिग्रस्त संपत्तियों से संबंधित थीं। ऑस्ट्रेलिया के मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) ने सुबह एनएसडब्ल्यू में मिड नॉर्थ कोस्ट, हंटर, नॉर्थ वेस्ट ढलानों और मैदानों और उत्तरी टेबललैंड पूर्वानुमान जिलों में लोगों के लिए भीषण तूफान की चेतावनी रद्द कर दी और कहा कि अंतदेर्शीय पूर्वोत्तर एनएसडब्ल्यू में तूफान कम हो गए हैं। हालाँकि स्थिति पर निगरानी जारी रहेगी और यदि आवश्यक हुआ तो आगे की चेतावनी भी जारी की जाएगी। सिडनी और आसपास के इलाकों में गुरुवार से शुक्रवार और शनिवार तक भयंकर तूफान जारी रहने का अनुमान है। एसईएस ने एनएसडब्ल्यू के मध्य और उत्तरी तटों पर नदियों के किनारे डेरा डाले हुए लोगों को गंभीर मौसम के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है और अधिकारियों ने कई क्षेत्रों के लिए बाढ़ की चेतावनी भी जारी की है।

## कैलिफोर्निया में हवाओं से आग हुआ विकराल

**लॉस एंजिलिस।** दक्षिणी कैलिफोर्निया में सांता एना हवाओं के चलने के कारण जंगल में लगी आग ने और विकराल रूप ले लिया है जबकि अग्निशामक दल बुधवार को भी जंगल की आग बुझाने के लिये प्रयासरत रहे। यूएस नेशनल वेदर सर्विस ने कहा कि बुधवार को तटीय दक्षिणी कैलिफोर्निया में गंभीर आग की स्थिति जारी रहेगी, लेकिन सप्ताह के अंत तक सुधार की उम्मीद है, और बुधवार स्थानीय समयानुसार दोपहर तीन बजे तक एक भी चेतावनी जारी की।

# अडाणी के खिलाफ रिपोर्ट जारी करने वाली हिंडनबर्ग रिसर्च बंद

## एंडरसन ने ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले लिया फैसला

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी निवेश एवं अनुसंधान कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च को बंद कर दिया गया है। इसके संस्थापक नैट एंडरसन ने बुधवार को यह जानकारी दी। उद्योगपति गौतम अडाणी और उनके समूह के खिलाफ रिपोर्ट जारी करने के बाद यह कंपनी चर्चा में आ गई थी। एंडरसन ने कहा कि जैसा कि मैंने पिछले साल के अंत से ही अपने परिवार, दोस्तों और अपने दल के साथ यह जानकारी साझा की थी कि मैंने हिंडनबर्ग रिसर्च को बंद करने का निर्णय लिया है। योजना मौजूदों विषयों पर जारी काम को पूरा करने के बाद इसे बंद करने की है। पोंजी मामलों पर काम हमने पूरा कर लिया है और इसे विनियामकों के साथ साझा कर रहे हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च पिछले कुछ वर्षों से अडाणी समूह के खिलाफ अभियान चला रही थी। इसकी 2023 में प्रकाशित रिपोर्ट में अदाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी तथा वित्तीय गड़बड़ियों का

- अमेरिकी न्याय मंत्रालय ने अडाणी और उनके समूह की कंपनियों के सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का किया था अनुरोध

आरोप लगाया था। उस समय इससे भारतीय अरबपति को अरबों डॉलर का नुकसान हुआ था। अदाणी तथा उनकी कंपनियों ने हालांकि सभी आरोपों से इनकार किया था। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब अमेरिका में सत्ता हस्तांतरण की तैयारी जारी है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के चार साल के कार्यकाल का अंत हो रहा है और 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप शपथ ग्रहण करने जा रहे हैं। अमेरिका में सदन की न्यायिक समिति के सदस्य रीप लांस गुडेन के अमेरिकी न्याय मंत्रालय से उद्योगपति गौतम अडाणी और उनके समूह की कंपनियों के खिलाफ बाइडन प्रशासन में चलाए




गए चुनिंदा अभियोजन के संबंध में सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का अनुरोध करने के कुछ दिन बाद एंडरसन ने कंपनी को बंद करने की घोषणा की है। एंडरसन ने कहा कि इसे बंद क्यों हो जाना चाहिए? कोई खास वजह नहीं है..कोई खतरा नहीं, कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं और कोई व्यक्तिगत समस्या नहीं है। किसी ने एक बार मुझसे कहा था कि एक निश्चित बिंदु पर एक सफल करियर एक स्वार्थी कार्य बन जाता है। शुरू में मुझे लगा कि मुझे खुद को कुछ चीजें साबित करने की जरूरत है। अब मुझे खुद के लिए कुछ सुकून चाहिए। वॉल स्ट्रीट जर्नल को दिए गए एक साक्षात्कार में एंडरसन ने कहा कि वह अपने शौक पूरे करने, यात्रा करने और अपनी मंगेतर तथा उनके बच्चे के साथ समय बिताने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने भविष्य के लिए पर्याप्त धन जोड़ लिया है। वह अपने पैसे को कम तनाव वाले निवेशों में लगाने की योजना बना रहे हैं।

# फेड के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद से शेयर बाजार गुलजार

## सेंसेक्स 318 अंक छलांग लगाकर 77 हजार पार

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिका में महंगाई घटने से फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती करने की उम्मीद बढ़ने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, दूरसंचार, धातु और सर्विसेज समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से गुरुवार को शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 318.74 अंक की छलांग लगाकर 77 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 77,042.82 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 98.60 अंक की बढ़ोतरी के साथ 23,311.80 अंक पर पहुंच गया। साथ ही बीएसई का मिडकैप 0.92 प्रतिशत उछलकर 43,743.69 अंक और स्मॉलकैप 1.43 प्रतिशत की उड़ान भरकर 52,308.67 अंक हो गया। । बीएसई में कुल 4067 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2778 में लिवाली जबकि 1188 में



बिकवाली हुई वहीं 101 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 2083 कंपनियां बढ़त जबकि 699 गिरावट के साथ बंद हुई वहीं 74 के भाव में टिकाव रहा।

**अडाणी पोर्ट्स टॉप गेनर :** सेंसेक्स पैक में अदाणी पोर्ट्स, एसबीआई, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, मारुति सुजुकी, अल्ट्रा टेक सीमेंट और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स रहे। एचसीएल टेक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और आईटीसी टॉप लूजर्स रहे। इससे कमोडिटीज 1.51, सीडी 0.36, ऊर्जा 1.01, वित्तीय सेवाएं 1.35, हेल्थकेयर 0.17, इंडस्ट्रियल्स 1.73, दूरसंचार 1.61, यूटिलिटीज 1.27, ऑटो 0.74, बैंकिंग 1.12, कैपिटल गुड्स 1.56, धातु 1.63, तेल एवं गैस 0.91, पावर 1.48, रियल्टी 0.51 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.93 प्रतिशत उछल गए।


### निवेशकों को 4.54 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 428.85 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 424.31 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को करीब 4.54 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

# सर्जरी के बाद खतरे से बाहर सैफ

- अभिनेता सैफ अली खान के घर में घुसकर अपराधी ने कई बार चाकू से किया था हमला
- रीढ़ की हड्डी के बीच के हिस्से में आयी है गंभीर चोट

**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा इलाके में बुधवार देर रात अभिनेता सैफ अली खान के घर में घुसकर एक हमलावर ने उन पर कई बार चाकू से वार किया, जिसमें वह घायल हो गए। इस घटना के बाद फिल्मी हस्तियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। लीलावती अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि सैफ (54) आपातकालीन सर्जरी के बाद खतरे से बाहरहैं। यह हमला बीती रात करीब 2.30 बजे सतगुरु शरण इमारत की 12वीं मंजिल पर स्थित उनके अपार्टमेंट में हुआ। पुलिस ने हत्या या गंभीर चोट पहुंचाने के प्रयास के साथ सशस्त्र डकैती का मामला दर्ज किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमलावर इमारत की सीढ़ियों के जरिए भाग गया। मामले में अब तक किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया गया है। छठी मंजिल पर लगे सीसीटीवी में आरोपी देखा जा सकता है। सबसे पहले घरेलू सहायिका ने शोर मचाया। हमलावर के साथ झड़प के दौरान उसके हाथ में चोट आई। उसने बाद में शिकायत दर्ज कराई। न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन डांगे, कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. लीना जैन और एनेस्थिसियोलॉजिस्ट डॉ. निशा गांधी के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम ने सर्जरी की। अस्पताल के सीओओ डॉ नीरज उत्तमानी ने कहा, ह्यह्यउन्हें छह चोटें आईं, जिनमें दो मामूली, दो मध्यम और दो गहरी चोटें हैं, इनमें से एक चोट पीठ पर है जो रीढ़ की



हड्डी के करीब लगी है। सैफ को चाकू से किए गए वार के कारण रीढ़ की हड्डी के बीच के हिस्से में गंभीर चोट आई है। चाकू निकालने और स्पाइनल फ्लूइड से हो रहे रिसाव को रोकने के लिए सर्जरी की गई। उनके बाएं हाथ और गर्दन के दाहिने हिस्से में दो और गहरे घाव थे, जिन्हें प्लास्टिक सर्जरी टीम ने ठीक किया। खान की हालत अब पूरी तरह से स्थिर है। वह ठीक हो रहे हैं और वह पूरी तरह से खतरे से बाहर हैं।



राष्ट्रपति भवन में गुरुवार को सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम का स्वागत करते राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

## हमास की वजह से युद्धविराम समझौते पर हो रही देरी : नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजराइल और हमास के बीच गाजा पट्टी में जारी युद्ध को रोकने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को धक्का लगा है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने दावा किया है कि हमास युद्धविराम समझौता के कुछ बिंदुओं से पीछे हट रहा है। इसलिए युद्धविराम समझौते को कैबिनेट की मंजूरी मिलने में देरी हो रही है। इस बीच इजराइल में लोगों ने युद्धविराम का विरोध शुरू कर दिया है। यरुशलम में गुरुवार को विरोध स्वरूप प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के बाहर सड़क पर इजराइल के झंडे से लिपटे ताबूत स्थापित किए गए। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि समझौते के कार्यान्वयन पर आगे चर्चा के लिए मध्यस्थ गुरुवार को काहिरा में एक बैठक करेंगे। इसमें मध्यस्थ देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

# पेन और पेपर मोड में होगी नीट-यूजी परीक्षा

## एक ही दिन और एक ही शिफ्ट में होगा एक्जाम

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने गुरुवार को बताया कि नीट-यूजी 2025 की प्रवेश परीक्षा पेन और पेपर मोड (ओएमआर आधारित) में एक ही दिन और एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाएगी।

नोटिस में कहा गया है कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के आदेशानुसार, नीट (यूजी) परीक्षा का उद्देश्य सभी मेडिकल संस्थानों में अंडर ग्रेजुएट मेडिकल शिक्षा के लिए एक समान प्रवेश परीक्षा आयोजित करना है। साल 2019 से एनटीए इस परीक्षा का आयोजन कर रहा है।

यह परीक्षा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 और भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग अधिनियम, 2020 के तहत एक समान और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जा रही है, ताकि भारत के सभी चिकित्सा संस्थानों में अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज के लिए प्रवेश प्राप्त किया जा सके। इसके अलावा, मिलिट्री नर्सिंग सर्विस के उम्मीदवारों को भी बीएससी नर्सिंग के लिए नीट (यूजी) परीक्षा में सफल होना अनिवार्य होगा। इस परीक्षा के आधार पर उम्मीदवारों को सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा अस्पतालों में चार साल के बीएससी नर्सिंग कोर्स के लिए चयनित किया जाएगा। एनटीए के नोटिस में यह भी स्पष्ट किया गया है कि नीट (यूजी) 2025 की प्रवेश परीक्षा ही दिन और एक ही शिफ्ट में पेन और पेपर मोड में आयोजित की जाएगी, जैसा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा तय किया गया है। उम्मीदवारों को नीट (यूजी) 2025 से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करने की सलाह दी गई है।

## कुलीनतंत्र से सावधान रहें अमेरिकी : बाइडेन



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार को अपने विदाई भाषण में देशवासियों को कुलीनतंत्र के विस्तार से सावधान रहने का आह्वान किया। उन्होंने अलविदा करते हुए इस मौके पर अपने पांच दशक के राजनीतिक जीवन की उपलब्धियों को भी गिनाया। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, राष्ट्रपति बाइडेन ने ओवल कार्यालय से देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका में अति धनवानों का एक कुलीनतंत्र उभर रहा है। यह कब अनियंत्रित हो जाएं कुछ पता नहीं। यह सत्ता के भूखे लोग हैं। वह इसके लिए खतरनाक स्थिति तक जा सकते हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप से लोकतांत्रिक आदर्शों और संस्थानों के संरक्षण की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि आज अमेरिका को सबसे अधिक खतरा धन, शक्ति और प्रभाव के त्रिकोणीय कुलीनतंत्र से है।

# नौसेना के लिए सतह से हवा में मार करने वाली खरीदी जायेंगी मिसाइलें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना के लिए मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद का करार गुरुवार को फाइनल हो गया। रक्षा मंत्रालय ने एमआरएसएएम की आपूर्ति के लिए भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ लगभग 2,960 करोड़ रुपये का करार किया।

नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में रक्षा मंत्रालय और बीडीएल अधिकारियों ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। एमआरएसएएम प्रणाली भारतीय नौसेना के कई जहाजों पर लगाई जाती है और इसे भविष्य में अधिकांश प्लेटफार्मों पर फिट करने की योजना है। यह अनुबंध भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी को स्वदेशी बनाने के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण

**रक्षा मंत्रालय ने बीडीएल के साथ 2,960 करोड़ रुपये का किया अनुबंध**



मील का पत्थर है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार आत्मनिर्भर भारत पर जोर देते हुए इन मिसाइलों में ज्यादातर स्वदेशी सामग्री होगी। इस अनुबंध से विभिन्न एमएसएमई सहित रक्षा उद्योग में लगभग 3.5 लाख मानव दिवसों का रोजगार सृजित होगा। मुंबई के नेवल डाक यार्ड में 15 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों नौसेना के बेड़े में शामिल किए गए आईएनएस 'सूरत' को मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस किया जाना है। यह प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का चौथा और अंतिम जहाज है। इससे पहले पिछले तीन वर्षों में इसी प्रोजेक्ट के तीन जहाजों विशाखापत्तनम, मोरमुगाओ और इम्फाल को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जा चुका है। सूरत की डिलीवरी भारतीय नौसेना की स्वदेशी विध्वंसक निर्माण परियोजना का समापन है।

एमआरएसएएम प्रणाली को डीआरडीओ और इजरायली एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड में निर्मित एमआरएसएएम से नौसेना की आत्मनिर्भर भारत के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई है। हवाई रक्षा के लिए एमआरएसएएम हर मौसम में 360 डिग्री पर काम करने वाली हवाई रक्षा प्रणाली है, जो किसी भी संघर्ष क्षेत्र में विविध तरह के खतरों के खिलाफ संवेदनशील क्षेत्रों की हवाई सुरक्षा करेगी।

